kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❐ वर्ष-15 ❐ अंक-81 ❐ मंगलवार, 21 अप्रैल 2026 ❐ नगर संस्करण ❐ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❐ मूल्य- ₹ 3.00 ❐ पृष्ठ-12



पश्चिम बंगाल देश का एकमात्र राज्य है जहां न्यायिक अधिकारियों को बंधक बनाए जाने जैसी घटना हुई। क्या किसी अन्य राज्य में ऐसा देखा गया है? क्या किसी अन्य राज्य में राष्ट्रपति का अपमान देखा गया है? ये संस्थाएं राजनीति से ऊपर हैं। जब न्यायिक अधिकारी पश्चिम बंगाल में सुरक्षित नहीं हैं, तो निवेशक खुद को सुरक्षित कैसे मानेंगे? स्मृति ईरानी

अच्छी सड़क और बेहतर रेल बनेगी विकसित भारत का आधार : राष्ट्रपति 11

हरिद्वार में ग्राम स्तर पर 'मिनी सचिवालय' व्यवस्था शुरू 12

## संक्षेप

### बिना फार्मर रजिस्ट्री के भी गेहूं बेच सकेंगे किसान

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के किसानों को बड़ी राहत देते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गेहूं खरीद को लेकर अहम फैसला लिया है। अब किसान बिना फार्मर रजिस्ट्री के भी अपना गेहूं सरकारी क्रय केंद्रों पर बेच सकेंगे। सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सरकार ने यह निर्णय किसानों को हो रही असुविधा को ध्यान में रखते हुए लिया है। हाल के दिनों में फार्मर रजिस्ट्री की अनिवार्यता के कारण कई किसानों को गेहूं बेचने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। इसे देखते हुए मुख्यमंत्री ने तत्काल प्रभाव से व्यवस्था में ढील देने के निर्देश दिए। नई व्यवस्था के तहत किसान पूर्व के वर्षों की तरह सीधे क्रय केंद्रों पर जाकर अपना गेहूं बेच सकेंगे। इससे विशेष रूप से छोटे और सीमांत किसानों को राहत मिलने की उम्मीद है। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि इस फैसले को तुरंत लागू किया जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी किसान को गेहूं बिक्री में परेशानी न हो। सरकार के इस कदम को किसानों के हित में एक महत्वपूर्ण निर्णय माना जा रहा है, जिससे गेहूं खरीद प्रक्रिया में तेजी आने के साथ ही किसानों को समय पर भुगतान मिलने का रास्ता भी आसान होगा।

### राहुल गांधी केस की सुनवाई कर रहे जज हटे

**लखनऊ।** राहुल गांधी की कथित दोहरी नागरिकता मामले से न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी ने स्वयं को सुनवायी से अलग कर लिया है। इतना ही नहीं इस मामले की सुनवाई के लिए फ़ाइल को मुख्य न्यायमूर्ति के समक्ष भेजने का निर्देश दिया है। दरअसल, न्यायालय ने याची एस. विग्नेश शिशिर द्वारा सोशल मीडिया पर की गई टिप्पणियों का संज्ञान लेते हुए, स्वयं को सुनवायी से अलग कर लिया है। इसके बाद इस याचिका पर नये सिरे से सुनवाई होगी।

### जापान में 7.5 तीव्रता का भूकंप, देखी गयी सुनामी

**टोक्यो।** जापान के होंशु द्वीप के पूर्वी तट पर भूकंप आने के बाद सुनामी की लहरें देखी गयी हैं। चीन भूकंप नेटवर्क केंद्र (सीईएनसी) के अनुसार, रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 7.5 मापी गयी। सीईएनसी द्वारा जारी एक रिपोर्ट के अनुसार, भूकंप 10 किलोमीटर की गहराई पर आया और इसका केंद्र 39.85 डिग्री उत्तरी अक्षांश तथा 143.10 डिग्री पूर्वी देशांतर पर दर्ज किया गया। भूकंप के बाद प्रशांत महासागर में इवाते और आओमोरी प्रांतों के तटों के पास सुनामी की लहरें देखी गई हैं। इवाते प्रांत के कुजी बंदरगाह पर 80 सेंटीमीटर ऊंची लहर दर्ज की गयी। आधिकारिक जानकारी के अनुसार, आओमोरी और मियागी के प्रभावित प्रान्तों में स्थित परमाणु संयंत्रों में अब तक किसी भी प्रकार की असामान्यता की सूचना नहीं मिली है। फुकुशिमा दाइची तथा दाइनी परमाणु संयंत्रों में भी कोई असामान्यता देखने को नहीं मिली है।

# आयुष्मान भारत योजना में उत्तर प्रदेश अव्वल

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



❐ नेशनल हेल्थ ऑथॉरिटी ने किया सम्मानित, प्रदेश में 6,433 अस्पताल योजना के तहत सूचीबद्ध

❐ ग्रामीण क्षेत्रों में गरीब परिवारों को मिल रही राहत

लखनऊ। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना और डिजिटल मिशन के प्रभावी क्रियान्वयन के चलते यूपी को राष्ट्रीय स्तर पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले राज्य का दर्ज़ा मिला है। नेशनल हेल्थ अथॉरिटी द्वारा पुणे में आयोजित समीक्षा बैठक में यह सम्मान दिया गया। यह उपलब्धि प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार और गुणवत्ता सुधार का संकेत मानी जा रही है। आयुष्मान योजना के तहत प्रदेश में कुल 6433 अस्पताल सूचीबद्ध किए गए हैं, जिनमें 3521 निजी और 2912 सरकारी अस्पताल शामिल हैं। बीते एक साल में प्रदेश सरकार ने उच्च गुणवत्ता वाले अस्पतालों को प्राथमिकता देते हुए योजना में सूचीबद्ध करने पर जोर दिया है।

हाल ही में 100 या उससे अधिक बेड वाले 55 बड़े अस्पतालों को योजना में जोड़ा गया है, जिससे गंभीर और जटिल बीमारियों के इलाज की क्षमता में उल्लेखनीय ● शेष पेज 11 पर

# संस्कृत राष्ट्र की आत्मा, लोग सीखें : भागवत

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक मोहन भागवत ने संस्कृत को राष्ट्र की आत्मा बताते हुए लोगों से इसे सीखने अपील की है।

श्री भागवत ने दिल्ली में दीनदयाल उपाध्याय मार्ग पर स्थित संस्कृत भारती के केंद्रीय कार्यालय के उद्घाटन के मौके पर सोमवार को कहा कि संस्कृत भारती एक ऐसी संस्था है जो संस्कृत को एक जीवंत और व्यापक रूप से प्रयुक्त भाषा के रूप में बढ़ावा देने के लिए समर्पित है। संस्कृत भाषा के पुनरुत्थान और वैश्विक प्रसार में अग्रणी संस्था संस्कृत भारती का नवनिर्मित केंद्रीय कार्यालय भवन 'प्रणव' नौ मंजिला है और यहअत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित है। श्री भागवत ने कहा कि अक्षय तृतीया के दिन जो कार्य प्रारंभ होते हैं, वह अक्षुण्ण रहते हैं। यही बात संस्कृत के बारे



में कहा गया है। कभी न क्षय होने वाला आभूषण संस्कृत है। उसका कार्यालय अपने आप में यह संदेश दे रहा है। कार्यालय के उद्घाटन में उसके आनंद उत्साह में कार्य का भाव भी स्थिर होना चाहिए। रुचि के साथ प्रयोजन भी हो तो कार्य अच्छा और निरंतर होता है। साधन नहीं अवस्था में कार्य आरम्भ होता है। उन्होंने कहा, ''संस्कृत एक भाषा है। फिर भी यह मात्र एक भाषा नहीं है। भारत में संस्कृत राष्ट्र की आत्मा है क्योंकि यह विचार, जीवन और संस्कृति की सबसे प्राचीन परंपरा है। एक ऐसी परंपरा जो आज भी जीवंत है ● शेष पेज 11 पर

### हम अब विश्वगुरु नहीं हैं : मुरली मनोहर जोशी

**नयी दिल्ली।** भाजपा के वरिष्ठ नेता मुरली मनोहर जोशी ने संस्कृत के व्यापक प्रचार-प्रसार और 'क्वांटम कंप्यूटिंग' में भी इसके उपयोग की वकालत करते हुए सोमवार को कहा कि भारत अब विश्वगुरु नहीं है और इस शब्द का प्रयोग नहीं किया जाना चाहिए। जोशी ने यहां एक कार्यक्रम के दौरान संवाददाताओं से बात करते हुए संस्कृत को भारत की राजभाषा बनाने की भी जोरदार वकालत की और कहा कि भीम राव आंबेडकर सहित कई लोगों ने अतीत में इसके लिए प्रयास किए थे, लेकिन प्रस्तावों को मंजूरी नहीं मिली। वह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से संबद्ध संस्कृत भारती के केंद्रीय कार्यालय के उद्घाटन के अवसर पर संवाददाताओं से बात कर रहे थे। भारत के विश्वगुरु के रूप में उभरने और कृत्रिम बुद्धिमत्ता केंद्र के रूप में भी अपनी पहचान बनाने के दौरान संस्कृत के संवर्धन में देश की भूमिका के बारे में पूछे जाने पर, पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा, ''यह धारणा कि हम विश्वगुरु हैं मेरा व्यक्तिगत रूप से मानना है कि वर्तमान में हमें इस शब्द का प्रयोग करने से परहेज करना चाहिए। हम वर्तमान में विश्वगुरु नहीं हैं। हमें विश्वगुरु बनने की आकांक्षा रखनी चाहिए। भाजपा के वरिष्ठ नेता ने कहा, ''सचमुच, एक समय हम विश्वगुरु थे। लेकिन आज वास्तविकता यह है कि हम वर्तमान में (विश्वगुरु) नहीं हैं। जोशी ने कहा कि इस दृष्टिकोण से, संस्कृत आज बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने संस्कृत भाषा को और अधिक बढ़ावा देने और 'क्वांटम कंप्यूटिंग' सहित आधुनिक वैज्ञानिक कार्यों में इसके उपयोग की वकालत करते हुए यह बात कही।

# खतरनाक मोड में अमेरिका-ईरान

## व्हाइट हाउस के पोस्ट से बढ़ी चिंता, लिखा- कोई बहाना नहीं

**एजेंसी**

वॉशिंगटन। ईरान को लेकर बढ़ते तनाव और बैकचैनल बातचीत की अटकलों के बीच व्हाइट हाउस की एक पोस्ट ने सियासी हलकों में हलचल तेज कर दी है। अमेरिका की ओर से जारी इस संदेश को महज एक मोटिवेशनल लाइन मानकर नजरअंदाज करना आसान नहीं है, क्योंकि समय और संदर्भ इसे कहीं ज्यादा तेज संकेत बना रहे हैं। पूरी बात को ऐसे समझिए कि सोमवार को व्हाइट हाउस ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की एक तस्वीर शेयर करते हुए लिख कि लॉक्ड-इन मोडः एक्टिवेटेड, इट्स मंडे, नो एक्सक्यूज, जस्ट विन।

ऐसे तनावपूर्ण समये में व्हाइट हाइस के इस पोस्ट ने एक साथ कई सवाल खड़े दिए हैं। सवाल यह खड़े हो रहे हैं कि बातचीत की डगर पर ईरान अपना रुख साफ नहीं कर रहा, तो क्या अमेरिका कुछ बड़ा करने जा रहा है? सवाल ये भी पूछे जा रहे हैं कि सोमवार का दिन तेहरान में कुछ बड़ा करने जा रहे हैं ट्रंप? इतना ही नहीं ये सवाल तो खूब पूछे जा रहे हैं कि बातचीत की मेज पर ईरान को लाने के लिए अब अमेरिका का यह आखिरी अल्टीमेटम है? आइए पहले व्हाइट हाउस के इस पोस्ट को समझते हैं। व्हाइट हाउस के इस खतरनाक संकेत वाले पोस्ट को ऐसे समझिए कि ईरान के साथ जारी तनाव और बातचीत की अटकलों के बीच लॉक्ड-इन मोडः एक्टिवेटेड, इट्स मंडे, नो एक्सक्यूज, जस्ट विन जैसी लाइन को साधारण संदेश के तौर पर नहीं माना जा सकता है, बल्कि इसे एक सख्त और आक्रामक संकेत के रूप में देखा जा रहा है। समय की गंभीरता के लिहाज से समझें तो इस तरह की भाषा आमतौर पर तब इस्तेमाल होती है जब कोई देश अपनी रणनीति को अंतिम रूप दे चुका हो और अब पीछे हटने के बजाय निर्णायक कदम उठाने के मूड में हो।



अब यहां पर लॉक्ड-इन मोाड का मतलब है ये समझा जा सकता है कि पूरी तरह फोकस और तैयार रहना, जबकि 'इट्स मंडे, नो एक्सक्यूज, जस्ट विन' के अर्थ को ऐसे समझा जा सकता है कि अमेरिका सोमवार के दिन मतलब वहां के समय अनुसार आज के दिन लक्ष्य हासिल करने के लिए किसी भी तरह की ढिलाई नहीं करने वाला। दूसरी ओर ईरान के संदर्भ में इसे ऐसे समझा जा रहा है कि अमेरिका अब कड़ा रुख अपनाने की स्थिति में है और दबाव बढ़ाने या किसी बड़े फैसले की ओर बढ़ सकता है। हालांकि अभी तक कोई आधिकारिक सैन्य कार्रवाई घोषित नहीं हुई है, लेकिन इस तरह के शब्द संकेत देते हैं कि माहौल बेहद गंभीर है और आगे की रणनीति आक्रामक हो सकती है।

### अमेरिका से नई वार्ता की कोई योजना नहीं : ईरान

**तेहरान।** ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघेई ने कहा है कि अमेरिका के साथ नयी वार्ता का फिलहाल कोई कार्यक्रम नहीं है और अमेरिकी प्रशासन अपने पिछले अनुभवों से कोई सबक नहीं ले रहा।

श्री बघेई ने सोमवार को एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि अमेरिका ने युद्धविराम लागू होते ही उसका उल्लंघन किया और इसकी जानकारी पाकिस्तान के मध्यस्थ को दी गयी थी। उन्होंने कहा कि ईरान पर नौसैनिक नाकेबंदी लगाना भी युद्धविराम समझौते का उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि पिछली वार्ताओं के दौरान हुए अमेरिकी हमलों को भुलाया नहीं जा सकता और ईरान अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा करता रहेगा। श्री बघेई ने कहा, यदि अमेरिका और इजरायल कोई नया आक्रामक कदम उठाते हैं, तो हमारी सशस्त्र सेनाएं उसका जवाब देंगी। प्रवक्ता के अनुसार, ईरान ने 10-सूत्री प्रस्ताव पेश किया था, जिस पर इस्लामाबाद में चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि अमेरिका-इजरायल हमलों से पहले होर्मुज़ ● शेष पेज 11 पर

### युद्धविराम समाप्ति से पहले अमेरिका-ईरान वार्ता कराने को पाकिस्तान की कूटनीतिक कोशिशें तेज

**इस्लामाबाद।** युद्धविराम की समयसीमा नजदीक आने के बीच पाकिस्तान ने अमेरिका और ईरान को वार्ता की मेज पर लाने के लिए अपनी परदे के पीछे चल रही कूटनीतिक गतिविधियों को तेज कर दिया है। पाकिस्तानी अधिकारियों के अनुसार, पिछले 24 घंटों में संपर्क स्थापित करने के प्रयास काफी बढ़ गये हैं और 22 अप्रैल को संभावित नये दौर की वार्ता इस्लामाबाद में कराने पर जोर दिया जा रहा है। इससे पहले की वार्ता विफल रही थी। इसी सिलसिले में पाकिस्तान के गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने अमेरिकी दूतावास में अमेरिका की चार्ज डी'अफ़ेयर्स नैटली बेकर से मुलाकात की। दोनों पक्षों ने वार्ता की तैयारियों और व्यापक अमेरिका-पाकिस्तान समन्वय पर चर्चा की। श्री नकवी ने प्रतिनिधिमंडलों की सुरक्षा के लिए किये गये विशेष इंतजामों की जानकारी देते हुए कहा कि मेहमानों की सुरक्षा के लिए व्यापक व्यवस्था की गयी है। वहीं बेकर ने तनाव कम करने और संवाद जारी ● शेष पेज 11 पर

### होर्मुज जलडमरूमध्य संकट के बीच कच्चे तेल की कीमतों में उछाल

न्यूयॉर्क। ईरान और अमेरिका के बीच जारी गतिरोध के कारण टैंकरों को होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने से रोके जाने के बाद रविवार को शुरुआती कारोबार में कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी दर्ज की गई।

यह फारस की खाड़ी का वह महत्वपूर्ण जलमार्ग है, जो वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति के लिए अत्यंत अहम माना जाता है। 'शिकागो मर्केंटाइल एक्सचेंज' में कारोबार शुरू होने के बाद अमेरिकी कच्चे तेल की कीमत 6.4 प्रतिशत बढ़कर 87.88 डॉलर प्रति बैरल हो गई। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड की कीमत 6.5 प्रतिशत बढ़कर 96.25 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई। बाजार की यह प्रतिक्रिया पिछले दो दिनों से इस जलमार्ग को लेकर बनती-बिगड़ती उम्मीदों के बीच आई। ईरान ने शुक्रवार को घोषणा की थी कि वह अपने तट के पास से वाणिज्यिक जहाजों के लिए मार्ग पूरी तरह खोल देगा, जिसके बाद कच्चे तेल की कीमतों में नौ प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई थी। ईरान इस मार्ग पर प्रभावी नियंत्रण रखता है। हालांकि, शनिवार को तेहरान ने अपना फैसला वापस ले लिया, जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि ईरानी बंदरगाहों पर ● शेष पेज 11 पर

## प्रदेश में बड़ा प्रशासनिक फ़ेरबदल


# 24 आईएएस के तबादले

❐ कई जिलों में नए डीएम तैनात

**कैनविज टाइम्स ब्यूरो**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार ने सोमवार को बड़ा प्रशासनिक फ़ेरबदल करते हुए 24 वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों के तबादले कर दिए। इस फ़ेरबदल में कई जिलों के जिलाधिकारियों (डीएम) को बदला गया है, वहीं शासन स्तर पर भी अहम जिम्मेदारियों में परिवर्तन किया गया है। इसे प्रशासनिक कसावट और कार्यप्रणाली को और प्रभावी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

जारी सूची के अनुसार, कई महत्वपूर्ण जिलों में नए जिलाधिकारियों की नियुक्ति की गई है। अविनाश कुमार को अलीगढ़, अरविंद सिंह को एटा, अमित आसेरी को बांदा और डॉ. अंकुर लाठर को फर्रुखाबाद का जिलाधिकारी बनाया गया है। इसी क्रम में कविता मीना को हापुड़, ईशा प्रिया को अंबेडकर नगर, चंचल गौड़ को सोनभद्र, अनुपम शुक्ला को गाजीपुर,




शाश्वत त्रिपाठी को अयोध्या तथा ईशान प्रताप सिंह को बाराबंकी का डीएम नियुक्त किया गया है। राज्य सरकार ने शासन स्तर पर भी कई महत्वपूर्ण विभागों में फ़ेरबदल किया है। निखिल टीकाराम फुंडे को मुख्यमंत्री कार्यालय में विशेष सचिव बनाया गया है। प्रेम रंजन सिंह को सर्व शिक्षा अभियान में अपर राज्य परियोजना निदेशक और मध्यान्ह भोजन अधिकरण का निदेशक नियुक्त किया गया है। इसके अलावा अभिषेक पाण्डेय को राजस्व परिषद में अपर भूमि व्यवस्था आयुक्त, संजीव रंजन को कृषि विभाग में विशेष सचिव तथा जे. रीभा को भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग में विशेष सचिव बनाया गया है। आशुतोष कुमार द्विवेदी को लोक निर्माण विभाग और बद्री नाथ सिंह को उच्च शिक्षा विभाग ● शेष पेज 11 पर

### गंगा एक्सप्रेसवे पर 120 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से दौड़ सकेंगे वाहन

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स ब्यूरो।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 29 अप्रैल को हरदोई में बहुप्रतीक्षित गंगा एक्सप्रेसवे का लोकार्पण करेंगे। इससे पूर्व लोकार्पण समारोह की तैयारियां जोरों पर हैं। गंगा एक्सप्रेसवे को 120 किलोमीटर प्रति घंटा की स्पीड के अनुसार डिजाइन किया गया है। लिहाजा मेरठ से प्रयागराज की लंबी दूरी अब पहले के मुकाबले कम समय में तय की जा सकेगी। अनुमान है कि जहां पहले यह सफर 10 से 12 घंटे में पूरा होता था, वह अब छह से सात घंटे में पूरा हो सकेगा। इससे आम यात्रियों के साथ-साथ माल ढुलाई करने वाले वाहनों को भी बड़ा लाभ मिलेगा। उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथारिटी (यूपीडा) के एसीईओ हरि प्रताप शाही के अनुसार यह एक्सप्रेसवे छह लेन में तैयार किया गया है, जिसे भविष्य में आठ लेन तक विस्तारित किया जा सकता है। इसकी कुल लंबाई लगभग 594 किलोमीटर है और राइट आफ-वे 120 मीटर चौड़ा रखा गया है। जिससे यातायात सुगम और सुरक्षित रहेगा। परियोजना को चार समूहों में बांटकर विकसित किया गया है, जिससे निर्माण कार्य समयबद्ध तरीके से पूरा किया जा सका। इसमें आधुनिक इंजीनियरिंग तकनीकों और उच्च गुणवत्ता मानकों का विशेष ध्यान रखा गया है। एसीईओ ने बताया कि एक्सप्रेसवे पर दो मुख्य टोल प्लाजा (मेरठ और प्रयागराज) के साथ 19 रैम्प टोल प्लाजा बनाए गए हैं। इससे वाहन चालकों को विभिन्न कट पर एंट्री और एग्जिट में आसानी होगी। यात्रियों के लिए नौ जन-सुविधा परिसरों का निर्माण किया गया है, जहां ● शेष पेज 11 पर

# अवैध धर्मांतरण के आरोपी छांगुर सहित आठ के खिलाफ आरोप तय

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ। बड़े पैमाने पर हिंदुओं एवं गैर मुस्लिम धर्म के लोगों को भय व प्रलोभन देकर धर्मांतरण करने एवं दुराचार के आरोपी जलालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा सहित आठ आरोपियों के विरुद्ध एनआईए कोर्ट ने आरोप तय कर दिए हैं। एनआईए की विशेष जज नीतू पाठक ने आरोप तय करते हुए गवाही के लिए आगामी दो मई की तिथि नियत की है। विशेष अदालत ने जलालुद्दीन उर्फ छांगुर, नीतू रोहरा उर्फनसरीन, सबरोज, शहाबुद्दीन, रशीद एवं राजेश कुमार उपाध्याय के विरुद्ध 16 नवंबर 2015 के बाद विभिन्न स्थानों पर गिरोह बनाकर हिंदुओं एवं गैर मुस्लिम धर्म के लोगों को भय व प्रलोभन देकर अवैध धर्मांतरण करने का आरोप लगाया है।

इसके अलावा गिरोह का मुख्य उद्देश्य धर्मांतरण की गतिविधियों को बढ़ाकर जनसंख्या को बढ़ते हुए देश की एकता-अखंडता व संप्रभुता को छिन्न भिन्न करने एवं देश की लोकतांत्रिक सरकार को



हटाकर शरिया आधारित कानून लागू करना था। आरोपियों का उद्देश्य इस्लामिक राष्ट्र बनाकर भारत की चुनी हुई सरकार को हटाकर इस्लामी राष्ट्र की स्थापना करना था। आरोप है कि यह कृत्य भारत के विरुद्ध युद्ध छेड़ने का षडयंत्र माना गया है। इसके अलावा अदालत ने दो समुदायों के बीच घृणा व वैमनस्यता की भावनाएं धर्म व जाति व समुदाय के आधार पर करने का भी आरोप लगाया है। अदालत ने धोखाधड़ी, सामूहिक दुराचार, छेड़खानी, षड्यंत्र, उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म समपरिवर्तन के अलावा अनुसूचित जाति जनजाति निवारण अधिनियम के भी ● शेष पेज 11 पर

## बंगाल में योगी का टीएमसी पर तीखा प्रहार, बोले-

# तुष्टिकरण ने राज्य को किया बेहाल

**एजेंसी**

पश्चिम मेदिनीपुर। पश्चिम बंगाल में चुनावी सरगर्मी के बीच उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पिंगला विधानसभा क्षेत्र में जनसभा को संबोधित करते हुए तृणमूल कांग्रेस पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में नौजवान परेशान, किसान हताश और उद्योग-धंधे चौपट हैं, जबकि तृणमूल कांग्रेस सरकार तुष्टिकरण की राजनीति में व्यस्त है।

भाजपा प्रत्याशी स्वागता मन्ना और सुवेंदु सामंत के समर्थन में आयोजित सभा में मुख्यमंत्री ने कहा कि बंगाल में सैंड, कोल, लैंड और कैटल माफिया सक्रिय हैं, जो राज्य के संसाधनों को नुकसान पहुंचा रहे हैं।

उन्होंने राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्हें जय श्रीराम के नारे से चिढ़ है और धार्मिक आयोजनों में बाधाएं उत्पन्न की जाती हैं। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में उत्तर प्रदेश



का उदाहरण देते हुए कहा कि वर्ष 2017 से पहले वहां भी कानून-व्यवस्था की स्थिति खराब थी, लेकिन अब नो कर्फ्यू-नो दंगा का माहौल है और माफिया व अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है।

उन्होंने कहा कि राज्य में कानून का राज स्थापित हुआ है। योगी ने अनुसूचित जाति एवं जनजाति के मुद्दों को उठाते हुए विपक्षी दलों-कांग्रेस, टीएमसी और अन्य-पर आरोप लगाया कि उन्होंने इन वर्गों के उत्थान के लिए कोई ठोस कार्य नहीं किया। उन्होंने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु का उल्लेख करते हुए कहा कि पहली बार जनजातीय समाज को देश के सर्वोच्च पद पर प्रतिनिधित्व मिला है। बंगाल की ऐतिहासिक विरासत का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने रवींद्रनाथ ठाकुर, स्वामी विवेकानंद, सुभाष चंद्र बोस और श्यामा प्रसाद मुखर्जी सहित कई महान विभूतियों को याद किया। उन्होंने कहा कि यह भूमि देश को दिशा देने वाली रही है, लेकिन वर्तमान में अराजकता और अव्यवस्था का सामना कर रही है। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि कांग्रेस, वामपंथी दलों और टीएमसी के शासन में राज्य की आर्थिक स्थिति कमजोर हुई है, उद्योग बंद हुए हैं और बेरोजगारी बढ़ी है। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में एमएसएमई इकाइयां बंद होने से युवाओं के सामने रोजगार का संकट गहराया है।

### आजम और अब्दुल्ला की सजा रहेगी बरकरार

रामपुर। पूर्व कैबिनेट मंत्री आजम खान और उनके बेटे पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम की अपीलों पर रामपुर कोर्ट ने अपना फैसला सुनाया। एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट ने आजम खान और अब्दुल्ला आजम दोनों की सजा के विरुद्ध दायर की गईं अपीलें खारिज कर दीं। दोनों की सात सात साल की सजा बरकरार रखी है।

एडीजीसी सीमा राणा ने बताया कि दो पैन कार्ड मामले में सजा में बंद आजम खान और उनके बेटे अब्दुल्ला आजम की सजा को बरकरार रखा गया है। एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट ने आज सजा के विरुद्ध उनकी अपीलों को खारिज कर दिया गया। इस मामले में पहले मजिस्ट्रेट कोर्ट ने दोनों को सात-सात साल की सजा और 50-50 हजार रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई थी। इस फैसले के खिलाफ बचाव पक्ष ने सजा के विरुद्ध अपील की थी, जबकि अभियोजन पक्ष ने सजा बढ़ाने की मांग करते हुए याचिका दायर की थी। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद सेशन कोर्ट ने अपना फैसला सुनाते हुए सजा में कोई राहत नहीं दी। कोर्ट के इस निर्णय के बाद आजम खान और अब्दुल्ला आजम की सजा बरकरार ● शेष पेज 11 पर

# विशेष पुनरीक्षण-2026 में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 48 कार्मिक सम्मानित

❒ इस अवसर पर 12 एईआरओ, 12 सुपरवाइजर और 24 बीएलओ को प्रशस्ति पत्र देकर उनकी सराहना की गई

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज । जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने सोमवार को संगम सभागार में आयोजित कार्यक्रम में विधानसभा निर्वाचन नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को सम्मानित किया।

इस अवसर पर 12 एईआरओ, 12 सुपरवाइजर और 24 बीएलओ को प्रशस्ति पत्र देकर उनकी सराहना की गई।जिलाधिकारी ने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता और शुद्धता बनाए रखने में इन कार्मिकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी सम्मानित कर्मचारियों के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनकी मेहनत और प्रतिबद्धता से मतदाता सूची को अधिक सटीक और अद्यतन बनाया जा सका है।सम्मानित एईआरओ में खंड शिक्षा अधिकारी, पूर्ति निरीक्षक, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत, खाद्य सुरक्षा अधिकारी तथा नायब तहसीलदार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी शामिल रहे। वहीं सुपरवाइजर श्रेणी में सहायक अध्यापक, लेखपाल, ग्राम पंचायत अधिकारी और अवर अभियंता जैसे पदों पर कार्यरत कर्मियों को सम्मानित किया गया।इसके अलावा 24 बीएलओ को भी उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया, जिन्होंने जमीनी स्तर पर मतदाता सूची के पुनरीक्षण में महत्वपूर्ण योगदान दिया।कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी प्रशासन एवं उप निर्वाचन अधिकारी पूजा मिश्रा, जिला विकास अधिकारी जी.पी. कुशवाहा, परियोजना निदेशक भूपेंद्र सिंह, डीसी मनरेगा तथा सहायक निर्वाचन अधिकारी फूलचंद्र सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

## स्कॉर्पियो की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार महिला सहित दो की मौत

फिरोजाबाद । उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद जिले में थाना सिरसागंज क्षेत्र अन्तर्गत कोरारा-बटेश्वर रोड पर रविवार देर रात सड़क हादसे में मोटरसाइकिल सवार एक महिला सहित दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने सोमवार को मृतकों की पहचान के बाद शवों को पोस्टमार्टम कराया और परिजनों के सुपुर्द किए।सिरसागंज थाना प्रभारी वैभव कुमार सिंह ने बताया कि क्षेत्र अन्तर्गत कोरारा-बटेश्वर रोड पर आमौर नहर के पास बीती देर रात एक सफ़ेद रंग की स्कॉर्पियो ने एक मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि मोटरसाइकिल पर सवार एक महिला समेत पुरुष गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल एम्बुलेंस से सीएचसी सिरसागंज भेजा, जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजते हुए पहचान का प्रयास किया गया और घटना के बाद मौके पर स्कॉर्पियो छोड़ कर भागे चालक के वाहन को कब्जे में ले लिया।थाना प्रभारी ने बताया कि सोमवार को मृतकों की पहचान शिकोहाबाद निवासी विनय कुमार शर्मा (45) और नीलम सिंह (45) के रूप में हुई है।

# अभाविप ने समस्याओं को लेकर लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति को सौंपा ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) की लखनऊ विश्वविद्यालय इकाई की ओर से सोमवार को विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों से संबंधित विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए कुलपति को ज्ञापन सौंपा।इस दौरान अभाविप कार्यकर्ताओं ने स्नातक पाठ्यक्रमों में बढ़ाई गई शुल्क वृद्धि सहित अन्य बुनियादी समस्याओं को प्रमुखता से उठाते हुए उनके शीघ्र समाधान की मांग की। जिसमें मुख्य रूप से स्नातक (यूजी) प्रवेश परीक्षा शुल्क एवं विभिन्न पाठ्यक्रमों के सेमेस्टर शुल्क में की गई वृद्धि को वापस लेने। विश्वविद्यालय परिसर में उपलब्ध पानी की गुणवत्ता की जांच कराकर स्वच्छ एवं शीतल पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने। साइबर लाइब्रेरी में लंबे समय से खराब पड़े एसी को शीघ्र ठीक कराने तथा साइबर लाइब्रेरी में इंटरनेट (वाईफाई) व्यवस्था को सुचारु रूप से संचालित करने की मांग की गई। साथ ही साथ विश्वविद्यालय को इन सभी बिंदुओं के समाधान के लिए चार कार्य दिवसों का समय दिया।इस अवसर पर अभाविप के प्रांत मंत्री अर्पण कुशवाहा ने कहा कि 'विश्वविद्यालय प्रशासन को विद्यार्थियों की समस्याओं के प्रति संवेदनशील होना चाहिये। बढ़ी हुई फीस एवं बुनियादी सुविधाओं की कमी से विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। यदि विश्वविद्यालय प्रशासन शीघ्र सकारात्मक कदम नहीं उठाता है तो विद्यार्थी परिषद छात्र हित में व्यापक आंदोलन करने के लिये बाध्य होगी।'अभाविप लखनऊ महानगर की महानगर मंत्री सरिता पाण्डेय ने कहा कि 'छात्रों के लिए स्वच्छ पानी, अध्ययन के लिए उचित वातावरण और इंटरनेट जैसी मूलभूत सुविधायें अत्यंत आवश्यक हैं। साइबर लाइब्रेरी में एसी खराब होने और इंटरनेट व्यवस्था बाधित रहने से विद्यार्थियों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, जिसे तुरंत ठीक किया जाना चाहिये।'वहीं अभाविप लखनऊ विश्वविद्यालय इकाई के अध्यक्ष जय श्रीवास्तव ने कहा कि 'अभाविप सदैव छात्र हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध रही है। विश्वविद्यालय में फीस वृद्धि के कारण आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों पर अतिरिक्त बोझ पड़ा है। हम प्रशासन से आग्रह करते हैं कि छात्र हित को सर्वोपरि रखते हुए इन समस्याओं का शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाए। इसके मौके पर लखनऊ के विभाग संगठन मंत्री पुष्पेंद्र बाजपेई, राष्ट्रीय कला मंच की प्रान्त संयोजक हर्षिका सिंह, लखनऊ उत्तर जिले के जिला संयोजक अभिषेक सिंह, समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## सिविल लाइंस में थार से खतरनाक स्टंट, पुलिस जांच में जुटी

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** प्रयागराज के सिविल लाइंस स्थित सुभाष चौराहे पर एक थार गाड़ी से खतरनाक स्टंट का वीडियो सामने आया है। वीडियो में ब्लैक थार को तेज गति में गोल-गोल घुमाते हुए देखा गया, जिससे सड़क पर टायर के निशान बन गए। गाड़ी में नंबर प्लेट भी नहीं थी। एक व्यक्ति ने रोकने की कोशिश की, लेकिन चालक नहीं रुका। पुलिस ने वीडियो का संज्ञान लेकर सीसीटीवी के आधार पर वाहन मालिक की तलाश शुरू कर दी है।

## स्वरूप रानी अस्पताल के पीजी सेंटर में भीषण आग

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** प्रयागराज के स्वरूप रानी अस्पताल के पीजी सेंटर में अचानक भीषण आग लग गई। आग लगने से अस्पताल परिसर में अफरातफरी मच गई। सूचना पर दमकल की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने का प्रयास किया गया। राहत की बात यह रही कि समय रहते मरीजों को सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट कर लिया गया। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल सका है।

## तेलियागंज में भीषण जाम, राहगीर परेशान

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** प्रयागराज में लखनऊ-प्रतापगढ़-सुल्तानपुर मार्ग पर तेलियागंज स्थित अवतार टॉकीज के पास लंबा जाम लग गया। करीब एक घंटे से अधिक समय तक लगे जाम में वाहन रेंगते नजर आए। जाम के कारण लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और यातायात सुचारू कराने का प्रयास किया।

## वैश्विक मंच पर चमका यूपी, हर घर रोशनी की सरकार की नीति को मिली अन्तरराष्ट्रीय मान्यता



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** नासा की ओर से जारी वर्ल्ड नाइट मैप में उत्तर प्रदेश का दुनिया के सबसे अधिक रोशन क्षेत्रों में प्रमुखता से उभरना प्रदेश की विद्युत व्यवस्था के लिए एक अत्यंत गौरवपूर्ण और ऐतिहासिक उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है। यह केवल रोशनी का आंकलन नहीं, बल्कि प्रदेश में बिजली की पहुंच, विश्वसनीयता और व्यापकता का अंतरराष्ट्रीय प्रमाण है। यह दर्शाता है कि उत्तर प्रदेश अब ऊर्ज़ा उपलब्धता के मामले में एक नए युग में प्रवेश कर चुका है। इस वैश्विक मान्यता के पीछे प्रदेश सरकार की सतत प्रतिबद्धता और नगर विकास एवं ऊर्ज़ा मंत्री ए. के. शर्मा के नेतृत्व में किए गए व्यापक सुधारों की अहम भूमिका रही है।राज्य में पिछले कुछ वर्षों में विद्युत उत्पादन क्षमता में रिकॉर्ड वृद्धि की गई है, जिससे बढ़ती मांग को सफलतापूर्वक पूरा किया जा रहा है। साथ ही, दीर्घकालिक ऊर्ज़ा सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न स्रोतों से बिजली की उपलब्धता को भी मजबूत किया गया है। घाटमपुर तापीय विद्युत परियोजना की तीसरी इकाई का सफल सिंक्रनाइजेशन इसका प्रत्यक्ष उदाहरण है। ट्रांसमिशन और वितरण प्रणाली में अभूतपूर्व सुधार करते हुए प्रदेश में नई उपकेंद्रों की स्थापना, जर्जर लाइनों का आधुनिकीकरण और अत्याधुनिक तकनीकों का समावेश किया गया है। इससे न केवल बिजली आपूर्ति अधिक स्थिर और निर्बाध हुई है, बल्कि लाइन लॉस में भी उल्लेखनीय कमी आई है, जो सीधे तौर पर उपभोक्ताओं को लाभ पहुंचा रही है।नासा का यह आकलन उत्तर प्रदेश की ऊर्ज़ा नीति, प्रबंधन क्षमता और विकासोन्मुखी दृष्टिकोण की वैश्विक स्वीकृति है। यह उपलब्धि न केवल प्रदेश के लिए गर्व का विषय है, बल्कि भविष्य में ऊर्ज़ा क्षेत्र में और अधिक निवेश, नवाचार और आत्मनिर्भरता की दिशा में एक मजबूत आधार भी प्रदान करती है।राज्य सरकार के प्रवक्ता का कहना है कि उपभोक्ताओं को अब अपनी बिजली खपत की रियल-टाइम जानकारी मिल रही है, वहीं विद्युत चोरी पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित हुआ है। प्रदेश में आज ल्लसबको बिजली, पर्याप्त बिजली और गुणवत्तापूर्ण बिजलीङ्क का संकल्प साकार होता दिखाई दे रहा है। निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित होने से कृषि, उद्योग और सेवा क्षेत्र को नई गति मिली है।

## बहरौली में रहस्यमयी पत्थरबाजी से दहशत, किशोरी घायल पुलिस तैनात



**नगराम , लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** क्षेत्र के बहरौली गांव में अज्ञात शरारती तत्वों द्वारा एक ही परिवार के घर को निशाना बनाकर लगातार ईंट-पत्थर फेंके जाने की घटनाओं से गांव में दहशत का माहौल है। बीते शनिवार की शाम रिंकू पुत्र स्वर्गीय बाबूलाल के घर पर अचानक पत्थरबाजी शुरू हो गई, जिससे घर के बाहर बनी सीमेंटेड टीन शेड क्षतिग्रस्त हो गई।सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और उपनिरीक्षक सहदेव कुमार व उपनिरीक्षक अनुज कुमार ने परिजनों से घटना की जानकारी ली। पीड़ित परिवार के अनुसार, यह पहली बार नहीं है, बल्कि इससे पहले भी इस तरह की घटना हो चुकी है, जिससे परिवार में लगातार भय का माहौल बना हुआ है।घटना के दूसरे दिन रविवार को भी पत्थरबाजी दोहराई गई, जिसमें13 वर्षीय किंजन पुत्री अमर सिंह को पत्थर लगने से हल्की चोट आ गई। हालांकि परिजनों ने उसे प्राथमिक उपचार दिलाया और वह सुरक्षित है, लेकिन घटना ने गांव के लोगों को चिंता में डाल दिया है।वही पुलिस ने मौके का बारीकी से निरीक्षण किया और आसपास के क्षेत्र में जांच-पड़ताल की, लेकिन कोई संदिग्ध व्यक्ति या वस्तु नहीं मिली। पुलिस के अनुसार, घर के सामने खाली मैदान और पीछे तालाब स्थित है, जहां अक्सर स्थानीय लोग क्रिकेट खेलते हैं। ऐसे में हर एंगल से जांच की जा रही है कि कहीं शरारती तत्व इन स्थानों का फायदा तो नहीं उठा रहे।थाना प्रभारी नगराम विवेक चौधरी ने बताया कि सूचना मिलते ही तत्काल पुलिस टीम को मौके पर भेजा गया और घटना की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू कर दी गई है। उन्होंने कहा कि फिलहाल किसी संदिग्ध व्यक्ति की पहचान नहीं हो सकी है, लेकिन जल्द ही आरोपियों का पता लगाकर उनके खिलाफ सख्त विधिक कार्रवाई की जाएगी। एहतियातन मौके पर पुलिस की ड्यूटी लगा दी गई है और क्षेत्र में लगातार निगरानी रखी जा रही है।उन्होंने यह भी बताया कि वर्तमान में गांव में शांति व्यवस्था पूरी तरह कायम है। हालांकि, अभी तक पीड़ित परिवार की ओर से कोई लिखित तहरीर नहीं दी गई है। पुलिस लोगों से अपील कर रही है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत दें, ताकि जल्द से जल्द इस तरह की घटनाओं पर रोक लगाई जा सके।गांव में लगातार हो रही इस रहस्यमयी पत्थरबाजी से लोगों में दहशत बनी हुई है और सभी की नजर अब पुलिस जांच पर टिकी हुई है।

# जनहित के उद्देश्य से लगाई गई 24 घंटे शीतल जल की मशीन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ, जानकीपुरम । अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर जानकीपुरम के मड़ियांव गाँव स्थित रामलीला मैदान में शीतल जल प्याऊ (मशीन )का लोकार्पण सम्पन्न कराया गया है ये कार्य स्थानीय पार्षद की पहल पर एंजेल्स फाउंडेशन के अक्षयक्ष शशिकंात श्रीवास्तव द्वारा जनहित का कार्य कराया गया। इस अवसर पर पूर्ण विधि-विधान से रामलीला कमेटी के अध्यक्ष उमेश मिश्रा द्वारा पूजा-अर्चन कर मशीन का शुभारंभ किया गया। आपको बता दे कि सप्ताह में 3 बार यहाँ बाजार लगती है, जहाँ सैकड़ों व्यापारी दुकान लगाते हैं और बड़ी संख्या में लोग खरीदारी करने आते हैं-इसी को ध्यान में रखते हुए भीषण गर्मी में सभी को ठंडा पानी उपलब्ध हो, ऐसा प्रयास किया गया। फाउंडेशन के अध्यक्ष ने इस मौके पर बताया कि जनसेवा ही हमारी फाउंडेशन का संकल्प है।

# कोरांव में जाम से फायर ब्रिगेड फंसी: एसीपी ने यातायात सुधारने के लिए दिए निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कोरांव, प्रयागराज। कोरांव में लगातार बढ़ रही यातायात समस्या अब आपातकालीन सेवाओं के लिए गंभीर चुनौती बन गई है। जाम के कारण फायर ब्रिगेड की गाड़ियां समय पर घटनास्थल तक नहीं पहुंच पा रही हैं।

इस गंभीर स्थिति को देखते हुए, एसीपी मेजा संत प्रसाद उपाध्याय ने प्रभारी निरीक्षक कोरांव को यातायात व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए हैं।स्थानीय लोगों के अनुसार, इन दिनों आग लगने की घटनाओं में वृद्धि हुई है। संकरी सड़कों, अतिक्रमण और अव्यवस्थित यातायात के कारण दमकल विभाग को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कई बार फायर ब्रिगेड को जाम में फंसना पड़ता है, जिससे आग बुझाने में देरी होती है और नुकसान बढ़ने की आशंका रहती है।कस्बे के मुख्य बाजार और चौराहों पर अतिक्रमण, सड़क किनारे खड़े वाहन और यातायात नियमों की अनदेखी इस समस्या को और गंभीर बना रहे हैं। नागरिकों का कहना है कि यदि समय रहते उचित कदम नहीं उठाए गए तो भविष्य में कोई बड़ी अनहोनी हो सकती है।सोमवार को पसना, भभनपट्टी, जवाइन और उमरी में लगभग 10 किलोमीटर के दायरे में आग फैल गई थी। सूचना मिलने पर फायर विभाग की दमकल गाड़ी जाम में काफी समय तक फंसी रही। ऐसी समस्याएं रोजाना सामने आ रही हैं।इस मामले में एसीपी मेजा संत प्रसाद उपाध्याय ने प्रभारी निरीक्षक कोरांव को पत्र जारी कर यातायात व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने चौराहा और तिराहा पर पुलिस की मुस्तैदी बढ़ाने की बात कही है ताकि आम जनता को जाम से मुक्ति मिल सके। लोगों ने प्रशासन से जल्द से जल्द अतिक्रमण हटाने और आपातकालीन वाहनों के लिए सुगम रास्ता सुनिश्चित करने की मांग की है।

# सीडीओ हर्षिका सिंह ने विकास कार्यों की समीक्षा की

❒ खराब रैंकिंग वाले विभागों को 'इ' श्रेणी में लाने के निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज । हर्षिका सिंह मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में सोमवार को संगम सभागार में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड, विकास कार्यों और निर्माण परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में खराब रैंकिंग वाले विभागों के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए कि वे अपने प्रदर्शन में सुधार कर जल्द से जल्द 'इ' श्रेणी हासिल करें।सीडीओ ने कहा कि जिन विभागों की रैंकिंग बी, सी और डी श्रेणी में है, उनके अधिकारी नियमित समीक्षा करते हुए कार्यों में तेजी लाएं। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी लंबित मामलों की साप्ताहिक समीक्षा पत्रावलियों के माध्यम से सुनिश्चित की जाए।बैठक में जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर देते हुए सीडीओ ने कहा कि सभी पात्र लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ हर हाल में पहुंचे। उन्होंने चेतावनी दी कि योजनाओं के क्रियान्वयन या निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी कार्य गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयसीमा में पूरे किए जाएं।निर्माण कार्यों की समीक्षा के दौरान उन्होंने निर्देश दिया कि समयसीमा के भीतर चल रही परियोजनाओं को अतिरिक्त संसाधनों के साथ तेजी से पूरा किया जाए। जिन परियोजनाओं में देरी हो रही है, उनके लिए कारण स्पष्ट करते हुए समयवृद्धि प्रस्ताव भेजा जाए। वहीं, जिन परियोजनाओं को पूरा करना संभव नहीं है, उन्हें डैशबोर्ड से हटाने की कार्रवाई की जाए।सीडीओ ने पीएम सूर्यघर योजना के तहत शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने, अधिक से अधिक सोलर कनेक्शन देने और फैमिली आईडी निर्माण कार्य को निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप पूरा करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही निराश्रित गौवंशों को सड़कों से हटाकर गौसंरक्षण केंद्रों में रखने, विद्युत आपूर्ति को सुचारू बनाए रखने और बिजली बिल संशोधन में पारदर्शिता सुनिश्चित करने को कहा।उन्होंने विशेष रूप से अभियान चलाकर आयुष्मान कार्ड बनाने पर जोर दिया। आंगनवाड़ी केंद्रों के निर्माण कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने तथा भूमि विवादों को एसडीएम के माध्यम से निस्तारित कर कार्य शुरू कराने के निर्देश भी दिए।बैठक में योजनाओं में खराब प्रदर्शन के कारणों की समीक्षा करते हुए सीडीओ ने अधिकारियों को चेतावनी दी कि अगले माह तक रैंकिंग में सुधार कर 'इ' श्रेणी में लाया जाए, अन्यथा संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।इस अवसर पर जी.पी. कुशवाहा (जिला विकास अधिकारी), संतोष कुमार (जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी) सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# योगी सरकार का गेहूं खरीद में फार्म रजिस्ट्री की अनिवार्यता खत्म करना स्वागत योग्य: पवन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आठवले) के उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष पवन भाई गुप्ता ने प्रदेश सरकार की ओर से गेहूं खरीद प्रक्रिया में 'फार्म रजिस्ट्री' की अनिवार्यता को समाप्त करने के निर्णय का स्वागत किया है। हालांकि, उन्होंने इसे ''देर से उठाया गया सही कदम'' बताते हुए सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल भी खड़े किए।पवन भाई गुप्ता ने सोमवार को अपने जारी बयान में कहा कि सरकार को किसानों की पीड़ा समझने में 20 दिन लग गए। यदि गेहूं क्रय नीति घोषित करते समय ही सरकार फार्म रजिस्ट्री की जटिलता को अनिवार्य न करती, तो आज अन्नदाता को क्रय केंद्रों पर धक्के नहीं खाने पड़ते। उन्होंने कहा कि पंजीकरण की इस जटिल प्रक्रिया के कारण हजारों किसान अब तक अपनी फसल बेचने से वंचित रह गए थे।नमी का मुद्दा बना किसानों के लिए 'जी का जंजाल'आरपीआई (आ.) के प्रदेश अध्यक्ष ने सरकार का ध्यान एक और गंभीर समस्या की ओर आकर्षित करते हुए कहा कि केवल फार्म रजिस्ट्री खत्म करना पर्याप्त नहीं है। बेमौसम हुई बारिश ने किसानों को दोहरा झटका दिया है। एक तरफ फसल को क्षति पहुंची है, तो दूसरी तरफ गेहूं में नमी की मात्रा बढ़ गई है।

### पहले दिन प्रशिक्षण में गैरहाजिर तीन कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी

हमीरपुर । उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले में भारत की 16वीं जनगणना 2027 के पहले चरण का प्रशिक्षण 20 अप्रैल से 4 मई तक मौदहा नगर पालिका व गांधी इंटर कॉलेज में दिया जाएगा। पहले दिन प्रगणक और पर्यवेक्षकों को जनगणना कार्य की बारीकियों के बारे में जानकारी दी गई। जिसकी अध्यक्षता उप जिलाधिकारी करनवीर सिंह ने की। गांधी विद्यालय में तीन कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए, उनको कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।


### सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम कुलदीप गुप्ता पुत्र जानकी प्रसाद गुप्ता त्रुटि वश मेरे आधार कार्ड में दर्ज हो गया था, जबकि मेरे सभी अभिलेखों में सही और वास्तविक नाम राजू गुप्ता पुत्र जानकी प्रसाद गुप्ता है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये।
प्रार्थी-राजू गुप्ता पुत्र जानकी प्रसाद गुप्ता- ग्राम व पोस्ट बानेपुर वजीर गंज तहसील तरबगंज जनपद गोंडा, उत्तर प्रदेश।


# मोदी-योगी के नेतृत्व में देश विकास गति पर अग्रसर :नौमेष त्रिपाठी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र दास मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में आज देश और प्रदेश उन्नत की ओर आगे बढ़ रहा है भारतीय जनता पार्टी का एक ही सिद्धांत है कि किसान, मजदूर, नौजवान, महिलाएं, व्यापारी और समाज के अंतिम व्यक्ति तक सभी सुविधाएं पहुंचे लेकिन कुछ राजनीतिक दल आपने निजी स्वार्थ के चलते अनाप-शनाप बयान बाजी कर सरकार की छवि को बिगड़ने का काम कर रहे हैं यह बात आज भाजपा प्रदेश कार्य समिति के सदस्य नौमेष त्रिपाठी ने कही उन्होंने कहा की भाजपा की कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं है जनता का हित ही भाजपा के लिए सर्वोपरि है देश में जब से भाजपा की सरकार आई है पिछले 12 सालों में प्रधानमंत्री नरेंद्र दास मोदी के नेतृत्व में कोई भी वर्ग ऐसा नहीं है जो विकास से वंचित हो उन्होंने कहा हमारे लिए राष्ट्र वाद सर्वोच्च प्राथमिकता है आज देश में ही नहीं विदेश में भी नरेंद्र दास मोदी का डंका बज रहा है भारत अपनी विशिष्ट पहचान के साथ आगे बढ़ रहा है उन्होंने कहा किसानों को उनकी उपज का दुगना मूल बुजुर्गों को पेंशन आयुष्मान कार्ड के तहत मुक्त इलाज गरीबों को प्रधानमंत्री आवास योजना उज्वला के माध्यम से गैस वितरण व्यापारियों को अनेक सुविधाएं सहित नौजवानों को रोजगार देने का काम भाजपा सरकार कर रही है उन्होंने कहा कि आज उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश बुलंदियों को छू रहा है प्रदेश में सख्त कानून व्यवस्था के चलते अपराधियों में की भावना व्याप्त हो गई है अपराधियों ने अपराध करने की चेष्टा की तो वह सीधे जहन्नम पहुंचा जा रहे हैं बुलडोजर के माध्यम से उनके अवैध संपत्ति को जप्त किया जा रहा है उन्होंने कहा कि आज और महिलाएं पूरी तरीके से सुरक्षित है किसी की भी हिम्मत नहीं है कि व्यापारी से रंगदारी वसूल ले या महिलाओं के साथ गलत व्यवहार करें उन्होंने कहा कि आज निवेश के नाम पर प्रदेश में बड़ी-बड़ी कंपनियां आ रही हैं इससे नौजवानों को रोजगार मिल रहा है उन्होंने कहा कि विपक्षी दल भाजपा के बढ़ते जनाधार को देखते हुए अनाप-शनाप बयान बाजी कर रहे हैं जनता को गुमराह करने का कार्य कर रहे हैं लेकिन जनता अब इनके झांसे में आने वाली नहीं जनता को भली बात पता चल गया है कि भाजपा ही बिना किसी भेदभाव के सभी वर्गों को आगे बढ़ने का काम कर रही है श्री त्रिपाठी ने कहा मुद्दा विहीन हो चुकी विपक्ष दल लोकसभा और राज्यसभा लोकसभा में महिला आरक्षण बिल को पास नहीं होने दिया इससे यह साफ हो गया है कि यह दल महिलाओं को आगे नहीं बढ़ाना चाहती हैं।


**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

उप. मु. सिग. एवं दू. सं. अभि./नि.-II/लखनऊ, कार्यालय संकुल, निर्माण संगठन उ.रे, चारबाग लखनऊ-226004, भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निम्नलिखित प्रपत्र पर ई-निविदा एक पैकेट प्रणाली के तहत निम्नलिखित कार्य के हेतु आमंत्रित की जा रही हैः-

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम एवं स्थान | लखनऊ डिवीजन के NBP-JNH, JNH-SQN और JNH-BYHA सेक्शन के बीच 03 स्थानों पर IBS से संबंधित इनडोर और आउटडोर सिग्नलिंग कार्य का प्रावधान, Janghai, Nibhapur और Baryaram स्टेशनों पर मौजूदा इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम में जोड़ और परिवर्तन और सरायकंसराय स्टेशन पर इनडोर सिग्नलिंग कार्य। |
| 2 | पूरा होने की अवधि | 09 (नौ) महीने (स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से) |
| 3 | कार्य की अनुमानित लागत | रु.7,80,02,873.78 (रुपये सात करोड़ अस्सी लाख दो हजार आठ सौ तिहत्तर और पैसा अठहत्तर केवल) |
| 4 | निविदा दस्तावेज राशि एवं धरोहर राशि | रु शून्य एवं धरोहर राशि आई आर ई पी एस पर एन आई टी में उल्लिखित है। |
| 5 | ऑफर की वैधता | 60 दिन निविदा खुलने की तिथि से |
| 6 | निविदा बंद होने तथा निविदा खुलने की तारीख एवं समय | 13.05.2026 को 11:30 बजे तक आई आर ई पी एस वेब साइट यानी www.ireps.gov.in पर निविदा अपलोड की जा सकती है। बोली दाता ई-टेंडर में भाग ले सकता है, निविदा 13.05.2026 को 11:30 बजे खोली जाएगी। |
| 7 | वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहॉ निविदा दस्तावेजों को देखा जा सकता है। | विस्तृत ई-टेंडर नोटिस उत्तर रेलवे की वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदा दस्तावेज आई आर ई पी एस की वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर 23.04.2026 से 13.05.2026 तक 11:30 बजे तक उपलब्ध रहेंगे। ई-टेंडर में भाग लेने की इच्छा रखने वाले बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे उपरोक्त वेबसाइट पर इलेक्ट्रॉनिक रूप से खुद को पंजीकृत करें, जिसके लिए उन्हें आईटी अधिनियम-2000 के तहत CCA द्वारा जारी तृतीय श्रेणी डिजिटल प्रमाण पत्र (यदि पहले से प्राप्त नहीं हुआ है) प्राप्त करना होगा। उपरोक्त निविदाओं के संबंध में अन्य सभी नियम और शर्तें निविदा दस्तावेज में दी गई हैं। विस्तृत निविदा सूचना को उपरोक्त कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी देखा जा सकता है। |

निविदा सूचना संख्याः- 287-सिग/सी.-II/लखनऊ/निविदा/01/26 दिनांकः 21.04.2026 1310/26

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# खेल क्रांति को नई गति मिलेगा : डॉ. राजेश्वर सिंह

❒ 2 लाख सहायता, 10 लाख से खेल ढांचा होगा मजबूत,170+ टीमों की भागीदारी: सरोजनीनगर स्पोर्ट्स लीग में क्रिकेट का महाकुंभ - डॉ. राजेश्वर सिंह



कैनविज टाइम्स संवाददाता।

लखनऊ । सरोजनी नगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने युवा खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने हेतु बड़ा कदम उठाते हुए आगामी टूर्नामेंट के लिए 2 लाख की आर्थिक सहायता तथा स्टेडियम की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए विधायक निधि से 10 लाख देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि खेलों के माध्यम से ही सशक्त, स्वस्थ और अनुशासित समाज का निर्माण संभव है।

आज सेक्टर-एच, ड्रीमवर्ल्ड वाटर पार्क, एलडीए कॉलोनी, लखनऊ में उन्नाद टेनिस अकादमी द्वारा आयोजित AITA मेन्स लॉन टेनिस टूर्नामेंट का शुभारंभ डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर देश के विभिन्न राज्यों से आए प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसके साथ ही विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा आयोजित सरोजनी नगर स्पोर्ट्स लीग के अंतर्गत इंटर स्कूल एवं इंटर स्पोर्ट्स क्लब क्रिकेट चैंपियनशिप हेतु ड्रॉ एवं फिक्सचर मीट का सफल आयोजन किया गया।

## खिलाड़ियों के उत्साह ने बढ़ाया संकल्प

भीषण गर्मी (45 डिग्री सेल्सियस) के बावजूद खिलाड़ियों के जोश और समर्पण को देखकर डॉ. राजेश्वर सिंह ने खेलों के प्रति अपने संकल्प को और मजबूत किया। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रतिभाशाली युवाओं को हर संभव सहयोग देना उनकी प्राथमिकता है।

## युवाओं के लिए विकसित होगा मार्वल एवेंजर्स थीम पार्क

डॉ. राजेश्वर सिंह ने बताया कि सरोजनी नगर क्षेत्र के युवाओं के लिए शीघ्र ही 'मार्वल एवेंजर्स थीम पार्क' का निर्माण कराया जाएगा, जिससे युवाओं को बेहतर मनोरंजन और खेल के अवसर मिल सकें। टूर्नामेंट के दौरान दिल्ली से मयंक शर्मा, तमिलनाडु से मुकिल रमनन, महाराष्ट्र से पार्थ पाटिल, हरियाणा से ध्रुव, बिहार से सुधीर सिंह व वैभव सिंह, पंजाब से आदित्य तिनजानी और दिल्ली से सौरव यादव सहित कई खिलाड़ियों से विधायक ने भेंट कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश टेनिस एसोसिएशन के सचिव पुनीत अग्रवाल, मुकेश सिंह, अमित लोधी, राजपूत सिंह, प्रथमेश यादव, गोविंद प्रसाद मौर्य, समिति केसरी, संजीव अवस्थी उपस्थित रहे।

## ड्रॉ एवं फिक्सचर मीट का सफल आयोजन, बड़ी संख्या में टीमों की भागीदारी

कार्यक्रम में इंटर स्कूल एवं इंटर स्पोर्ट्स क्लब दोनों वर्गों के मैचों का ड्रा निकाला गया। इंटर स्कूल वर्ग में लगभग 60 टीमें तथा इंटर स्पोर्ट्स क्लब वर्ग में लगभग 110 टीमें प्रतिभाग कर रही हैं। आयोजन में खिलाड़ियों, खेल प्रेमियों एवं युवाओं की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिली।

## चार वर्षों में 10,000 से अधिक बच्चों को मिला मंच

पिछले चार वर्षों से आयोजित हो रही इस स्पोर्ट्स लीग में अब तक लगभग 10,000 बच्चों ने प्रतिभाग किया है। यह पहल युवाओं को मोबाइल से दूर कर खेलों के प्रति प्रेरित करने और उनके शारीरिक व मानसिक विकास को बढ़ावा देने का एक सशक्त माध्यम बन चुकी है।

## आकर्षक पुरस्कार व निशुल्क पंजीकरण से बढ़ा उत्साह

इस प्रतियोगिता में दोनों वर्गों की विजेता टीम को 50,000 तथा उपविजेता टीम को 25,000 की पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी। कुल ?1.5 लाख नकद पुरस्कार वितरित किए जाएंगे। साथ ही सभी खिलाड़ियों को टी-शर्ट, टोपी एवं प्रत्येक टीम को क्रिकेट किट (बॉल, विकेट आदि) भी उपलब्ध कराई जाएगी। तीन माह तक चलने वाली इस प्रतियोगिता के लिए पंजीकरण पूर्णतः निशुल्क रखा गया है।

# लखनऊ प्राणि उद्यान में वन्य जीवों को गर्मी से बचाने के लिए 50 से अधिक कूलर लगाये गये

कैनविज टाइम्स संवाददाता।



लखनऊ । उत्तर प्रदेश में बढ़ती गर्मी से जनजीवन बेहाल है। गर्मी के मद्देनजर नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान में 50 से अधिक कूलर और स्प्रिंकलर लगाए गए हैं। प्राणी उद्यान ने अलग-अलग वन्य जीवों के लिए उनकी आवश्यकता के अनुरूप उपाय किये हैं।निदेशक संजय कुमार ने सोमवार को बताया कि वन्य जीवों को स्वच्छ पीने के पानी की व्यवस्था सुदृढ़ की गयी है। शाकाहारी वन्य जीवों के भोजन में मौसमी फल, सब्जियों को सम्मिलित किया गया है। टाइगर, जिराफ, हिरन, आदि के लिए बाड़ों में स्प्रिंकलर सिस्टम लगाये गये हैं, जिससे ये वन्य जीव ठण्डे पानी का आनन्द ले सकें। वह समय-समय पर पानी में भीग कर खुद को ठण्डा रख सकें। अक्सर हिरनों को स्प्रिंकलर के नीचे खेलते हुए भी देखा जाता है। स्प्रिंकलर सिस्टम से सूक्ष्म जलवायु सुदृढ़ होती है एवं आर्द्रता कम होती है, जिससे वन्य जीवों को गर्मी से निजात मिलती है। डक पॉण्ड में पक्षियों को धूप, गर्मी से बचाव के लिए हरा पर्दा लगाया गया है। वन्य जीवों के बाड़ों में पॉण्ड्स की मरम्मत कर उनमें शीतल जल की व्यवस्था की गयी है, जिससे वह उसमें नहा कर स्वयं को गर्मी से राहत दे सकें। वन्य जीवों के बाड़ों में गर्मी से बचाव के लिए कूलर लगे हुए हैं। पक्षी बाड़ों में गर्मी से बचाव के लिए हरा पर्दा, चटाई एवं खस इत्यादि लगाये गये हैं। प्राणि उद्यान का भ्रमण करने आने वाले दर्शकों को पीने के पानी की व्यवस्था चुस्त-दुरूस्त की गयी है।

# नाबालिग बेटी की हत्या कर एसिड से चेहरा जलाने वाले पिता व साथी गिरफ्तार

❒ चिनहट पुलिस ने किया घटना का किया खुलासा



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । चिनहट थाना क्षेत्र में एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है, जहां एक पिता ने अपने ही नाबालिग बेटी की हत्या कर शव की पहचान छिपाने के लिए उसका चेहरा एसिड से जला दिया। पुलिस ने आरोपी पिता और उसके साथी को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस कमिश्नरेट के अनुसार, आरोपी ने 16 अप्रैल को आईजीआरएस के माध्यम से अपनी बेटी के लापता होने की सूचना दी थी। जांच के दौरान कॉल डिटेल और संदिग्धों से पूछताछ में सच्चाई सामने आई। पुलिस ने आवेदक पिता विजय कुमार चौबे और उसके साथी अब्दुल मन्नान को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिसमें दोनों ने हत्या की बात कबूल कर ली।पूछताछ में सामने आया कि आरोपी पिता अपनी बेटी के व्यवहार से परेशान था और सामाजिक प्रतिष्ठा खराब होने के डर से उसने हत्या की साजिश रची। 13 अप्रैल को वह बेटी को झाड़-फूंक कराने के बहाने घर से लेकर निकला और रास्ते में अपने साथी को साथ लेकर घूमता रहा। देर रात बड्डूपुर क्षेत्र बाराबंकी जनपद के सुनसान इलाके में कार के अंदर ही गला दबाकर हत्या कर दी।हत्या के बाद दोनों आरोपी शव को शारदा नहर के पास ले गए और पहचान छिपाने के लिए पहले से रखे तेजाब से चेहरा जला दिया। हालांकि, रास्ते में हलचल होने पर शव को वहीं छोड़कर फरार हो गए।पुलिस ने घटना में प्रयुक्त कार और दो मोबाइल फोन भी बरामद किए हैं। दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।इस सनसनीखेज वारदात के खुलासे में लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट की क्राइम व सर्विलांस टीम और थाना चिनहट पुलिस की संयुक्त टीम की अहम भूमिका रही।

# चिनहट में नगर निगम का सख्त रुख, कूड़ा फैलाने वालों पर कार्रवाई की चेतावनी

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ । राजधानी के चिनहट क्षेत्र में गंदगी और कूड़ा फैलाने की बढ़ती समस्या को देखते हुए नगर निगम ने सख्ती दिखानी शुरू कर दी है। नगर निगम की कूड़ा कलेक्शन कंपनी रामकी (टथद्वद्मभ) द्वारा सोमवार को सुबह से ही क्षेत्र में व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया।

अभियान के तहत चिनहट की मुख्य सड़कों घरों और दुकानों के बाहर कूड़ा फेंकने वाले लोगों को जागरूक करते हुए अपील की गई कि वे कूड़ा सड़क पर न डालें, बल्कि नगर निगम की कूड़ा गाड़ी को ही दें। कर्मचारियों ने डोर-टू-डोर जाकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया और नियमों का पालन करने को कहा।इस दौरान टीम ने कई घरों और दुकानों के नाम भी नोट किए, जहां कूड़ा गाड़ी को कचरा नहीं दिया जा रहा था। ऐसे लोगों को चेतावनी दी गई कि यदि आगे भी नियमों का उल्लंघन किया गया तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। अभियान के दौरान कुछ स्थानों पर कर्मचारियों को स्थानीय लोगों के विरोध का भी सामना करना पड़ा, लेकिन टीम ने लगातार अभियान जारी रखा। नगर निगम के अधिकारियों का कहना है कि इस पहल से क्षेत्र में स्वच्छता व्यवस्था बेहतर होगी और लोगों में जागरूकता बढ़ेगी।नगर निगम ने साफ किया है कि नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## त्रिसामा आर्ट्स ने लेटे हुए हनुमान मंदिर में जय बजरंग महाबली संकीर्तन किया



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** त्रिसामा आर्ट्स ने चौक के लेटे हुए हनुमान मंदिर में अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर जय बजरंग महाबली का भव्य संकीर्तन का आयोजन किया। इस विशेष अवसर पर मंदिर परिसर में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही, जिन्होंने भक्तिमय वातावरण का आनंद लिया।कार्यक्रम में ग्वालियर घराने के युवा शास्त्रीय गायक कृष्ण कुलदीप पांडेय ने अपनी प्रभावशाली प्रस्तुति से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने कार्यक्रम का आरंभ राग मारू बिहाग पर आधारित बड़ा खयाल ल्लजागे मेरे भागङ्क जोकि ताल तिलवाड़ा में निबद्ध है से किया। जिसमें उनकी स्वर साधना और गहराई स्पष्ट रूप से झलकी। इसके पश्चात उन्होंने मारू बिहाग में ही ल्लपरी मोरी नाव मझधाराङ्क (तीनताल) प्रस्तुत कर श्रोताओं का मन मोह लिया।भक्ति रस से ओत-प्रोत वातावरण को आगे बढ़ाते हुए कलाकार ने ल्लजय बजरंग महाबलीङ्क भजन की प्रस्तुति दी, जिसे उपस्थित श्रद्धालुओं ने अत्यंत श्रद्धा और उत्साह के साथ सुना। कार्यक्रम का समापन सामूहिक नाम संकीर्तन के साथ हुआ, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। हारमोनियम पर उनका साथ प्रशांत त्रिपाठी और तबले पर तुषार सहाय ने दिया । इस अवसर पर डॉ. विवेक तंगड़ी एवं अभिषेक शर्मा द्वारा कलाकार का सम्मान कर उन्हें प्रोत्साहित किया गया।भक्ति राग सेवा का यह आयोजन न केवल शास्त्रीय संगीत के प्रचार-प्रसार का माध्यम बना, बल्कि श्रद्धालुओं को भक्ति और संगीत के अद्भुत संगम का अनुभव भी प्रदान किया।

## विशाल आक्रोश रैली कर महिलाए दर्ज करेगी अपना विरोध

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय पर भाजपा लखनऊ महानगर द्वारा अति महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न की गई। जिसमें मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता भाजपा लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनन्द द्विवेदी ने की। बैठक में भाजपा वरिष्ठ नेता डॉ नीरज सिंह, महापौर सुषमा खर्कवाल, विधान परिषद सदस्य मुकेश शर्मा, राम चंद्र प्रधान, विधायक ओ पी श्रीवास्तव, योगेश शुक्ला उपस्थित रहें। भाजपा लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनन्द द्विवेदी ने कहा कि मंगलवार को कालिदास स्थित मुख्यमंत्री आवास से विशाल आक्रोश रैली में मतदाता महिलाए सड़को पर उतरकर विपक्षीय पार्टियों का विरोध प्रदर्शन करेगी। रैली मुख्यमंत्री आवास से प्रारंभ होकर विधानसभा तक आयोजित की जाएगी।

## मारपीट और जानलेवा हमला, मुकदमा दर्ज

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** चिनहट थाना क्षेत्र में मारपीट और जानलेवा हमले का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, कंचनपुर मटियारी निवासी लक्की यादव ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि वह अपने दोस्त नित्यम और अमन के साथ अपनी दुकान पर बैठा था। इसी दौरान नित्यम को उसके एक दोस्त ने मटियारी चौराहा, चिनहट रोड पर मिलने के लिए बुलाया। बताया गया कि जैसे ही लक्की यादव अपने साथियों के साथ वहां पहुंचे, पहले से मौजूद करीब 7-8 लोगों ने गाली-गलौज शुरू कर दी। इसके बाद आरोपियों ने पास की दुकान से धारदार हथियार उठाकर लक्की यादव, अमन और नित्यम पर जान से मारने की नीयत से हमला कर दिया। हमले में पीड़ित और उसके साथी घायल हो गए।हमलावर घटना के बाद जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पीड़ित ने मामले की शिकायत थाना चिनहट में दर्ज कराई है।

## अक्षय तृतीया पर भगवान परशुराम प्राकट्य दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** भगवान परशुराम के प्राकट्य दिवस एवं अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर दीनदयाल पुरम रोड स्थित कल्पेश जी के प्रतिष्ठान, जय मां शक्ति एंटरप्राइजेज परिसर में भगवान परशुराम का पूजन, माल्यार्पण, पुष्पांजलि एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में आचार्यों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार एवं शंखनाद किया जाएगा। आयोजकों द्वारा क्षेत्र के सभी सम्मानित नागरिकों एवं समाजजनों से समय पर पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाया गया। कार्यक्रम के आयोजक कल्पेश द्विवेदी एवं विजय शंकर पांडेय हैं। मुख्य अतिथि के रूप में बीकेटी विधायक योगेश शुक्ला उपस्थित रहेंगे।इस अवसर पर तेज शंकर अवस्थी दादू, राम गोपाल मिश्रा, तेज शंकर शुक्ला, अरविंद यादव (पार्षद प्रतिनिधि), अशोक उपाध्याय (पार्षद), जेपी तिवारी, संतोष मिश्रा, हरीश मिश्रा, संजय मिश्रा, पीयूष मिश्रा, श्रीनिवास शुक्ला, आशुतोष मिश्रा, आरके पांडेय, प्रकाश पांडेय, रामबहाल पांडेय, सतीश द्विवेदी, मिथिलेश मिश्रा, सुनील पांडेय, मनोज प्रजापति, ओम शुक्ला, राम भवन मिश्रा, पंडित राधेश्याम तिवारी, राजेंद्र शर्मा, नंदलाल शर्मा, पीपीएन सिंह, आशीष तिवारी, देवेश दुबे, संदीप मुखर्जी, मनीष श्रीवास्तव, राकेश सिंह सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहेंगे

# खौफनाक हरकत: नाबालिग को धमकाकर शादी का दबाव

कैनविज टाइम्स संवाददाता


❒ इंस्टाग्राम पर बदनाम करने की, साजिश आरोपी पर केस दर्ज

निगोहां, लखनऊ। थाना क्षेत्र में एक बेहद गंभीर और चिंताजनक मामला सामने आया है, जहां एक युवक द्वारा नाबालिग लड़की को लगातार प्रताड़ित कर शादी के लिए दबाव बनाने और सोशल मीडिया के जरिए बदनाम करने की धमकी देने का आरोप लगा है।

पीड़ित परिवार की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।मामले के अनुसार, बैरी मजरा मंगटइया एक युवती ने थाने में दी गई तहरीर में बताया कि बाराबंकी जनपद के थाना लोनी कटरा क्षेत्र के ग्राम जौरास निवासी हिमांशु साहू पुत्र तिलक राम उनकी नाबालिग बेटी को बार-बार फोन कर परेशान करता है और जबरन बातचीत का दबाव बनाता है। पीड़िता के अनुसार, आरोपी इंस्टाग्राम पर उनकी बेटी का नाम अपनी फोटो के साथ जोड़कर वायरल करने की धमकी देता है। साथ ही अश्लील भाषा का प्रयोग कर गाली-गलौज करता है और शादी के लिए दबाव बनाते हुए धमकी देता है कि यदि उसकी शादी उससे नहीं कराई गई तो वह लड़की की कहीं और शादी नहीं होने देगा। परिजनों का कहना है कि आरोपी द्वारा मारपीट की धमकी भी दी गई है, जिससे पूरा परिवार भय के साए में जीने को मजबूर है। इस संबंध में पीड़िता ने निगोहां थाने में लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और मामले की गहन जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाएगी और दोषी पाए जाने पर सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# जीएसआई में बुंदेलखंड क्रेटॉन की खनिज संभावनाओं पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने अपने उत्तरी क्षेत्र, लखनऊ में ल्लबुंदेलखंड क्रेटॉन की खनिज संभावनाएं: महत्वपूर्ण खनिजों पर विशेष ध्यानङ्क विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। जिसमें मुख्य अतिथि एवं भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के महानिदेशक असित साहा वर्चुअल माध्यम से शामिल हुए।

इस अवसर पर जोयेश बागची, रजिन्द्र कुमार सहित विभिन्न हितधारकों, नीति-निर्माताओं, आईआईटी/विश्वविद्यालयों, अनुसंधान संस्थानों और देशभर के शिक्षाविदों ने भी वर्चुअल माध्यम से हिस्सा लिया। यह कार्यशाला बुंदेलखंड क्रेटॉन की खनिज संभावनाओं पर विचार-विमर्श, अनुभवों के आदान-प्रदान और गहन चर्चा का एक महत्वपूर्ण मंच साबित हुई। इसमें भारत की भविष्य की संसाधन सुरक्षा के लिए आवश्यक महत्वपूर्ण एवं रणनीतिक खनिजों पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया। इस दौरान विशेषज्ञों ने क्रेटॉन के टेक्टोनिक विकास, भू-वैज्ञानिक ढांचे और धात्विक संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा की। कार्यशाला के दौरान विभिन्न प्रकाशनों जिनमें कार्यशाला का सार-संग्रह तथा हिमाचल प्रदेश की भू-वैज्ञानिक संरचना एवं खनिज संभावनाओं पर आधारित का विमोचन भी किया गया। तकनीकी सत्रों में बुंदेलखंड क्रेटॉन के टेक्टोनिक विकास, धात्विक ढांचे और खनिज प्रणालियों का व्यापक वैज्ञानिक विश्लेषण प्रस्तुत किया गया। कोलकाता मुख्यालय के साथ भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई) के छह क्षेत्रीय कार्यालय लखनऊ, जयपुर, नागपुर, हैदराबाद, शिलांग और कोलकाता स्थित हैं तथा लगभग सभी राज्यों में इसके इकाई कार्यालय मौजूद हैं। यह भारत सरकार के खान मंत्रालय के अधीन एक संबद्ध कार्यालय है।

# पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर पहुंचे परिजनों के बीच, बंधाया ढांढस



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नगराम, लखनऊ । नगराम थाना क्षेत्र के गढ़ा गांव में बीते रविवार को एक बेहद दर्दनाक हादसे ने पूरे इलाके को झकझोर दिया। घर में खेलते-खेलते बाथरूम में पहुंची दो वर्षीय मासूम बच्ची की पानी से भरे टब में डूबने से मौत हो गई। इस घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया और गांव में शोक की लहर फैल गई। गढ़ा गांव निवासी मजदूर सोनू कुमार रावत की दो वर्षीय पुत्री तान्या घर में खेल रही थी, जबकि परिजन अपने काम में व्यस्त थे। इसी दौरान मासूम खेलते-खेलते बाथरूम में पहुंच गई और वहां रखे पानी से भरे टब में गिर गई। घटना इतनी अचानक हुई कि किसी को भनक तक नहीं लग सकी।कुछ देर बाद बच्ची नजर न आने पर परिजनों ने तलाश शुरू की। बाथरूम में पहुंचने पर तान्या को टब में अचेत अवस्था में देख परिजनों के होश उड़ गए। आनन-फानन में उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।मासूम की मौत से परिवार में चीख-पुकार मच गई। मां का रो-रोकर बुरा हाल है, जबकि पिता और अन्य परिजन गहरे सदमे में हैं। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे और शोक संवेदना व्यक्त की। सूचना पाकर समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर भी पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे। उन्होंने शोकाकुल परिजनों को ढांढस बंधाया और हर संभव सहायता का भरोसा दिलाया।

## बंद घर से लाखों के जेवरात और नगदी गायब

लखनऊ । कोतवाली गोसाईगंज क्षेत्र के ग्राम रनमऊ मजरा गौरियाकलां के एक घर में बड़ी चोरी की घटना सामने आई है।गांव के निवासी इम्तियाज अली के मुताबिक वह अपने परिवार सहित निमंत्रण में गए हुए थे। गुरुवार की मध्य रात्रि को उनके घर पर ताला लगा हुआ था। शुक्रवार की सुबह लगभग 3 बजे उन्होंने लौटने पर देखा कि कमरे का ताला टूटा पड़ा था और अलमारी का सामान अस्त-व्यस्त पड़ा हुआ था।चोरों ने अलमारी का ताला तोड़कर सोने-चांदी के जेवरात उठा ले लिए। चोरी गए सामान में एक बड़ा हार, सोने का झूमर, मांग का टीका, कड़ा, नथुनी, नाक की कील, दो सोने की अंगूठियां, चांदी की पांच जोड़ी पायल, दो जोड़ी बालियां, तीन जोड़ी बड़े बुंदे, बच्चों के गल्ले और लगभग 35 हजार रुपये नगद शामिल हैं।पीड़ित ने डायल 112 पर सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची। घटना की लिखित शिकायत पर गोसाईगंज कोतवाली में मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। पुलिस अज्ञात चोरों की तलाश में लग गई है।

# अग्निकांड प्रभावित परिवारों को जल्द पुनर्वास कराए सरकार: अजय राय

❒ कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने लखनऊ अग्निकांड प्रभावित परिवारों से मिले, राशन भेंट कर लिया हालचाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री अजय राय ने सोमवार को प्रदेश की राजधानी लखनऊ के विकास नगर क्षेत्र स्थित टेढ़ी पुलिया पहुंचकर हाल ही में हुए अग्निकांड से प्रभावित पीड़ित परिवारों से मुलाकात की।

इस दौरान उन्होंने पीड़ितों का हालचाल जाना और उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना।अजय राय ने अग्निकांड में हुए नुकसान पर गहरा दुःख व्यक्त करते हुए कहा कि इस कठिन समय में कांग्रेस पार्टी पीड़ित परिवारों के साथ पूरी मजबूती से खड़ी है। इस अवसर पर उन्होंने प्रभावित परिवारों को राशन, कपड़े, खाने पीने की राहत सामग्री भी वितरित की तथा उनके पुनर्वास की दिशा में हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया।प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने प्रदेश सरकार से मांग की, कि अग्निकांड से प्रभावित सभी परिवारों को जल्द से जल्द समुचित आर्थिक सहायता, आवास और अन्य जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं, ताकि वे सामान्य जीवन में वापस लौट सकें।इस दौरान पूर्व विधायक लुईस खुर्शीद, मुकेश सिंह चौहान, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रूद्र दमन सिंह, शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव त्यागी, डॉ. शहजाद आलम, आसिफ रिज़वी रिंकू, पुष्पेन्द्र श्रीवास्तव, डॉ. अमित राय, अरशद खुर्शीद, कै. वंशीधर मिश्रा, आशुतोष मिश्रा, हम्माम वहीद, आर्यन मिश्रा सहित पार्टी के कई पदाधिकारी एवं स्थानीय कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

# दिल्ली में 'शुगरकेन आइकन अवॉर्ड' से सम्मानित हुए बिसवां के प्रगतिशील किसान हिमांशु नाथ सिंह

❒ यह सम्मान भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (ICAR) के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम के दौरान डॉ. त्रिलोचन मोहपात्रा कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा दिया गया




**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बिसवां सीतापुर। गन्ने की खेती में उत्कृष्ट कार्य और आधुनिक तकनीकों के प्रभावी उपयोग के लिए बिसवां (सीतापुर ) के ग्राम खंभापुरवा निवासी प्रगतिशील किसान हिमांशु नाथ सिंह को नई दिल्ली में आयोजित एक भव्य समारोह में ल्लशुगरकेन आइकन अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।

यह सम्मान भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (ICAR) के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम के दौरान डॉ. त्रिलोचन मोहपात्रा कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के कर-कमलों द्वारा सम्मानित किया गया, जिसमें देशभर से चयनित किसानों और कृषि विशेषज्ञों ने भाग लिया।श्री सिंह ने गन्ने की उन्नत किस्मों, आधुनिक कृषि तकनीकों और वैज्ञानिक तरीकों को अपनाकर उत्पादन और गुणवत्ता में उल्लेखनीय वृद्धि की है। उनकी पहल से न केवल उनकी आय में वृद्धि हुई है, बल्कि क्षेत्र के अन्य किसानों को भी नई तकनीकों को अपनाने की प्रेरणा मिली है।उन्होंने अपने अनुभवों के माध्यम से किसानों को प्रशिक्षण देने और जागरूक करने का भी कार्य किया है, जिससे आसपास के गांवों में आधुनिक खेती को बढ़ावा मिला है। उनके इस योगदान को देखते हुए उन्हें यह प्रतिष्ठित सम्मान प्रदान किया गया। उनके इस सम्मान पर बिसवां चीनी मिल के मुख्य अधिशासी आर सी सिंघल गन्ना ,महाप्रबंधक डॉ अनूप कुमार, तकनीकी महाप्रबंधक पी के सरकार, गन्ना प्रबंधक राज मिश्रा, क्षेत्र के किसान अजीत मेहरोत्रा ,विवेक गुप्ता ,मुदित सिंघल ,सलिल सेठ ,ऋतुराज सिंह, रोहित नाथ सिंह कई लोगों ने बधाई दी है।

# वित्त मंत्री एवं परिवहन राज्यमंत्री ने चार परियोजनाओं का किया लोकार्पण

❒ 29 अप्रैल को प्रधानमंत्री करेगें हरदोई में गंगा एक्सप्रेसवे का उद्घाटन, क्षेत्रीय विकास को मिलेगी गति-वित्त मंत्री

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

शाहजहांपुर। उत्तर प्रदेश सरकार के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना और परिवहन राज्यमंत्री दयाशंकर सिंह ने बटन दबाकर 47 करोड़ रुपए की लागत से 04 परियोजनाओं का लोकार्पण किया। जिसमें 1894.83 लाख रुपए की लागत से उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के पूर्व निर्मित बस स्टेशन का सौन्दर्यीकरण कार्य, 1248.51 लाख रुपए की लागत से अहिल्याबाई होल्कर सैटेलाईट बस अड्डा का निर्माण कार्य, 1059.53 लाख रूपए की लागत से कार्यशाला का निर्माण और 239.44 लाख रूपए की लागत का डिटेन्शन/डम्पिंग यार्ड निर्माण कार्य शामिल है। इस दौरान वित्त मंत्री और परिवहन राज्यमंत्री ने सैटेलाइट बस




अड्डे से बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। परिवहन मंत्री ने कहा कि पुराने बस अड्डा पर अत्यधिक भीड़भाड़ के कारण यात्रियों को भारी असुविधा होती थी, इस नए बस अड्डे से शाहजहांपुर को बरेली, लखनऊ, सीतापुर एवं दिल्ली जैसे प्रमुख शहरों से जोड़ा जाएगा। बताया कि कांट, पुवायां, तिलहर में बस अड्डे, डंपिंग यार्ड का कार्य एवं जनपद स्तर पर ड्राइविंग प्रशिक्षण एवं रिसर्च सेंटर का निर्माण कराया जाएगा। वित्त मंत्री ने कहा कि 47 करोड़ रुपए की लागत से चार परियोजनाओं का लोकार्पण हुआ है। उन्होंने दयाशंकर सिंह का आभार व्यक्त करते हुए उनके सहयोग की सराहना की। बताया कि स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत शाहजहांपुर के विकास हेतु लगभग 350 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। जिसमें लगभग 200 करोड़ रुपये की लागत से बरेली मोड़ से सुभाषनगर होते हुए रिंग रोड तक सड़क निर्माण का कार्य प्रगति पर है। शहर में 1500 लोगों की क्षमता वाला एक आधुनिक ऑडिटोरियम बन रहा है। लगभग 403 किलोमीटर लंबी रेलवे लाइन का निर्माण कार्य प्रस्तावित है। इलेक्ट्रिक बसों के संचालन के लिए लगभग 130 करोड़ रुपये की सब्सिडी स्वीकृत है। बताया कि आगामी 29 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा हरदोई में गंगा एक्सप्रेसवे का उद्घाटन किया जाएगा। जिससे क्षेत्रीय विकास को गति मिलेगी। इस दौरान लोकसभा सांसद अरुण कुमार सागर, राज्यसभा सांसद मिथिलेश कुमार कठेरिया, महापौर अर्चना वर्मा आदि ने भी विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष ममता यादव, जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष डीपीएस राठौर, महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता, जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, नगर आयुक्त, अपर नगर आयुक्त, आरएम रोडवेज, एआरएम सहित अन्य अधिकारी आदि मौजूद रहे।

# स्थानांतरित डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल को भावभीनी विदाई

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखीमपुर खीरी। पदोन्नति के बाद देवीपाटन मंडल की आयुक्त पद पर नियुक्त हुईं जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल को सोमवार शाम जिले के अधिकारियों और कर्मचारियों ने भावभीनी विदाई दी। कलेक्ट्रेट स्थित अटल सभागार में आयोजित समारोह में उनके सफल, प्रभावी और जनोन्मुखी कार्यकाल को याद करते हुए सभी ने खुलकर सराहना की।कार्यक्रम का संचालन पीडी एसएन चौरसिया ने किया। समारोह की शुरुआत में सीडीओ अभिषेक कुमार, एडीएम ब्रजपाल सिंह, डीडीओ गजेंद्र प्रताप सिंह समेत अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों ने निवर्तमान डीएम को पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र, स्मृति चिन्ह और अभिनंदन पत्र भेंट कर सम्मानित किया। पूरे सभागार में भावनात्मक माहौल देखने को मिला, जहां सभी ने उनके साथ बिताए कार्यकाल की यादें साझा कीं।विदाई समारोह को संबोधित करते हुए दुर्गा शक्ति नागपाल ने अपने संबोधन की शुरुआत आभार व्यक्त करते हुए की। उन्होंने कहा कि जिले में किए गए सभी कार्य टीमवर्क



का परिणाम हैं और उन्हें हमेशा अपने सहयोगियों का भरपूर समर्थन मिला। उन्होंने अपने कार्यकाल की यादों को साझा करते हुए कहा कि लखीमपुर खीरी उनके लिए हमेशा विशेष रहेगा। यहां की साम्प्रदायिक सौहार्द की परंपरा और लोगों का सहयोग उनके लिए एक प्रेरणादायक अनुभव रहा। उन्होंने जनपदवासियों, अधिकारियों, कर्मचारियों, मीडिया प्रतिनिधियों, धर्मगुरुओं और जनप्रतिनिधियों का विशेष धन्यवाद ज्ञापित किया।सीडीओ अभिषेक कुमार ने कहा कि उन्होंने डीएम से प्रशासनिक दक्षता, नेतृत्व क्षमता और कार्यशैली के कई महत्वपूर्ण पहलू सीखे हैं। उन्होंने बताया कि नागपाल एक मेहनती, कर्मठ और जुझारू अधिकारी हैं, जिनके नेतृत्व में जिले ने कई उपलब्धियां हासिल कीं। उनके कार्यकाल में जिला सीएम डैशबोर्ड और आईजीआरएस रैंकिंग में प्रदेश स्तर पर लगातार बेहतर प्रदर्शन करता रहा।एडीएम (न्यायिक) ब्रजपाल सिंह ने भी उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में काम करना उनके लिए सौभाग्य की बात रही। उन्होंने कहा कि जिले का प्रशासनिक इतिहास उनके कार्यकाल को एक स्वर्णिम अध्याय के रूप में याद रखेगा।ज्वाइंट मजिस्ट्रेट चिलुवाराजू आर ने कहा कि उन्हें उनके मार्गदर्शन में कार्य करने का अवसर मिला, जो उनके लिए अत्यंत प्रेरणादायक रहा। उन्होंने कहा कि नागपाल ने अपने कार्यों से सभी के दिलों में अमिट छाप छोड़ी है और वे जिले के लिए एक मिसाल बन गई हैं। इस अवसर पर सभी जिला स्तरीय अधिकारी, उपजिलाधिकारी (एसडीएम), खंड विकास अधिकारी सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने उन्हें उनके नए दायित्व के लिए शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## चलते पिकअप में लगी आग, 3 लाख का सामान जलकर खाक

हमीरपुर । उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले में जलालपुर रोड स्थित सरसई गांव के पास सोमवार को दहेज का सामान लेकर जा रही एक पिकअप में अचानक आग लग गई। इस में करीब 3 लाख रुपये का सामान जलकर खाक हो गया।जरिया थाने के खजुरी कछवां गांव निवासी करन सेंगर की पुत्री वर्षा की शादी विकास निवासी रिरुवा बुजुर्ग के साथ एक पैलेस में बीती रात रविवार को संपन्न हुई थी। शादी के बाद सोमवार को उपहार का सामान पिकअप में भरकर ले जाया जा रहा था। इसी दौरान सरसई गांव स्थित औंता पुलिया के पास अचानक पिकअप में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। वहां मौजूद सुनील कुमार, विशाल ने बताया कि पास में जल रही चिंगारी से आग पिकअप तक पहुंच गई और पिकअप में रखी अलमारी, सोफा, टीवी, फ्रिज, कूलर, आटा-दाल समेत गृहस्थी का करीब 3 लाख रुपये का सामान पूरी तरह जलकर राख हो गया।थाना प्रभारी दिनेश पांडेय ने बताया कि आग लगने से पिकअप में रखा फर्नीचर एवं गृहस्थी का सारा सामान जल गया है। इसकी जांच कराई जा रही है।

# होमगार्ड परीक्षा को लेकर प्रशासन सख्त, 16 केंद्रों पर तीन दिन परीक्षा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता।**

लखीमपुर खीरी। उत्तर प्रदेश होमगार्ड एनरोलमेंट 2025 की परीक्षा को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। जनपद में 25, 26 और 27 अप्रैल को 16 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित होने वाली इस परीक्षा को शांतिपूर्ण, पारदर्शी और नकलविहीन ढंग से संपन्न कराने के लिए व्यापक तैयारियां की जा रही हैं।

प्रत्येक दिन परीक्षा दो पालियों में आयोजित होगी, जिसके लिए प्रशासनिक स्तर पर कड़े इंतजाम किए गए हैं।इसी क्रम में सोमवार को अटल सभागार में मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) अभिषेक कुमार की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में परीक्षा से संबंधित सभी व्यवस्थाओं की बारीकी से समीक्षा की गई और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।बैठक को संबोधित करते हुए सीडीओ अभिषेक कुमार ने केंद्र व्यवस्थापकों, स्टैटिक मजिस्ट्रेटों और



सेक्टर मजिस्ट्रेटों को उनके दायित्वों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों के लिए पेयजल, विद्युत व्यवस्था, साफ-सफाई, बैठने की उचित व्यवस्था और अन्य सभी मूलभूत सुविधाएं समय रहते सुनिश्चित कर ली जाएं, ताकि किसी भी अभ्यर्थी को असुविधा का सामना न करना पड़े।सीडीओ ने सख्त लहजे में कहा कि परीक्षा संचालन से जुड़े सभी नियमों और दिशा-निर्देशों का अधिकारी गहन अध्ययन कर लें और उनका शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित करें। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही या शिथिलता पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि परीक्षा की शुचिता सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसे हर हाल में बनाए रखना प्रशासन की जिम्मेदारी है।बैठक में सुरक्षा व्यवस्था, परीक्षा केंद्रों पर निगरानी, अभ्यर्थियों की एंट्री-एग्जिट व्यवस्था, ट्रैफिक प्रबंधन और चिकित्सा सुविधाओं पर भी विशेष चर्चा की गई। प्रशासन ने यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या अनुचित गतिविधि को तुरंत रोका जा सके।इस बैठक में परीक्षा के नोडल अधिकारी अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) ब्रजपाल सिंह, नोडल अधिकारी (पुलिस)/एएसपी पूर्वी पवन गौतम, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतोष गुप्ता, जिला विद्यालय निरीक्षक विनोद कुमार मिश्र सहित सभी स्टैटिक और सेक्टर मजिस्ट्रेट तथा केंद्र व्यवस्थापक मौजूद रहे।जिला प्रशासन का कहना है कि सभी विभागों के समन्वय से परीक्षा को सफल, निष्पक्ष और सुरक्षित ढंग से संपन्न कराया जाएगा, जिससे अभ्यर्थियों को पारदर्शी माहौल में परीक्षा देने का अवसर मिल सके।

# रोजगार सेवकों की कलमबंद हड़ताल बीडीओ को सौंपा ज्ञापन



**कैनविज टाइम्स संवाददाता।**

मिश्रिख, सीतापुर। ग्राम रोजगार सेवक वेलफ़ेयर एसोसिएशन ब्लॉक मिश्रिख के बैनर तले मनरेगा से जुड़े कर्मचारियों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर सोमवार को कलमबंद हड़ताल का ऐलान किया। इस दौरान कर्मचारियों ने खंड विकास अधिकारी मिश्रिख को संबोधित ज्ञापन सौंपते हुए समस्याओं के शीघ्र निस्तारण की मांग की।हड़ताल के आह्वान के तहत ग्राम रोजगार सेवक, कंप्यूटर ऑपरेटर, तकनीकी सहायक और लेखा सहायकों ने कार्य बहिष्कार कर विरोध दर्ज कराया। कर्मचारियों का कहना है कि लंबे समय से उनकी मांगें लंबित हैं, जिन पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही है। ऐसे में मजबूर होकर उन्हें कलमबंद हड़ताल का रास्ता अपनाना पड़ा।इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष राजाराम, अमित कश्यप महामंत्री, अश्वनी शुक्ल, सना खान, शिवसागर, रामनाथ सहित करीब आधा सैकड़ा मनरेगा कर्मी मौजूद रहे। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर जल्द सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

# लव जिहाद के खिलाफ सख्त कानून की मांग, सीएम को भेजा गया ज्ञापन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखीमपुर खीरी। जनपद लखीमपुर खीरी में 'लव जिहाद' के मामलों को लेकर हिंदू बेटी बचाओ संघर्ष मोर्चा लखीमपुर द्वारा जिला अधिकारी के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को एक विस्तृत ज्ञापन प्रेषित किया गया।

संगठन ने प्रदेश में इस तरह की घटनाओं पर रोक लगाने के लिए कठोर और प्रभावी कानून बनाने की मांग उठाई है।ज्ञापन में संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि हाल के समय में प्रदेश और देश के कई हिस्सों में ऐसी घटनाओं के मामले सामने आए हैं, जिनमें युवतियों को प्रेमजाल में फंसाकर शोषण करने के आरोप लगाए जाते रहे हैं। संगठन ने इसे एक गंभीर सामाजिक समस्या बताते हुए आशंका जताई कि इसके पीछे संगठित गिरोह भी सक्रिय हो सकते हैं। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि प्रत्येक मामले की निष्पक्ष जांच आवश्यक है ताकि सच्चाई सामने आ सके।ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि इस प्रकार की घटनाएं समाज के ताने-बाने को प्रभावित करती हैं और परिवारों में असुरक्षा की भावना पैदा करती हैं। संगठन ने सरकार से मांग की कि ऐसे मामलों में त्वरित कार्रवाई, सख्त दंड



और पीड़ित परिवारों को सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। साथ ही जागरूकता अभियान चलाकर युवाओं को सतर्क करने पर भी जोर दिया गया।इस दौरान एडवोकेट राहुल तिवारी, सुबोध कुमार पाण्डेय, महंत रोहित गिरी, संजीव अवस्थी सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे और सभी ने एक स्वर में कहा कि यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए तो यह समस्या और गंभीर रूप ले सकती है।ज्ञापन सौंपने के बाद संगठन ने जिला प्रशासन से अपेक्षा जताई कि उनकी मांगों को गंभीरता से लेते हुए शासन स्तर तक पहुंचाया जाएगा। वहीं प्रशासन की ओर से ज्ञापन प्राप्त कर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया गया है।

## जनगणना 2027 प्रशिक्षण कार्यक्रम का खैराबाद में शुभारंभ



**सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** में जनगणना 2027 के अंतर्गत प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ दिनांक 20 अप्रैल 2026 को किया गया। यह प्रशिक्षण स्टडी प्वाइंट इंटर कॉलेज, खैराबाद में प्रातः 9:30 बजे से सायं 5:30 बजे तक आयोजित किया जा रहा है।प्रशिक्षण कार्यक्रम तीन चरणों/बैचों में संपन्न कराया जा रहा है—प्रथम बैच: 20 अप्रैल से 22 अप्रैल 2026द्वितीय बैच: 23 अप्रैल से 25 अप्रैल 2026तृतीय बैच: 27 अप्रैल से 29 अप्रैल 2026प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर के रूप में श्री लखींद्र कुमार एवं श्री मनीष श्रीवास्तव द्वारा प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को मकान सूचीकरण एवं आवासीय सर्वेक्षण से संबंधित समस्त बिंदुओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की जा रही है।इस अवसर पर चार्ज अधिकारी के रूप में अधिशासी अधिकारी श्री प्रेम शंकर गुप्ता उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि जनगणना एक अत्यंत महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है, जिसकी सफलता प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों की निष्ठा, सटीकता एवं जिम्मेदारी पर निर्भर करती है।उन्होंने सभी प्रतिभागियों से अपेक्षा की कि कोई भी मकान अथवा परिवार सर्वेक्षण से वंचित न रहे तथा प्रत्येक जानकारी पूर्ण एवं सही दर्ज की जाए। साथ ही यह विश्वास व्यक्त किया कि सभी के सहयोग एवं समर्पण से यह कार्य सफलतापूर्वक संपन्न होगा और नगर पालिका परिषद खैराबाद का चार्ज उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अग्रणी स्थान प्राप्त करेगा।कार्यक्रम में संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे तथा प्रशिक्षण सुचारू रूप से संचालित किया जा रहा है।

## तेज रफ्तार ने बुझाया घर का चिराग, स्कूल जाते छात्र की दर्दनाक मौत



**मानपुर, सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बिसवां –सीतापुर मार्ग पर मौहारी चौराहा स्थिति सोमवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया ।जिसमें कक्षा 6 के छात्र की जान चली गई। मानपुर स्थित स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज का छात्र था।रोज की तरह साइकिल से स्कूल जा रहा था । मासूम छात्र को तेज रफ्तार रोडवेज बस ने कुचल दिया। हादसा भयंकर होने से मौके पर ही उसकी मौत हो गई। बखरिया गांव निवासी महताब(12) मानपुर स्थित स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज का कक्षा 6 का छात्र था। सुबह घर से स्कूल के लिए निकला यह मासूम शायद नहीं जानता था कि यह उसकी जिंदगी का आखिरी सफर होगा। जैसे ही वह मौहारी चौराहे पर पहुंचा, बिसवां की ओर से आ रही तेज रफ्तार बस ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि आसपास के लोग सन्न रह गए।घटना की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। मां–बाप का रो–रोकर बुरा हाल है। गांव में हर आंख नम है। विद्यालय के प्रधानाचार्य अरसुद्दीन खान ने बताया कि महताब पढ़ाई में बेहद होनहार और अनुशासित छात्र था। उसकी अचानक मौत से स्कूल में भी शोक की लहर है।महताब अपने माता–पिता का इकलौता बेटा था। उससे छोटी दो बहनें हैं, जिनमें एक मूक–बधिर और पैरों से बिकलांग है जिसका नाम ईरम है। उससे छोटी बहन चार साल की है जिसका नाम शिमला है। बेटे के सहारे भविष्य के सपने देख रहे परिवार पर इस हादसे ने दुखों का पहाड़ तोड़ दिया। अब घर में सिर्फ सिसकियां और यादें रह गई हैं।थाना प्रभारी आसुतोष मिश्रा ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। हादसे के बाद बस चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने बस को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।तेज रफ्तार का यह कहर एक बार फिर एक परिवार की खुशियां छीन ले गया। गांव के लोग यही कह रहे हैं—अगर रफ्तार पर लगाम होती, तो आज एक मासूम की जान बच सकती थी। स्थानीय लोगों ने चैराहे पर स्पीड ब्रेकर बनाने की मांग की है।

# निरीक्षण बाद तेज हुई तैयारियां, जल्द नए भवन में पहुंचेगा महिला चिकित्सालय

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखीमपुर खीरी। जनपद में स्वास्थ्य सेवाओं को आधुनिक और बेहतर बनाने की दिशा में एक अहम कदम उठाया जा रहा है। जिला महिला चिकित्सालय को मेडिकल कॉलेज के नवनिर्मित भवन में शिफ्ट करने की लंबे समय से चल रही प्रक्रिया अब अंतिम चरण में पहुंच गई है।

प्रशासन ने इसे तय समयसीमा में पूरा करने के लिए कमर कस ली है।सोमवार को मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) अभिषेक कुमार ने स्वयं जिला महिला चिकित्सालय पहुंचकर व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल की मौजूदा स्थिति, शिफ्टिंग से जुड़ी तैयारियों और सामने आ रही बाधाओं का मौके पर आकलन किया। निरीक्षण में मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल और कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे।निरीक्षण के दौरान सीडीओ ने सख्त रुख अपनाते हुए स्पष्ट कहा कि अब किसी भी प्रकार की लापरवाही या तकनीकी



अड़चन को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने मौके पर ही कार्यदायी संस्था को तलब कर लिफ्ट संचालन का ट्रायल अपने सामने कराया। ट्रायल के दौरान सामने आई तकनीकी खामियों को तत्काल दूर करने के निर्देश दिए गए, ताकि शिफ्टिंग प्रक्रिया में कोई बाधा न आए।सीडीओ अभिषेक कुमार ने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ युद्धस्तर पर कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह कार्य सीधे तौर पर जनहित से जुड़ा है, इसलिए इसे हर हाल में इस माह के अंत तक पूरा किया जाना अनिवार्य है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि निर्धारित समयसीमा में कार्य पूरा न होने पर जिम्मेदारी तय की जाएगी।मेडिकल कॉलेज के नए भवन में शिफ्टिंग पूरी होने के बाद जिला महिला चिकित्सालय की सेवाओं में व्यापक सुधार देखने को मिलेगा। मरीजों को आधुनिक सुविधाओं, बेहतर चिकित्सा उपकरणों और सुव्यवस्थित व्यवस्था का लाभ मिलेगा। इससे न केवल महिलाओं को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिलेंगी, बल्कि पूरे जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था को भी नई मजबूती मिलेगी।लंबे समय से प्रतीक्षित इस शिफ्टिंग के पूरा होने से आम जनता को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है और स्वास्थ्य सेवाओं के स्तर में भी उल्लेखनीय सुधार देखने को मिल सकता है।

# लापरवाही ने ली जान: गलत इलाज से युवक की मौत

❒ परिजनों ने मेडिकल स्टोर संचालक पर लगाया गंभीर आरोप

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सीतापुर। मछरेहटा थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है, जहाँ एक मेडिकल स्टोर संचालक पर गलत दवा देने और गलत इलाज करने का आरोप लगा है। इस कथित लापरवाही के कारण एक युवक की जान चली गई, जिससे हँसता-खेलता परिवार उजड़ गया।

**क्या है पूरा मामला**

मृतक के पिता द्वारा थाने में दी गई तहरीर के अनुसार, उन्होंने अपने पुत्र सर्वेश कुमार का इलाज कराने के लिए 'लालता मेडिकल स्टोर, सुरजपुर' का रुख किया था। आरोप है कि संचालक लालता ने 4 अप्रैल 2026 से 15 अप्रैल 2026 तक युवक का इलाज किया और उसे दवाइयां दीं। जब युवक की हालत बिगड़ने लगी, तो 16 अप्रैल को संचालक ने हाथ खड़े कर दिए। आनन-फानन में परिजन युवक को लखनऊ लेकर गए।

**डॉक्टरों ने की किडनी फ़ेल होने की पुष्टि**

परिजनों का दावा है कि लखनऊ के अस्पताल में जांच के बाद डॉक्टरों ने बताया कि युवक को गलत दवाइयां खिलाई गई थीं, जिसके कारण उसकी दोनों किडनी फ़ेल हो गईं। उपचार के दौरान ही सर्वेश की मृत्यु हो गई। पिता का आरोप है कि मेडिकल स्टोर संचालक ने न केवल गलत दवा दी, बल्कि फर्जी जांच रिपोर्ट भी तैयार की और लगभग 12 दिनों तक ग्लूकोज चढ़ाकर गुमराह किया।

**परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़**

मृतक सर्वेश शादीशुदा था। उसकी मौत के बाद पत्नी मीना और दो मासूम बेटियों (प्रीति व आरुषि) के सिर से पिता का साया उठ गया है।

**कानूनी कार्रवाई की मांग**

पीड़ित पिता बालक राम ने आज (20 अप्रैल 2026) मछरेहटा थाना अध्यक्ष को लिखित शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। उन्होंने मांग की है कि दोषी मेडिकल स्टोर संचालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए ताकि किसी और परिवार को ऐसा दिन न देखना पड़े।

## सड़क हादसे में दो लोगों की मौत, पांच घायल बाइक

**हमीरपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले के राठ कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अमगांव स्थित अभिनव प्रज्ञा महाविद्यालय के पास एक सरिया लदी ट्रैक्टर ट्राली की भिडंत में शादी समारोह से लौट रहे बाइक सवार दो ग्रामीण व्यक्तियों की मौत हो गई। तथा ट्रैक्टर ट्राली के पलटने से उसमें सवार पांच लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सोमवार को मृतकों के शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।मृतकों की पहचान हरिश्चंद्र मिश्रा 55 वर्षीय और मान बहादुर द्विवेदी निवासी ग्राम खेड़ा शिलाजीत थाना जरिया के रूप में हुई है। दोनों लोग बाइक पर सवार होकर अपने गांव खेड़ा शिलाजीत से राठ कस्बे के शारदा पैलेस विवाह घर में आयोजित एक शादी समारोह में जा रहे थे। टक्कर के बाद ट्रैक्टर–ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गई। जिससे उसमें सवार पांच लोग घायल हो गए। घायलों में बैंदो इटौरा गांव निवासी हरी सिंह 55 वर्षीय, मनोहर 42 वर्षीय , ठाकुरदीन 60 वर्षीय , चालक बालकिशन 30 वर्षीय और धांधू 60 बर्षीय शामिल हैं। चिकित्सकों के अनुसार धांधू का हाथ फ्रैक्चर हुआ है, जबकि अन्य को मामूली चोटें आई हैं। सूचना मिलते ही डायल 112 के माध्यम से पुलिस मौके पर पहुंची और राहत कार्य शुरू किया।राठ कोतवाली प्रभारी अनूप सिंह ने बताया कि दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# जेल से रिहाई होते ही हत्या आरोपी ने किया शक्ति प्रदर्शन, खौफ में ओम प्रकाश सिंह का परिवार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । सपा नेता ओम प्रकाश सिंह हत्याकांड के आरोपी उदयभान उर्फ लल्लन सिंह ने जमानत पर रिहा होने के बाद विजय जुलूस कर शक्ति प्रदर्शन किया है।पंद्रह अप्रैल को जेल से छूटने के बाद आ रोपी ने देवीपाटन मंडल कारागार जेल से अपने घ र तक समर्थकों के साथ करीब तीस किलोमीटर त क शक्ति प्रदर्शन किया।इस घटना का वीडियो सो शल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।वाय रल वीडियो में देखा जा सकता है कि बड़ी संख्या में गाड़ियां और मोटर साइकिलें जुलूस में शामिल थीं।समर्थक ‘लल्लन दादा जिंदाबाद‘ और ‘जेल का ताला टूट गया, शेर हमारा छूट गया‘ जैसे नारे लगा रहे थे। यह वीडियो 15 अप्रैल का बताया जा रहा है।वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद सीओ करनैलगंज अभिषेक ने पूरे मामले में परस पुर पुलिस को जांच करके कार्रवाई करने के निर्दे श दिए हैं।शक्ति प्रदर्श न और विजय जुलूस निका ले जाने के बाद मृतक सपा नेता ओम प्रकाश सिंह के छोटे-छोटे बच्चे दहशत में है और वह अब घर से नहीं निकल रहे हैं।उदयभान उर्फ लल्लन सिंह को 19 जुलाई 2024 को परसपुर थाना क्षेत्र के राजा टोला मोहल्ले में हुए सपा नेता ओम प्रकाश सिंह हत्याकांड का मुख्य आरोपी बनाया गया था।परसपुर पुलिस ने 23 जुलाई को उसे मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर जेल भेजा था। 21 महीने बाद जमानत पर रिहा हुए आरोपी के इस शक्ति प्रदर्शन से मृतक सपा नेता के परिजनों में दहशत का मा हौल है। परिजन इस मामले में कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। आरोपी उदयभान को कई शर्तों पर जमानत मिली थी। 15 अप्रैल की देर शाम उसे गोंडा मंडलीय कारागार से रिहा किया गया था। आरोप है कि जमानत की शर्तों का खुलेआम उल्लंघन करते हुए यह जुलूस निकाला गया।हालांकि वीडियो वायरल होने के बावजूद परसपुर थाने की पुलिस ने आरोपी पर कोई कार्रवाई नहीं की है। इस मामले का संज्ञान लेते हुए सीओ करनै लगंज अभिषेक ने परसपुर पुलिस को जांच कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।एक तरीके से लो गों के अंदर दहशत फैलाने का भी काम जेल से छूटे आरोपी द्वारा किया गया है।

# कार सवार लोगों ने सर्राफा व्यापारी को पीटा सोने की चैन छीनने का लगा आरोप

कैनविज टाइम्स संवाददाता







गोंडा । जिले में एक सर्राफा व्यापारी के साथ मारपी ट का मामला सामने आया है।नवाबगंज थाना क्षेत्र में रॉयल हेरिटेज होटल के पास देर रात विधायक पास लगी कार सवार चार युवकों ने व्यापारी शिव म सोनी पर हमला कर दिया।पीड़ित के शोर मचा ने पर विधायक पास लगी गाड़ी भी कर सवार दबं ग छोड़कर के फरार हो गए हैं।पीड़ित ने आरोप ल गाया है कि हमलावरों ने उसके गले से सोने की चे न भी छीन ली,हालांकि पुलिस ने चेन छिनैती की घटना से इनकार किया है।धानेपुर थाना क्षेत्र के बाबागंज निवासी शिवम सोनी अपने मामा राधे श्याम सोनी के यहां चोरी सिकंदरपुर में एक शादी समारोह में शामिल होने आए थे।शादी के बाद वह समारोह में आए एक बाउंसर को अयोध्या छोड़ कर वापस अपने घर लौट रहे थे।देर रात बाउंसर को छोड़ने के बाद वापस आते समय रॉयल हेरिटे ज होटल के पास एक वैगनआर कार सवार चार युवकों ने शिवम सोनी की गाड़ी को ओवरटेक कर रोक लिया।जब शिवम गाड़ी से बाहर नहीं निकले, तो हमलावरों ने अग्निशमन सिलेंडर से उनकी गा ड़ी का शीशा तोड़ने का प्रयास किया,इसके पीड़ित ने आरोप लगाया है कि इसी दौरान हमलावरों ने उसके गले में पहनी सोने की चेन छीन ली और फरार हो गए।शिवम के साथ मौजूद एक अन्य युवक का मोबाइल फोन छीनने का भी प्रयास किया गया, लेकिन उसने फोन गाड़ी में फेंक दिया जिससे वह बच गया।शिवम सोनी ने नवाबगंज थाने में तहरीर दी है।नवाबगंज थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि मारपीट की घटना हुई है, जिस पर कार्रवाई की जा रही है।हालांकि,उन्होंने चेन छीनने की घटना को गलत बताया है शिवम सोनी द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर नवाबगंज पुलि स ने जांच शुरू कर दी है।

पीड़ित शिवम सोनी ने बताया कि देर रात हम लोग अपने मामा के यहां शादी से लौट रहे थे शादी में बाउंसर आए हुए थे उन्हें हम लोग छोड़ने के लिए लेकर गए हुए थे। उसे छोड़ करके हम दो लोग लौट रहे रास्ते में एक वैगन आर गाड़ी ने हम लोगों को ओवरटेक किया। गाड़ी रोक करके मारपीट कर मेरा गले से चेन छीनने लगे चेन लेकर के चले गए फोन भी मेरा छीन रहे थे लेकिन फोन लेकर के नहीं जा पाए हैं। जो हमारे साथ दूसरा लड़का था उसके साथ भी हाथापाई किए है मेरे साथ भी हाथापाई की है,उसका ही मोबाइल फोन छीन रहे थे लेकिन उसने मोबाइल फोन गाड़ी में फेंक दिया था। यह घटना रॉयल हेरिटेज होटल के पास हुई है पहले हमने अपने घरवालों को बुलाया फिर हमें डायल-112 को फोन किया उससे पहले हमारे शोर मचाने पर यह लोग गाड़ी छोड़कर के भाग गए हैं।

# सूरत में फंसे श्रमिकों की सहायता के भारतीय श्रमिक कामगार कर्मचारी महासंघ सबसे आगे

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । भारतीय श्रमिक कामगार कर्मचारी महासंघ (भाजपा प्रणित) के राष्ट्रीय महासचिव सर्वेश पा ठक के नेतृत्व में संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों की एक आपात बैठक आयोजित की गई, जिसमें सूरत एवं उधना सहित पश्चिम रेलवे क्षेत्र में बड़ी संख्या में फंसे श्रमिकों की समस्या पर गंभीर चर्चा की गई।बैठक में यह निर्णय लिया गया कि श्रमि कों की सहायता के लिए संगठन युद्ध स्तर पर का र्य करेगा।वही सूरत के प्रदेश अध्यक्ष जिले के प दाधिकारियों को तत्काल प्रभाव से निर्देशित किया गया कि वे मौके पर पहुंचकर श्रमिकों को हर संभ व सहयोग प्रदान करें,जिसमें भोजन,पेयजल,चिकि त्सा एवं सुरक्षित आवागमन की व्यवस्था सुनिश्चित करना प्रमुख रहेगा।राष्ट्रीय नेतृत्व के द्वारा यह भी स्पष्ट किया गया कि श्रमिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए प्रशासन एवं रेलवे के साथ समन्वय स्थापित कर त्वरित समाधान सुनि श्चित किया जाए।साथ ही रेल मंत्री,रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष एवं रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों से आग्रह किया गया है कि श्रमिकों की बढ़ती संख्या को दे खते हुए तत्काल अतिरिक्त,स्पेशल ट्रेनों का संचा लन किया जाए,ताकि सभी श्रमिकों को सुरक्षित एवं सम्मानपूर्वक उनके गंतव्य तक पहुंचाया जा सके।सर्वेश पाठक ने कहा कि श्रमिक हमारे संग ठन की शक्ति हैं और उनकी सुरक्षा, सम्मान और सुविधा सुनिश्चित करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिक ता है।किसी भी परिस्थिति में श्रमिकों को असहाय नहीं छोड़ा जाएगा। संगठन ने सभी कार्यकर्ताओं से भी अपील की है कि वे एकजुट होकर श्रमिकों की सेवा में जुटें और मानवीय संवेदनाओं के साथ सहयोग प्रदान करें।

# मुजेहना पूरे नेवल पहाड़वां मूसापुर में भ्रष्टाचार का बोलबाला, योगी सरकार में हो रहा फर्जीवाड़ा




कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । जिले में प्रदेश की योगी सरकार एक तरफ भ्रष्टाचार के खिलाफ ‘जीरो टॉलरेंस‘ की नीति का ढिंढोरा पीट रही है,वहीं दूसरी तरफ गोंडा जनपद के मुजेहना विकास खंड अंतर्गत गाँव,मूसापुर,और पूरे नेवल पहाड़वां में इस नीति का सरे आम जना जा निकाला जा रहा है।यहाँ ब्लॉक में बैठे जिम्मेदा र अधिकारी बीडीओ,एपीओ और टीए कि तिकड़ी से खुली छूट से ग्राम प्रधान ने सरकारी सिस्टम को सीधी चुनौती देते हुए मनरे गा योजना को लूट का अड्डा बना दिया है।मूसापुर गाँव में 40,पूरे नेवल पहाड़वां गाँव में 42 गरीब मजदूरों के खून-पसीने की कमाई अब रोज गार सेवक और प्रधान की दबंगई से भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुकी है ।

### मजदूरों की मेहनत पर प्रधान का ‘डाका‘

ग्रामीणों का आरोप है कि भोरहा,पूरे नेवलपहाड़वां मूसापुर गाँव में विकास कार्यों के नाम पर केवल कागजों के घोड़े दौड़ाए जा रहे हैं।मनरेगा पोर्टल पर फर्जी मस्टररोल भरकर सरकारी धन का बंदर बांट किया जा रहा है। ऐसे मजदूरों का नाम सामने आया है जिन्होंने काम तो किया, लेकिन उनकी मजदूरी का पैसा या तो प्रधान के चहेतों के खातों में गया या उसे डकार लिया गया। सूत्र बता रहे है ज़ब पीड़ित मजदूर जब वे अपने हक की मांग करते हैं,तो उन्हें रसूख का डर दिखा कर चुप करा दिया जाता है।

### योगी सरकार में सिस्टम को बनाया बंधक

सबसे हैरानी की बात यह है कि मनरेगा जैसी पा रदर्शी व्यवस्था को भी ब्लॉक में तैनात एपीओ से मिल रोजगार सेवक और ग्राम प्रधान ने अपने नि जी फायदे के लिए ‘हैक‘ कर लिया है। बिना काम किए भुगतान निकालना और अपात्रों को लाभ प हुंचाना यहाँ की दिनचर्या बन गई है।यह खेल लंबे समय से चल रहा है, लेकिन मजाल है कि ब्लॉक स्तर का कोई अधिकारी इसकी सुध ले।इससे स्प ष्ट होता है कि इस भ्रष्टाचार की जड़ें कहीं न कहीं उच्चाधिकारियों के मौन समर्थन तक फैली हुई हैं।

### किसके रसूख पर फल-फूल रहा है ‘फर्जीवाड़ा

ब्लॉक और गांव में चर्चा आम है कि आखिर इस भ्रष्टाचार के खेल का असली मास्टरमाइंड कौन है ? आखिर किसके संरक्षण में ग्राम प्रधान योगी सर कार की साख को बट्टा लगा रहे है...? क्या जिला प्रशासन इस गंभीर मामले की निष्पक्ष जांच करा कर दोषियों को जेल भेजेगा,या फिर रसूखदार अ पनी पहुँच के दम पर इन गरीब मजदूरो की ‘हाय‘ को क्या दबा देंगे...?...वही मजदूरो के नाम सिर्फ हाजरी लगाई जाती है और ज़ब उनके खाते में पैसे आता है तो उनको हाजरी के बदले में हजार से पां च सौ रूपये मिलता है।वही अब देखना यह है कि गोंडा जिला प्रशासन इन गरीबों के आंसू पोंछता है या भ्रष्टाचार का यह गंदा खेल ऐसे ही चलता रहेगा

# गर्मी व हीट वेव से बचाव के लिए डीएम ने जिले के अधिकारियों को दिये निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण द्वारा जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकारण बहराइच को दिये गए निर्देश के क्रम में बढ़ती हुई गर्मी व हीट वेव से बचाव हेतु जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी द्वारा आमजनमानस, पशु-पक्षी आदि सभी को राहत दिये जाने के उद्देश्य से ड्रेनेज, नलकूप, वन व पंचायती राज विभाग को निर्देश दिया गया कि ग्राम पंचायतों के माध्यम से सभी अमृत सरोवरों व जल स्रोतों को एक सप्ताह में भरवाना सुनिश्चित करें ताकि आमजन तथा मवेशियों को गर्मी के दौरान पानी की दिक्कत न हो। डीएम ने नगर निकाय, पंचायती राज व जल निगम को निर्देश दिया कि नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रों में शत-प्रतिशत हैण्डपम्पों को क्रियाशील रखा जाय। सिंचाई विभाग को निर्देश दिया गया है कि रोस्टर के अनुसार नहरों के संचालन के साथ यह भी सुनिश्चित करें कि पानी नहरों की टेल तक अवश्य पहुँचे। डीएम ने अधि.अभि. नलकूप को निर्देश दिया है कि शुष्क मौसम को दृष्टिगत रखते हुए सभी राजकीय नलकूपों को चालू हालत में रखें। यांत्रिक एवं विद्युत दोष से बन्द नलकूपों को प्राथमिकता के आधार पर संचालित कराया जाय तथा यह भी सुनिश्चित किया जाय कि छोटी-मोटी फाल्ट से नलकूप बन्द न होने पाएं। डीएम ने सभी कार्यालयों में शीतल पेयजल की व्यवस्था के तहत कम से कम प्राकृतिक फ्रिज (मटके) की व्यवस्था किये जाने के निर्देश दिये। डीएम ने सभी सम्बन्धित विभागों को निर्देश दिया कि ऐसे प्रबन्ध किये जायें जिससे बच्चे, वृद्धजन व अस्वस्थ व्यक्ति हीटवेव से प्रभावित न होने पाये। ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए डीएम ने विद्युत विभाग को निर्देश दिया कि खराब ट्रांसफार्मर्स को तत्काल ठीक करा दें तथा जिन स्थानों पर ओवर लोडिंग के कारण कोई समस्या हो वहाँ पर उचित बन्दोबस्त कर दिये जाएं। डीएम ने पशुपालन विभाग को निर्देश दिया कि गर्मी के मौसम को देखते हुए जनपद में संचालित समस्त गो आश्रय स्थलों में संरक्षित गोवंशों हेतु हरे चारे, पानी, छांव, भूसे, उपचार की माकूल व्यवस्था के साथ-साथ आवश्यकतानुसार पंखों की व्यवस्था भी करायी जाय। डीएम ने बीडीओ व सीवीओ को निर्देश दिया कि संरक्षित गोवंश किसी भी दशा में धूप में न रहने पायें। डीएम ने कहा कि गर्मी के मौसम में पशु चिकित्साधिकारी नियमित रूप से आश्रय स्थलों का निरीक्षण कर पशुओं के स्वास्थ्य पर दृष्टि बनाये रखें। डीएम ने स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिया कि ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए सभी आवश्यक दवाओं के प्रबन्ध के साथ-साथ सभी पीएचसी व सीएचसी पर आवश्यक स्टाफ की तैनाती सुनिश्चित की जाय। सीएमओ को निर्देश दिया गया कि आमजनमानस द्वारा अपनायी जाने वाली सावधानियों इत्यादि के बारे में व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाये तथा एडवाईज़री भी जारी कर दें ताकि लोगों को इस बात की जानकारी रहे कि लू व गर्मी का प्रकोप होने पर उन्हें क्या करना है और क्या नहीं करना है। डीएम ने समस्त कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिया है कि कार्यस्थलों पर श्रमिकों इत्यादि के लिए स्वच्छ पेयजल का उपयुक्त प्रबन्ध सुनिश्चित किया जाय। डीएम ने जनपदवासियों से भी अपील की है कि अपने घरों की छतों पर आपनी सामर्थ्य के अनुसार दाने पानी का प्रबन्ध अवश्य करें जिसे पक्षियों को गर्मी में असुविधा न हो।

# इंटरलॉकिंग रोड को तोड़कर खड़ीकर दी दीवाल, ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

### लेखपाल के मिली भगत से इंटरलॉकिंग को तोड़ कर बना लिया मकान

गोंडा । देहात कोतवाली खोरहंसा चौकी क्षेत्र अंतर्ग त पूरे तिवारी अकबरपुर गांव का है,जहां के रहने वाले अकरम खान सहित आधा दर्जन ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर कहां है कि विपक्षी नसीमुद्दीन उर्फ जीशान द्वारा रास्ते पर दबं गई के बल पर जबरन दीवाल उठाकर कब्जा कर रहे हैं,मना करने पर मारपीट करने पर उतारू हो जाते हैं,सोमवार को कुछ पत्रकार हकीकत जानने के लिए जब गांव पहुंचे तो वहां देखा गया कि नसी मुद्दीन द्वारा आरसीसी रोड पर ही दीवाल खड़ा क र लिए हैं जबकि, कर्म मोहम्मद नजर मोहम्मद चां द मोहम्मद के घर जाने का मात्र एक ही मार्ग है जो उनके दरवाजे से होकर उसे तरफ जाना पड़ता है वह भी अवरुद्ध हो चुका है,गांव पर ही,सनुतुल रुबीना समिम बानो मोहम्मद आरिफ वसीम खान सनवाज खान,अकरम जमीर खालिद मोहम्मद सा उथ मोहम्मद वसीम कर्म मोहम्मद सहित दर्जनों ग्रामीणों ने गांव में ही विरोध प्रदर्शन कर अवैध अतिक्रमण हटाने की मांग की है,विपक्षी नसीबुद्दी न ने बताया कि हम अपने ही स्थान पर निर्माण किए हैं,किसी का रास्ता अवरुद्ध नहीं किए हैं क्षेत्री य लेखपाल सूरज सिंह ने बताया कि मामला संज्ञा न में आया है जांच कर कार्रवाई की जाएगी।वही इस संबंध में एसडीएम सदर से बात की गई तो उन्होंने बताया कि हमें जानकारी नहीं है रास्ते पर अवैध निर्माण हुआ है तो उसे तत्काल गिराया जाए गा और निर्माण करने वाले के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# गर्मी व हीट वेव से बचाव के लिए डीएम ने जिले के अधिकारियों को दिये निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण द्वारा जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकारण बहराइच को दिये गए निर्देश के क्रम में बढ़ती हुई गर्मी व हीट वेव से बचाव हेतु जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी द्वारा आमजनमानस, पशु-पक्षी आदि सभी को राहत दिये जाने के उद्देश्य से ड्रेनेज, नलकूप, वन व पंचायती राज विभाग को निर्देश दिया गया कि ग्राम पंचायतों के माध्यम से सभी अमृत सरोवरों व जल स्रोतों को एक सप्ताह में भरवाना सुनिश्चित करें ताकि आमजन तथा मवेशियों को गर्मी के दौरान पानी की दिक्कत न हो। डीएम ने नगर निकाय, पंचायती राज व जल निगम को निर्देश दिया कि नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रों में शत-प्रतिशत हैण्डपम्पों को क्रियाशील रखा जाय। सिंचाई विभाग को निर्देश दिया गया है कि रोस्टर के अनुसार नहरों के संचालन के साथ यह भी सुनिश्चित करें कि पानी नहरों की टेल तक अवश्य पहुँचे। डीएम ने अधि.अभि. नलकूप को निर्देश दिया है कि शुष्क मौसम को दृष्टिगत रखते हुए सभी राजकीय नलकूपों को चालू हालत में रखें। यांत्रिक एवं विद्युत दोष से बन्द नलकूपों को प्राथमिकता के आधार पर संचालित कराया जाय तथा यह भी सुनिश्चित किया जाय कि छोटी-मोटी फाल्ट से नलकूप बन्द न होने पाएं। डीएम ने सभी कार्यालयों में शीतल पेयजल की व्यवस्था के तहत कम से कम प्राकृतिक फ्रिज (मटके) की व्यवस्था किये जाने के निर्देश दिये। डीएम ने सभी सम्बन्धित विभागों को निर्देश दिया कि ऐसे प्रबन्ध किये जायें जिससे बच्चे, वृद्धजन व अस्वस्थ व्यक्ति हीटवेव से प्रभावित न होने पाये। ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए डीएम ने विद्युत विभाग को निर्देश दिया कि खराब ट्रांसफार्मर्स को तत्काल ठीक करा दें तथा जिन स्थानों पर ओवर लोडिंग के कारण कोई समस्या हो वहाँ पर उचित बन्दोबस्त कर दिये जाएं। डीएम ने पशुपालन विभाग को निर्देश दिया कि गर्मी के मौसम को देखते हुए जनपद में संचालित समस्त गो आश्रय स्थलों में संरक्षित गोवंशों हेतु हरे चारे, पानी, छांव, भूसे, उपचार की माकूल व्यवस्था के साथ-साथ आवश्यकतानुसार पंखों की व्यवस्था भी करायी जाय। डीएम ने बीडीओ व सीवीओ को निर्देश दिया कि संरक्षित गोवंश किसी भी दशा में धूप में न रहने पायें। डीएम ने कहा कि गर्मी के मौसम में पशु चिकित्साधिकारी नियमित रूप से आश्रय स्थलों का निरीक्षण कर पशुओं के स्वास्थ्य

# फूड सेफ्टी की अनदेखी : रेलवे स्टेशन पर अवैध वेंडरों का कब्जा,यात्रियों की सेहत पर खतरा



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । रेलवे स्टेशन पर अवैध वेंडरों की बढ़ती गति विधियां यात्रियों के लिए बड़ी परेशानी बन चुकी हैं।बिना अनुमति और लाइसेंस के वेंडर प्लेटफार्म पर खुलेआम खाद्य सामग्री बेचते नजर आते हैं। इससे न सिर्फ यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा प्रभावित हो रही है, बल्कि उनकी सेहत पर भी गंभीर खतरा मंडरा रहा है।रेलवे प्रशासन की सम य-समय पर की जाने वाली जांच और कार्रवाई भी इन पर अंकुश लगाने में नाकाम साबित हो रही है। स्टेशन पर सफर करने वाले यात्रियों का कहना है कि बिना लाइसेंस वाले वेंडर प्लेटफार्म पर गंदगी फैलाते हैं और घटिया क्वालिटी का सामान ऊंचे दामों पर बेचते हैं।कई बार खाने-पीने की चीजें खुले में रखी जाती हैं,जिससे संक्रमण का खतरा और अधिक बढ़ जाता है।

### गोंडा रेलवे स्टेशन पर स्वास्थ्य पर गंभीर खतरा

ट्रेनो और स्टेशन परिसर में बिक रहे खाद्य पदार्थ न तो फूड सेफ्टी मानकों पर खरे उतरते हैं और न ही स्वच्छता का पालन किया जाता है। गंदे बर्तनों में परोसा गया खाना,बिना ढके हुए खाद्य पदार्थ और संदिग्ध क्वालिटी की सामग्री यात्रियों की सेहत के लिए खतरा साबित हो रही है,विशेषज्ञों के मुताबि क,ऐसी स्थिति में फूड प्वाइजनिंग और संक्रामक बीमारियां फैलने का खतरा बना रहता है।

### ट्रेनो में वैध वेंडरों पर भी उठ रहे सवाल

ट्रेनो में सिर्फ अवैध वेंडर ही नहीं,बल्कि कई अधि कृत वेंडर भी नियमों की अनदेखी करते देखे जाते हैं।इनमें पैकेजिंग,दर सूची प्रदर्शित करने और सम य-समय पर भोजन बदलने जैसी शर्तों का पालन नहीं होता।यात्रियों को बिना ट्रेनो में जांचे-परखे भो जन परोसना आम हो गया है।

### आरपीएफ की कार्रवाई महज औपचारिकता

रेलवे प्रशासन और आरपीएफ समय-समय पर छा पामार कार्रवाई करते हैं,लेकिन ये अभियान महज औपचारिकता तक ही सीमित रहते हैं।अवैध वेंडरों को पकड़ने के बाद अक्सर छोड़ दिया जाता है औ र कुछ ही दिनों में वे दोबारा सक्रिय हो जाते है।यही कारण है कि समस्या स्थायी रूप से खत्म न हीं हो पा रही है।

### होमगार्ड भर्ती परीक्षा के लिए नामित सेक्टर मजिस्ट्रेटों में हुआ आंशिक बदलाव

बहराइच ।उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ द्वारा 25, 26 एवं 27 अप्रैल 2026 को प्रति दिन 02 पालियों में आयोजित होने वाली उ.प्र. होगार्डस के पदों पर एनरोलमेंट 2025 की लिखित परीक्षा को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी, सुचितापूर्ण ढंग से सकुशल सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी द्वारा प्रत्येक परीक्षा केन्द्र हेतु स्टैटिक एवं सेक्टर मजिस्ट्रेटों की तैनाती की गई है। प्रथम पाली अन्तर्गत पूर्वान्ह 10:00 बजे से मध्यान्ह 12:00 बजे तक तथा द्वितीय पाली में अपरान्ह 03:00 बजे से सांय 05:00 बजे तक लिखित परीक्षा सम्पन्न होगी।
भर्ती परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु 03 परीक्षा केन्द्रों पर सेक्टर मजिस्ट्रेट, 01 परीक्षा केन्द्र के स्टैटिक मजिस्ट्रेट में बदलाव किया गया। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी द्वारा जारी संशोधित आदेश के अनुसार सरस्वती इण्टर कालेज रिसिया के लिए नगर मजिस्ट्रेट के स्थान पर उपायुक्त श्रम रोज़गार रवि शंकर पाण्डेय, महाराज सिंह इण्टर कालेज के लिए उप जिला मजिस्ट्रेट न्यायिक के स्थान पर तहसीलदार महसी विकास कुमार व वैद्य भगवानदीन मिश्र गांधी इण्टर कालेज के लिए ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/एसडीएम सदर के स्थान पर उपायुक्त स्वतः रोज़गार धनंजय सिंह को सेक्टर मजिस्ट्रेट नामित किया गया है। परीक्षा केन्द्र महाराज सिंह इण्टर कालेज हेतु बीडीओ चित्तौरा के स्थान पर ए.आर. को-आपरेटिव संजीव तिवारी को स्टैटिक मजिस्ट्रेट नामित किया गया है।

# परिषदीय विद्यालय में जागरूकता गोष्ठी का हुआ आयोजन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।प्राथमिक विद्यालय टाह पौटा में आज नारी शक्ति वंदन के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।विद्यालय में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के संबंध में एक जागरूकता गोष्ठी आयोजित की गई जिसका शुभारंभ ग्राम प्रधान श्रीमती राम बेटी द्वारा किया गया। गोष्ठी में विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉ0 विभव सक्सेना तथा शिक्षिका श्रीमती प्रगति धामी ने अभिभावकों को नारी शक्ति वंदन अधिनियम के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। गोष्ठी के अंतर्गत ग्राम प्रधान एवं विद्यालय के समस्त स्टाफ द्वारा महिलाओं को समाज में सम्मान दिए जाने, बेटियों को अधिक से अधिक शिक्षा दिलाने और समाज में नारी सशक्तिकरण की अलख जगाने हेतु सभी को प्रेरित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में शैक्षिक सत्र 2025-26 में 70% से अधिक उपस्थिति के लिए विभिन्न बालिकाओं एवं उनके अभिभावकों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया जिनमें सुहानी, प्रज्ञा, बरखा, अलका, शकुंतला, आराध्या, योगिता, हेमलता, दीक्षा, आयुषी वर्मा, शीतल, सुहानी, गुंजन, चंदा, हेमलता, राधा, सुहानी तथा आस्था शर्मा आदि छात्राएं और उनके अभिभावक सम्मिलित रहे। इसी प्रकार बालिकाओं हेतु आयोजित खेलकूद प्रतियोगिताओं में विजयी रही छात्राओं सोनी, चंदा, गुंजन, अलका, आराध्या, राधा, आयुषी वर्मा, सोनाक्षी, बरखा, सुहानी, योगिता देवी और कला/पोस्टर प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए आस्था शर्मा, चंदा, रेनू कुमारी, हेमलता, गुंजन और जावित्री आदि छात्राओं को पुरस्कार दिया गया। साथ ही विद्यालय के प्रधानाध्यापक की ओर से ग्राम प्रधान एवं विद्यालय के समस्त महिला स्टाफ को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर श्रीमती अंजना शुक्ला और श्रीमती ममता देवी तथा विभिन्न अभिभावक एवं संरक्षक उपस्थित रहे।

## नवनियुक्त जिला अध्यक्ष रमकिशोर, उपाध्यक्ष राजकुमार पासवान, कोषाध्यक्ष राहुल कनौजिया का डीसी मनरेगा एवं विधायक ने किया स्वागत



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। प्रभारी खंड विकास अधिकारी एवं डीसी मनरेगा हेमंत कुमार यादव व सहायक विकास अधिकारी पंचायत हरिश्चंद्र भारती व उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ ब्लॉक कमेटी द्वारा उत्तर प्रदेश राज कर्मचारी संयुक्त परिषद जनपद शाखा पीलीभीत के नवनिर्वाचित हुए जिला उपाध्यक्ष राजकुमार पासवान,जिला अध्यक्ष रामकिशोर,विजय राज व जिला मीडिया प्रभारी माजिद अली जिला सदस्य सौरभ कुमार का स्वागत विकासखंड पूरनपुर पर किया गया उसके बाद पदाधिकारी पूरनपुर के लोकप्रिय विधायक बाबूराम पासवान से आशीर्वाद प्राप्त किया इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष हरनरायण लाल,ब्लॉक मंत्री रवि राजपूत,ब्लॉक संगठन मंत्री तौफीक अहमद,तेजपाल यादव ,ओम बाबू, प्रेमपाल, पप्पू राम, संजीव प्रजापति, सुरजीत कुमार ,प्रवेश कुमार, शिवचरण, आफाक अहमद, रूपराम,इकबाल अहमद, धनवीर, रोहित कुमार,मोहम्मद अख्तर, शैलेश सोनकर आदि कर्मचारी मौजूद रहे है।

# गोसाईगंज पुलिस ने लकड़ी चोर गिरोह का किया भंडाफोड़, 4 गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। जनपद के थाना गोसाईगंज पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने खेतों से पेड़ काटकर चोरी करने वाले गिरोह का खुलासा करते हुए 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से चोरी की लकड़ी बरामद की गई है, साथ ही घटना में प्रयुक्त वाहन को भी सीज कर दिया गया है।

पुलिस अधीक्षक चारू निगम के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक व क्षेत्राधिकारी जयसिंहपुर के पर्यवेक्षण में चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। 7 अप्रैल 2026 को रविशंकर शुक्ला ने अपने खेत से 24 यूकेलिप्टस (सफ़ेदा) के पेड़ चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई थी। इस संबंध में गोसाईगंज थाने में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। विवेचना के दौरान पुलिस ने साक्ष्य जुटाए और मुखबिर की सूचना पर 20 अप्रैल को घेराबंदी कर आरोपियों को पकड़ लिया। पुलिस ने शुभम यादव (22), करन (18), रोशनलाल (19) और आदित्य पटेल (18) को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपी अयोध्या जनपद के बीकापुर थाना क्षेत्र के निवासी बताए जा रहे हैं। आरोपियों के पास से सफ़ेदा (यूकेलिप्टस) के कुल 43 बोटे बरामद किए गए हैं, जिनमें 25 बोटे 4 फीट के और 18 बोटे 3 फीट के हैं। इस सफल कार्रवाई में उपनिरीक्षक अशोक कुमार, उपनिरीक्षक कैलाश सिंह समेत पुलिस टीम के अन्य जवानों की अहम भूमिका रही। पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। मामले में आगे की विधिक कार्रवाई जारी है।

# पुलिस मुठभेड़ में शातिर हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

## संग्रामपुर पुलिस ने तमंचा कारतूस के साथ ही चोरी की बैटरी झटका मशीन और बाइक किया बरामद

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी । थाना संग्रामपुर पुलिस व स्वाट टीम द्वारा आपरेशन चक्रव्यूह अभियान के तहत पुलिस मुठभेड़ में एक शातिर हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार किया गया है जिसके कब्जे से एक तमंचा, एक खोखा कारतूस, एक जिन्दा कारतूस, चोरी की बैटरी, झटका मशीन, चोरी के सामान बिक्री के सात सौ रुपये नगद व घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद की गई है।मुठभेड़ में गिरफ्तार हिस्ट्रीशीटर के बयान के आधार पर प्रकाश में आये दो अन्य शातिरों को गिरफ्तार किया गया है जिनके कब्जे से चोरी का गैस सिलेण्डर, एक हजार चार सौ रूपये, प्लास, पेचकश, कुदाल, फावड़ा आदि बरामद हुआ है।पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देश पर थाना संग्रामपुर के थानाध्यक्ष संजय सिंह मय हमराह व स्वाट टीम की संयुक्त टीम द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु व वाहन के दौरान विशेषरगंज रोड, बेलखरी मोड़ पर चेकिंग की जा रही कि तभी एक संदिग्ध मोटरसाइकिल सवार बेलखरी की तरफ से आता दिखाई दिया जिसे पुलिस टीम द्वारा रोकने का प्रयास किया गया तो पुलिस से खुद को घिरा देख उक्त व्यक्ति द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर कर दिया गया। पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ फायरिंग में उक्त बदमाश के पैर में गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस टीम द्वारा घायल का नाम व पता पूछने पर उसने अपना नाम शनि पाण्डेय उर्फ सुभाष पाण्डेय पुत्र शम्भूनाथ पाण्डेय निवासी घिसियावन पाण्डेय का पुरवा मजरे बेलखरी थाना संग्रामपुर जनपद अमेठी बताया। पुलिस टीम द्वारा की गई पूंछतांछ में गिरफ्तार युवक ने बताया कि वह व उसके साथी समरजीत पुत्र शिवबहादुर ग्राम तिवारीपुर सोनारीपुर कनू थाना संग्रामपुर व रामलाल मौर्या पुत्र गया प्रसाद मौर्या निवासी ग्राम तिवारीपुर सोनारीपुर कनू थाना संग्रामपुर जनपद अमेठी ने मिलकर चार अप्रैल की रात्रि में प्राइमरी स्कूल में एक गैस सिलेण्डर व एक बोरी चावल चोरी किया था उस चोरी के सामान में चावल को उनलोगों के द्वारा आने जाने वाले राहगीरों को बेच दिया गया था व सिलेण्डर को छुपा कर रख लिया था। छह अप्रैल को उन तीनों ने मिलकर ग्राम किशुनचेतपुर मजरे भैरोंपुर में एक ट्यूबबेल की दीवाल व ताला तोड़कर उसमें रखी झटका मशीन, बैटरी, फावड़ा, दो कुदाल, एक सब्बल, पेचकस सेट, प्लास, लोहे की 08 फुट की पाइप व अन्य सामान चोरी कर अपनी-अपनी बाइक से भाग गए थे सामान को बांटकर उन लोगों ने अलग अलग स्थान पर रख दिया था। आज उसी झटका मशीन व बैटरी को बेंचने के लिए अपनी मोटरसाइकिल से बोरी में छुपाकर ले जा रहा था। अभियुक्त द्वारा बताया गया कि उसके अन्य दो साथी भी मोटरसाइकिलों से बचे हुये चोरी के सामान को बेंचने के लिए विशेषरगंज बाजार में आने वाले हैं। घायल को उपचार हेतु पुलिस बल के साथ अस्पताल भेजा गया। पुलिस अधीक्षक सरवणन टी ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार शनि पाण्डेय उर्फ सुभाष पाण्डेय एक शातिर हिस्ट्रीशीटर अन्तर्जनपदीय अपराधी है जिसके विरुद्ध मारपीट, चोरी, लूट, हत्या के प्रयास, एनडीपीएस एक्ट, आर्म्स एक्ट व गैंगस्टर एक्ट आदि विभिन्न गंभीर धाराओं में जनपद अमेठी व जनपद फतेहपुर में कुल तेईस अभियोग पंजीकृत हैं।

## महिला कांस्टेबल का एटीएम बदलकर 97,500 रुपये की ठगी, मुकदमा दर्ज

सुल्तानपुर। अमेठी के एलआईयू विभाग में तैनात हेड कांस्टेबल प्रतिभा पाण्डेय के साथ एटीएम फ्रॉड का मामला सामने आया है। जालसाजों ने उनका एटीएम कार्ड बदलकर 24 घंटे के भीतर 97,500 रुपये निकाल लिए। घटना के बाद नगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार पीड़िता सुल्तानपुर स्थित महिला थाना परिसर में बने सरकारी आवास में अपने बच्चों के साथ रहती हैं। उनकी दो बेटियां शास्त्रीनगर के सरस्वती विद्या मंदिर में पढ़ती हैं। 6 अप्रैल को बेटियों के एडमिशन के लिए स्कूल पहुंची प्रतिभा पाण्डेय के पास पैसे कम पड़ गए, जिसके बाद वह मुख्य मार्ग स्थित आईडीबीआई बैंक के एटीएम पर पैसे निकालने पहुंचीं। बताया जा रहा है कि एटीएम के अंदर पहले से मौजूद दो अज्ञात व्यक्तियों ने मदद के बहाने उनका कार्ड अपने पास लेकर मशीन में लगाने की बात कही। इसी दौरान उन्होंने धोखाधड़ी करते हुए उनका एटीएम कार्ड बदल दिया और दूसरा कार्ड थमा दिया। उस समय पीड़िता को इसकी जानकारी नहीं हो सकी।

# यूपी में 7700 से अधिक गौ आश्रय स्थल किये जा रहे संचालित : महेश शुक्ला

## गौ संरक्षण व्यवस्थाओं को और सुदृढ़ करने का निर्देश दिया

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी । कलेक्ट्रेट सभागार में गौ संरक्षण, अनुश्रवण एवं मूल्यांकन समिति की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उत्तर प्रदेश गो सेवा आयोग के उपाध्यक्ष महेश कुमार शुक्ल एवं सदस्य दीपक गोयल ने जिलाधिकारी संजय चौहान तथा पुलिस अधीक्षक सरवणन टी सहित अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ जनपद में संचालित व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। बैठक के उपरांत उन्होंने मीडिया प्रतिनिधियों से मुखातिब होते हुए बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में ख्गो सेवाङ्क को केवल प्रशासनिक दायित्व न मानते हुये मानवीय, सामाजिक एवं आध्यात्मिक उत्तरदायित्व के रूप में स्वीकार किया गया है। इसी दृष्टि से प्रदेश सरकार द्वारा निराश्रित एवं असहाय गोवंश के संरक्षण, संवर्धन एवं समुचित देखभाल के लिए व्यापक और बहुआयामी योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनके सकारात्मक परिणाम प्रदेशभर में स्पष्ट रूप से देखने को मिल रहे हैं। उत्तर प्रदेश देश का पहला ऐसा राज्य है जहां निराश्रित गोवंश के भरण-पोषण के लिए सरकार द्वारा प्रति गोवंश पचास रुपये प्रतिदिन की दर से धनराशि उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में प्रदेश के विभिन्न जनपदों में सात हजार सात सौ से अधिक गो-आश्रय स्थल सक्रिय रूप से संचालित हो रहे हैं जहां सोलह लाख से अधिक निराश्रित गोवंश को सुरक्षित आवास, नियमित आहार, स्वच्छ पेयजल एवं आवश्यक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। यह व्यवस्था न केवल गोवंश के संरक्षण को सुनिश्चित कर रही है, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था एवं सामाजिक संतुलन को भी सुदृढ़ बना रही है। गौशालाओं के प्रभावी संचालन एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने हेतु बड़ी संख्या में सीसीटीवी कैमरे स्थापित किए गए हैं। जनपद अमेठी में भी गो संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए जा रहे हैं। वर्तमान में जनपद में एक सौ अठाइस गो-आश्रय स्थल क्रियाशील हैं, जिनमें सत्ताइस हजार चार सौ बानबे गोवंश का संरक्षण एवं पालन-पोषण किया जा रहा है। उद्यान विभाग को निर्देशित किया गया कि गौशालाओं से गोबर खाद की खरीद को बढ़ावा दिया जाए, जिससे जैविक खेती को प्रोत्साहन मिले। वहीं वन विभाग को प्रत्येक गौशाला में सहजन, नीम, पीपल एवं बरगद जैसे पर्यावरणीय दृष्टि से महत्वपूर्ण वृक्षों का रोपण कराने के निर्देश दिए गए। ख्जीरो टॉलरेंस नीतिङ्क के तहत गोवंश संरक्षण से संबंधित नियमों के उल्लंघन पर त्वरित एवं कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। साथ ही भ्रामक प्रचार फैलाने वाले असामाजिक तत्वों के विरुद्ध भी सख्त रुख अपनाया जा रहा है। माननीय उपाध्यक्ष ने बताया कि आयोग एवं संबंधित अधिकारी नियमित रूप से गो-आश्रय स्थलों का निरीक्षण कर रहे हैं और किसी भी प्रकार की अनियमितता पाये जाने पर तत्काल कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि निराश्रित गोवंश की सेवा एवं संरक्षण में किसी भी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सचिन कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी अनिल चतुर्वेदी, अपर निदेशक पशुपालन विभाग अयोध्या मंडल, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. जी.के. शुक्ला सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## 24 व 25 अप्रैल को न्यायालय में रहेगा अवकाश

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता। जनपद न्यायाधीश ने बताया कि न्यायिक अधिकारियों के स्पोर्ट्स मीट आयोजन के दृष्टिगत जनपद न्यायालय, बहराइच, ग्राम न्यायालय नानपारा व महसी में 24 व 25 अप्रैल 2026 को अवकाश रहेगा।

## पुलिस ने गुमशुदा आठ वर्षीय बालिका को परिजनों को सौंपा

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना जगदीशपुर पुलिस की तत्परता से गुमशुदा बालिका को सकुशल बरामद कर परिजनो के सुपुर्द किया गया। थाना क्षेत्र के ग्राम गुड़ाही मोहल्ला कस्बा निहालगढ़ थाना जगदीशपुर निवासिनी सना बानो पत्नी सददाम हुसैन निवासी ग्राम गुडाही मोहल्ला कस्बा निहालगढ़ थाना जगदीशपुर द्वारा सोमवार को थाना जगदीशपुर पर अपनी बहन साजिया बानों पुत्री असफाक निवासी ग्राम मोहल्ला तिलकिरान थाना जैदपुर जनपद बाराबंकी उम्र करीब आठ वर्ष के कहीं चले जाने के सम्बंध में प्रार्थना पत्र दिया गया।पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में व क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना श्री अतुल कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में उक्त प्रार्थना पत्र के संबंध में तत्परता से कार्यवाही करते हुये थाना जगदीशपुर के प्रभारी निरीक्षक धीरेन्द्र कुमार यादव द्वारा कस्बा व अन्य स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे चेक कराये गये।पुलिस टीम द्वारा रेलवे स्टेशन,बस स्टेशन एवं अन्य स्थानों पर खोजा गया । तलाश के क्रम में पुलिस टीम द्वारा गुमशुदा बालिका को सीएचसी जगदीशपुर से बरामद कर उनके परिजनों के सुपुर्द किया गया। बालिका के परिजनों द्वारा अमेठी पुलिस को धन्यवाद दिया गया।

## बीस हजार रुपये का इनामी बदमाश गिरफ्तार

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना संग्रामपुर पुलिस ने एक अपराधिक मामले में वांछित व बीस हजार रुपये के इनामी बदमाश को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में संदिग्धों की चेकिंग व अपराध एवं अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान आपरेशन चक्रव्यूह के तहत सोमवार को को थाना संग्रामपुर पुलिस द्वारा एक अपराधिक मामले में वांछित व बीस हजार रुपये का ईनामिया ललित पुत्र पुत्तीलाल निवासी चकधरपुर थाना संग्रामपुर जनपद अमेठी को गिरफ्तार किया गया है। थाना संग्रामपुर के थानाध्यक्ष संजय सिंह ने बताया कि पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने बताया कि उक्त युवक घटना के बाद से लगातार फरार चल रहा था जिसकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक अमेठी द्वारा बीस हजार रुपये का पुरस्कार घोषित किया गया था।उक्त सराहनीय कार्य हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस टीम को बीस हजार रुपये नकद पुरस्कार देने की घोषणा की गई है।

## सपा कर्यकर्ताओं ने फायर स्टेशन खोलने की करी मांग

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। सपा कार्यकर्ताओं की मीटिंग में सपा कार्यकर्ताओं ने पूरनपुर में फायर स्टेशन की मांग की सपा कार्यकर्ताओं की एक बैठक सभासद नादिर राजा बरकाती के आवास पर हुई जिसमें सभी कार्यकर्ताओं ने संयुक्त होकर पूरनपुर में फायर स्टेशन की मांग की सपा जिला सचिव तौफीक अहमद कादरी ने ने कहा की तहसील तहसील पूरनपुर उत्तर प्रदेश की एक बड़ी तहसील है जिसमें सैकड़ो गांव आते हैं तहसील पूरनपुर कृषि क्षेत्र में अग्रणी है जिसमें हर वर्ष ग्रीष्म ऋतु में किसानों द्वारा पैदा की गई फसलों में अक्सर नंगे तारों से आग लग जाती है किसी अन्य कर्म से भी आग लग जाती है और सैकड़ो एकड़ फसल खाक हो जाती है हर वर्ष किसानों का बहुत नुकसान होता है इसकी मुख्य वजह यह है पूरनपुर में इतनी बड़ी तहसील होने के बाद भी अब तक फायर स्टेशन नहीं है फायर फायर स्टेशन कि बरसों से मांग चली आ रही है परंतु अब तक सरकार द्वारा किशोर गंभीरता पूर्वक ध्यान नही दिया गया है जो कि इस तहसील के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है ग्रीष्म ऋतु में हर वर्ष आग लगने से लाखों रुपए की छाती होती है और जान माल का भी नुकसान होता है उन्होंने कहा की तहसील पूरनपुर में फायर स्टेशन की स्थापना की जाए और लगभग एक दर्जन गाड़ियों की तैनाती की जाए ताकि समय रहते आग लगने पर तुरंत राहत मिल सके सपा नेता अंग्रेज सिंह राम बहादुर यादव अमन यादव पुनीत सिंह ने कहा की तहसील पूरनपुर किसने की तहसील है और यहां का मुख्य किसानों का कारोबार कृषि ही है कृषि से ही पूरनपुर तहसील चलती है हर वर्ष किसानों की फसलों में आग लगने से नुकसान होता चला रहा है बरसों से किसानों और यहां के नेताओं की मांग रही है कि यहां फायर स्टेशन की स्थापना की जाए और फायर ब्रिगेड की गाड़ियों की तैनाती की जाए ताकि समय रहते आज पर नियंत्रण पाया जा सके फायर ब्रिगेड स्टेशन ना होने से यहां के लोगों में रोष है. कई वर्षो से सरकार और प्रशासन ध्यान नहीं दे रहे हैं द्य सभी ने पूरनपुर में फायर सर्विस अग्नि समन केंद्र की स्थापना की मांग इस मौके पर तौफ़ीक़अहमद क़ादरी, अंग्रेज सिंह, परमजीत सिंह ,अमन यादव, अफजल अंसारी, पप्पू शाह, ओमकार यादव ,सभासद नुसरत परवीन क़ादरी परमेश्री इत्यादि थे।

# तिलोई रियासत के युवराज के तिलकोत्सव में राजनैतिक हस्तियों का लगा रहा जमावड़ा

## राज्यमंत्री के सुपुत्र के तिलकोत्सव में दर्जनों विधायकों के साथ हजारों लोगों ने शामिल होकर दी बधाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता



तिलोई अमेठी । प्रदेश सरकार के चिकित्सा शिक्षा एवं स्वास्थ्य राज्यमंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह के सुपुत्र युवराज उत्कर्ष शरण सिंह का शुभ तिलकोत्सव समारोह वैदिक रीति रिवाज एवं मंत्रोच्चारण के साथ सम्पन्न हुआ। प्रदेश के कई विधायक तिलकोत्सव समारोह के साक्षी बने। राजभवन तिलोई में आयोजित शुभ तिलकोत्सव समारोह में मंत्री विधायकों समेत अन्य तमाम राजनैतिक हस्तियों का जमावड़ा लगा रहा। राजभवन तिलोई को रंग बिरंगी आधुनिक लाइटों से दुल्हन की तरह सजाया गया था।तिलोई रियासत के युवराज उत्कर्ष शरण सिंह को कई विधायकों के साथ ही अन्य तमाम जनप्रतिनिधियों ने बधाई दी है। तिलोई रियासत के युवराज उत्कर्ष शरण सिंह के तिलकोत्सव समारोह में सुबह से लेकर देर रात तक बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। प्रदेश सरकार के चिकित्सा शिक्षा एवं स्वास्थ्य राज्यमंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह के सुपुत्र उत्कर्ष शरण सिंह की शादी पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चंद्र शेखर सिंह की सुपौत्री एवं विधान परिषद सदस्य रवि शंकर सिंह की सुपुत्री आकंक्षा सिंह के साथ आगामी सात मई को होनी है। सोमवार को राजभवन तिलोई पर आयोजित तिलकोत्सव समारोह वैदिक रीति रिवाज एव मंत्रोच्चारण के साथ सम्पन्न हुआ। तिलकोत्सव समारोह पर राजभवन तिलोई को रंग बिरंगी आधुनिक लाइटों से दुल्हन की तरह सजाया गया था। राज्यमंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह, कुंवर मृगांकेश्वर शरण सिंह, ब्लाक प्रमुख तिलोई के प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह एवं सिंहपुर के ब्लाक प्रमुख अंकित पासी अतिथियों का स्वागत कर रहे थे।राज्यमंत्री के सुपुत्र उत्कर्ष शरण सिंह के तिलकोत्सव समारोह में राज्यसभा सदस्य नीरज शेखर,गोसाईगंज के विधायक अभय सिंह, गौरीगंज के विधायक राकेश प्रताप सिंह, रायबरेली की सदर विधायक अदिति सिंह, जैदपुर के विधायक गौरव रावत,विधान परिषद सदस्य शैलेन्द्र प्रताप सिंह, पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ संजय सिंह,अरविंद सिंह गोप, विपुल सिंह चौहान, मनीष सिंह के साथ ही कई प्रांतों के राजाओं के अलावा जनपद एवं तहसील के अधिकारियों व भाजपा नेताओं और क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों ने शामिल होकर शुभकामनाएं दी।

# प्रवेश पाण्डेय बने समीक्षा अधिकारी क्षेत्र में खुशी की लहर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बल्दीराय/सुलतानपुर। विकास खंड बल्दीराय के ग्राम पंचायत सोरांव अंतर्गत पूरे भोला पाण्डेय गांव के निवासी प्रवेश पाण्डेय का चयन सचिवालय में समीक्षा अधिकारी (त्मअपमू वîपिबमत) पद पर होने से पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। उनकी इस सफलता से गांव ही नहीं बल्कि पूरे ब्लॉक में उत्साह और गर्व की भावना देखी जा रही है।

प्रवेश पाण्डेय की इस उपलब्धि पर ग्राम प्रधान रमेश कुमार, पूर्व प्रधान व प्रधान पद प्रत्याशी मो. असलम, प्रधान प्रतिनिधि एवं समाजसेवी मो. इरफान (मास्टर), मुनीर अहमद (नेता), जयनन्द पाण्डेय, तौहीद खां, विपिन यादव और अब्दुल कादिर सहित कई जनप्रतिनिधियों व गणमान्य लोगों ने उन्हें बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मूल रूप से सुल्तानपुर जिले के निवासी प्रवेश पाण्डेय ने अपनी मेहनत और लगन के दम पर यह सफलता हासिल की है। इससे पहले वह अमेठी स्थित उमा रमण राजकीय विद्यालय में सहायक अध्यापक के पद पर कार्यरत थे। अब वह सचिवालय में नई जिम्मेदारी निभाएंगे। यह उनकी तीसरी बड़ी सरकारी नौकरी है, जो उनकी प्रतिभा और निरंतर परिश्रम का प्रमाण है। समाजसेवी इरफान मास्टर ने कहा कि लक्ष्य के प्रति समर्पण और ईमानदारी से किसी भी मुकाम को हासिल किया जा सकता है, और प्रवेश पाण्डेय इसका जीवंत उदाहरण हैं। परिवार की बात करें तो उनके बड़े भाई लेखपाल हैं, जबकि उनके पिता चन्द्र देव पाण्डेय भी वरिष्ठ लेखपाल पद पर कार्यरत हैं। माता लीलावती गृहिणी हैं। इस सफलता पर परिवार के संदीप पाण्डेय, वृजेश पाण्डेय और चाचा ज्ञानदेव पाण्डेय सहित अन्य परिजनों ने हर्ष व्यक्त किया। प्रवेश पाण्डेय की यह उपलब्धि क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा बनकर उभरी है।

## सम्पादकीय

# भाषा से परिभाषाः शब्दों में संसार की रचना

मनुष्य को अन्य जीवों से अलग करने वाली सबसे अद्भुत शक्ति है–भाषा। भाषा केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि हमारी सोच, पहचान, संस्कृति और ज्ञान का आधार है। हम जिस तरह से किसी चीज़ को परिभाषित करते हैं, वही हमारी समझ और दृष्टिकोण को आकार देता है। इसलिए यह कहना गलत नहीं होगा कि परिभाषा, भाषा की देन है। हमारे विचार शब्दों के माध्यम से ही आकार लेते हैं। यदि किसी भावना, वस्तु या अनुभव के लिए शब्द ही न हो, तो उसे समझना और व्यक्त करना कठिन हो जाता है। उदाहरण के लिए, प्रेम, स्वतंत्रता या न्याय जैसे शब्द केवल भाव नहीं, बल्कि गहरी सामाजिक और दार्शनिक अवधारणाएँ हैं। इनकी परिभाषा समय, समाज और व्यक्ति के अनुसार बदलती रहती है। परिभाषा का अर्थ है–किसी चीज़ की सीमाओं और स्वरूप को स्पष्ट करना। जब हम किसी शब्द की परिभाषा तय करते हैं, तो हम यह भी तय करते हैं कि वह क्या है और क्या नहीं। इस प्रक्रिया में भाषा हमारी मदद करती है। परंतु यह भी सच है कि हर परिभाषा कुछ हद तक सीमित होती है, क्योंकि भाषा स्वयं सीमाओं में बंधी होती है। हर भाषा अपने साथ एक विशेष संस्कृति, परंपरा और सोच को लेकर चलती है। इसलिए एक ही वस्तु या विचार की परिभाषा अलग-अलग भाषाओं में भिन्न हो सकती है। उदाहरण के लिए, हिंदी में संस्कार शब्द का जो अर्थ और गहराई है, वह अन्य भाषाओं में ठीक उसी रूप में व्यक्त नहीं हो पाता। इससे स्पष्ट होता है कि भाषा केवल शब्दों का संग्रह नहीं, बल्कि एक सांस्कृतिक धरोहर है। समय के साथ भाषा भी बदलती है और उसके साथ परिभाषाएँ भी। नई तकनीक, सामाजिक परिवर्तन और वैश्वीकरण के कारण कई नए शब्द और अर्थ सामने आते हैं। जैसे डिजिटल, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस या सोशल मीडिया–इन शब्दों की परिभाषाएँ कुछ दशक पहले अस्तित्व में ही नहीं थीं। भाषा के माध्यम से हम किसी भी विचार को सकारात्मक या नकारात्मक रूप दे सकते हैं। इसलिए यह आवश्यक है कि हम शब्दों का चयन सोच-समझकर करें। गलत या भ्रामक परिभाषाएँ समाज में भ्रम और विभाजन पैदा कर सकती हैं, जबकि स्पष्ट और संवेदनशील भाषा समझ और एकता को बढ़ावा देती है। भाषा केवल अभिव्यक्ति का साधन नहीं, बल्कि हमारी सोच और दुनिया को देखने का तरीका है। परिभाषाएँ उसी भाषा की नींव पर खड़ी होती हैं। इसलिए यदि हम अपनी भाषा को समृद्ध और संवेदनशील बनाएँ, तो हमारी परिभाषाएँ भी अधिक स्पष्ट, समावेशी और प्रभावशाली बनेंगी। अंततः, हम भाषा का उपयोग नहीं करते, बल्कि भाषा हमें परिभाषित करती है।

हमारे विचार शब्दों के माध्यम से ही आकार लेते हैं। यदि किसी भावना, वस्तु या अनुभव के लिए शब्द ही न हो, तो उसे समझना और व्यक्त करना कठिन हो जाता है। उदाहरण के लिए, प्रेम, स्वतंत्रता या न्याय जैसे शब्द केवल भाव नहीं, बल्कि गहरी सामाजिक और दार्शनिक अवधारणाएँ हैं। इनकी परिभाषा समय, समाज और व्यक्ति के अनुसार बदलती रहती है। परिभाषा का अर्थ है–किसी चीज़ की सीमाओं और स्वरूप को स्पष्ट करना। जब हम किसी शब्द की परिभाषा तय करते हैं, तो हम यह भी तय करते हैं कि वह क्या है और क्या नहीं।

# स्टार्टअप की दुनिया और आज का नया भारत

भारत आज एक ऐसे दौर से गुजर रहा है, जहां नवाचार और उद्यमिता राष्ट्र निर्माण की धुरी बन चुकी हैं। देश में स्टार्टअप्स की तेजी से बढ़ती संख्या, उनके द्वारा सृजित रोजगार और वैश्विक स्तर पर उनकी पहचान इस बात का प्रमाण है कि भारत एक नए 'आर्थिक युग' में प्रवेश कर चुका है। इस संदर्भ में कहना होगा कि 16 जनवरी 2016 को शुरू की गई स्टार्टअप इंडिया पहल ने इस परिवर्तन को दिशा और गति प्रदान की है। इस पहल का उद्देश्य एक ऐसा मजबूत इकोसिस्टम तैयार करना था, जहां नए विचारों को पंख मिलें, निवेश को प्रोत्साहन मिले और उद्यमियों को हर स्तर पर सहयोग प्राप्त हो सके। केंद्र की मोदी सरकार ने समय को पहचानते हुए नीतियों को सरल बनाया, वित्तीय सहायता, कर में छूट और बाजार तक पहुंच जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं पर विशेष ध्यान दिया और एक नया क्षितिज अपने देश के युवाओं के लिए खोल दिया, जिनके लिए नवाचार से उद्यमिता में सफलता जैसे कोई स्वप्न था! वस्तुतः आज इस यात्रा का परिणाम हमारे सामने मौजूद है। वित्त वर्ष 2025-26 में 55,200 से अधिक स्टार्टअप्स को राज्यवार मान्यता मिल गई है। कह सकते हैं कि वर्ष 2026 से शुरू हुई स्टार्टअप्स की यात्रा में यह किसी एक वर्ष में अब तक की सर्वाधिक संख्या है। यह पिछले वित्त वर्ष 2024-25 के 36,400+ स्टार्टअप्स की तुलना में 51.6 प्रतिशत की प्रभावशाली वृद्धि को दर्शाता है। यह आंकड़ा निश्चित ही उस विश्वास और ऊर्ज़ा का प्रतीक है, जो वर्तमान भारत के युवाओं में दिखाई दे रही है। यही कारण है, रोजगार सृजन के क्षेत्र में भी स्टार्टअप्स ने उल्लेखनीय योगदान दिया है। वित्त वर्ष 2025-26 में लगभग 4,99,400 प्रत्यक्ष नौकरियां सृजित हुईं हैं, आंकड़ा कहता है कि यह पिछले वर्ष की तुलना में 36.1 प्रतिशत अधिक हैं। 31 मार्च 2026 तक कुल 2.23 लाख से अधिक मान्यता प्राप्त स्टार्टअप्स ने 23.36 लाख से अधिक प्रत्यक्ष रोजगार सृजित किए हैं। देश के विभिन्न राज्यों में स्टार्टअप्स का विस्तार भारत के संतुलित विकास की कहानी कहता है। महाराष्ट्र, कर्नाटक, उत्तर प्रदेश, दिल्ली और गुजरात जैसे राज्य इस क्षेत्र में अग्रणी बनकर उभरे हैं। इन राज्यों में हजारों स्टार्टअप्स सक्रिय हैं, जिनके माध्यम से सिर्फ लाखों भारतीयों को ही नहीं, कई विदेशियों को भी रोजगार मिल रहा है। इसमें अच्छी बात यह भी है कि अब छोटे शहरों और दूरदराज के क्षेत्रों से भी स्टार्टअप्स उभर रहे हैं, जो भारत के आर्थिक विकास को व्यापक और समावेशी बना रहे हैं। सरकार की विभिन्न योजनाएं इस विकास को मजबूत आधार प्रदान कर रही हैं। फंड ऑफ फंड्स फॉर स्टार्टअप्स (एफएफएस) के तहत 7,000 करोड़ रुपये से अधिक का वितरण किया जा चुका है, जिससे 1,420 से अधिक स्टार्टअप्स में 26,900 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश संभव हुआ है। इस सफलता को देखते हुए 10,000 करोड़ रुपये के कोष के साथ एफएफएस 2.0 की शुरुआत की गई है, जो भविष्य में और अधिक स्टार्टअप्स को सहयोग प्रदान करेगा। क्रेडिट गारंटी स्कीम फॉर स्टार्टअप्स (सीजीएसएस) का विस्तार भी इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। गारंटी कवर को 10 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 20 करोड़ रुपये कर दिया गया है, जिससे स्टार्टअप्स के लिए पूंजी जुटाना आसान हो गया है। 2025-26 तक 1,250 करोड़ रुपये से अधिक के ऋणों की गारंटी दी जा चुकी है, जो इस योजना की प्रभावशीलता को दर्शाता है। स्टार्टअप इंडिया सीड फंड स्कीम (एसआईएसएफएस) के तहत 219 इनक्यूबेटरों के माध्यम से 3,400 से अधिक स्टार्टअप्स को 605 करोड़ रुपये से अधिक की सहायता प्रदान की गई है। कहना होगा कि यह योजना उन स्टार्टअप्स के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, जो शुरुआती चरण में होते हैं और जिन्हें वित्तीय सहायता की सबसे अधिक आवश्यकता होती है। वहीं, महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में भी यह क्रांति स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। 1.07 लाख से अधिक स्टार्टअप्स में कम से कम एक महिला निदेशक या भागीदार है, जिसे आंकड़ों के हिसाब से हम कुल स्टार्टअप्स का लगभग 48 प्रतिशत मान सकते हैं। यह संख्या बता रही है कि महिलाओं की बढ़ती भागीदारी अब नेतृत्व की भूमिका में है। यह परिवर्तन सामाजिक और आर्थिक दोनों स्तरों पर महत्वपूर्ण है। यही कारण भी है जो नवाचार के क्षेत्र में भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है। स्टार्टअप्स द्वारा दायर पेटेंट आवेदनों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि इसका साक्षात प्रमाण है। वित्त वर्ष 2024-25 में जहां 2,850+ पेटेंट आवेदन दायर किए गए थे, वहीं 2025-26 में यह संख्या बढ़कर 4,480+ हो गई है। कुल मिलाकर 19,400 से अधिक पेटेंट आवेदन दाखिल किए जा चुके हैं, जो यह दर्शाता है कि भारत अब नवाचार के क्षेत्र में भी अपनी मजबूत पहचान बना रहा है। सरकारी ई-मार्केटप्लेस ([illegible]) ने भी स्टार्टअप्स को नई संभावनाएं प्रदान की हैं। 38,600 से अधिक स्टार्टअप्स इस प्लेटफॉर्म से जुड़े हैं, जिससे उन्हें सरकारी खरीद में भाग लेने का अवसर मिला है। 2025-26 में 1,40,260 से अधिक ऑर्डर दिए गए, जिनका कुल मूल्य 19,190 करोड़ रुपये से अधिक रहा। यह सरकारी समर्थन का सशक्त उदाहरण है, जिसने स्टार्टअप्स को बाजार तक पहुंचने में मदद की है। अब यदि इस पूरे परिदृश्य को व्यापक दृष्टि से देखें, तब यह स्पष्ट हो जाता है कि भारत ने अपनी विशाल जनसंख्या को एक उत्पादक शक्ति में बदलने की दिशा में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। युवाओं की ऊर्ज़ा, सरकार की नीतियां और तकनीकी प्रगति, वस्तुतः इन तीनों के समन्वय ने भारत को आज वैश्विक स्तर पर इस दिशा में एक नई पहचान दिलाई है। आज भारत दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते स्टार्टअप इकोसिस्टम में शामिल होकर वैश्विक नवाचार के मानचित्र पर अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रहा है। उम्मीद है कि आने वाले वर्षों में भारत का स्टार्टअप इकोसिस्टम और अधिक सशक्त होगा, जो देश को आर्थिक, सामाजिक और तकनीकी रूप से नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा। एक तरह से देखें तो वर्तमान भारत में स्टार्टअप क्रांति न सिर्फ आर्थिक विकास की कहानी है, बल्कि यह आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की दिशा में मजबूत और निर्णायक कदम है; कहना होगा कि एक ऐसा कदम, जोकि आने वाली पीढ़ियों के लिए नए अवसरों के द्वार खोल रहा है और भारत दिनो-दिन सशक्त हो रहा है, अर्थ के साथ वैश्विक प्रभाव में भी। **–डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

देश में स्टार्टअप्स की तेजी से बढ़ती संख्या, उनके द्वारा सृजित रोजगार और वैश्विक स्तर पर उनकी पहचान इस बात का प्रमाण है कि भारत एक नए 'आर्थिक युग' में प्रवेश कर चुका है। इस संदर्भ में कहना होगा कि 16 जनवरी 2016 को शुरू की गई स्टार्टअप इंडिया पहल ने इस परिवर्तन को दिशा और गति प्रदान की है। इस पहल का उद्देश्य एक ऐसा मजबूत इकोसिस्टम तैयार करना था, जहां नए विचारों को पंख मिलें, निवेश को प्रोत्साहन मिले और उद्यमियों को हर स्तर पर सहयोग प्राप्त हो सके। केंद्र की मोदी सरकार ने समय को पहचानते हुए नीतियों को सरल बनाया, वित्तीय सहायता, कर में छूट और बाजार तक पहुंच जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं पर विशेष ध्यान दिया और एक नया क्षितिज अपने देश के युवाओं के लिए खोल दिया, जिनके लिए नवाचार से उद्यमिता में सफलता जैसे कोई स्वप्न था! वस्तुतः आज इस यात्रा का परिणाम हमारे सामने मौजूद है। वित्त वर्ष 2025–26 में 55,200 से अधिक स्टार्टअप्स को राज्यवार मान्यता मिल गई है। कह सकते हैं कि वर्ष 2026 से शुरू हुई स्टार्टअप्स की यात्रा में यह किसी एक वर्ष में अब तक की सर्वाधिक संख्या है। यह पिछले वित्त वर्ष 2024–25 के 36,400+ स्टार्टअप्स की तुलना में 51.6 प्रतिशत की प्रभावशाली वृद्धि को दर्शाता है। यह आंकड़ा निश्चित ही उस विश्वास और ऊर्ज़ा का प्रतीक है, जो वर्तमान भारत के युवाओं में दिखाई दे रही है। यही कारण है, रोजगार सृजन के क्षेत्र में भी स्टार्टअप्स ने उल्लेखनीय योगदान दिया है। वित्त वर्ष 2025–26 में लगभग 4,99,400 प्रत्यक्ष नौकरियां सृजित हुईं हैं, आंकड़ा कहता है कि यह पिछले वर्ष की तुलना में 36.1 प्रतिशत अधिक हैं। 31 मार्च 2026 तक कुल 2.23 लाख से अधिक मान्यता प्राप्त स्टार्टअप्स ने 23.36 लाख से अधिक प्रत्यक्ष रोजगार सृजित किए हैं। देश के विभिन्न राज्यों में स्टार्टअप्स का विस्तार भारत के संतुलित विकास की कहानी कहता है। महाराष्ट्र, कर्नाटक, उत्तर प्रदेश, दिल्ली और गुजरात जैसे राज्य इस क्षेत्र में अग्रणी बनकर उभरे हैं। इन राज्यों में हजारों स्टार्टअप्स सक्रिय हैं, जिनके माध्यम से सिर्फ लाखों भारतीयों को ही नहीं, कई विदेशियों को भी रोजगार मिल रहा है। इसमें अच्छी बात यह भी है कि अब छोटे शहरों और दूरदराज के क्षेत्रों से भी स्टार्टअप्स उभर रहे हैं, जो भारत के आर्थिक विकास को व्यापक और समावेशी बना रहे हैं। सरकार की विभिन्न योजनाएं इस विकास को मजबूत आधार प्रदान कर रही हैं।

# ज्ञान,संस्कार और चरित्र से ही श्रेष्ठ समाज और राष्ट्र का निर्माण

**संजीव ठाकुर**

विचार और सिद्धांत व्यक्ति के अंदर की अतः प्रज्ञा होती है। और यह सिद्धांत तथा अंतः विचारधारा जनमानस तक पहुंचने से बाधित किया जाए अंतरात्मा को प्रभावित करती है और इसके गहरे प्रभाव से व्यक्ति वह सब कर सकता है जो बिना मार्गदर्शन के व्यक्ति नहीं कर सकता। प्राचीन काल से अब तक वैचारिक सिद्धांत और विचारधारा सदैव समाज के दिग्दर्शक मार्गदर्शक रहे हैं। इनकी भूमिका सदैव महत्वपूर्ण रही है।यदि यही सिद्धांत और अंतःप्रज्ञा जनमानस आत्मसात कर लेता है, तो इसका प्रभाव एक जन आंदोलन का रूप ले लेता है और यहीं से युग परिवर्तन की लहर प्रस्फुटित होती है। प्राचीन यूनान में एक बहुत ही कुरूप किंतु विद्वान व्यक्ति रहते थे,उनके विचारों में मौलिकता,नयापन जनजागृति की अद्भुत क्षमता थी। उनकी विद्वता के कारण आम जनमानस होने राजा से ज्यादा महत्व और बुद्धिमान मानते थे। राजकीय तानाशाही के चलते उनके विचारों के कारण उनको मृत्युदंड दे दिया गया। जहर का प्याला पीने के बाद भी विद्वान, चिंतक, सुकरात अमर हो गए, उनकी विचारधारा आज भी जीवित है, एवं लोग उसे अपनाकर अपना जीवन सुधारने में इसका उपयोग करते हैं। अब्राहम लिंकन ने अमेरिकी स्वतंत्रता के बाद दास प्रथा के बारे में कहा था कि दास भी मनुष्य हैं, उन्हें भी उतना ही जीने का अधिकार है जितना स्वामी को है। अब्राहम लिंकन के आंदोलनकारी विचार से तत्कालीन समय में अमेरिका के लोग घबरा गए थे,और उनकी हत्या कर दी गई थी। पर अब्राहम लिंकन के विचारों ने दास प्रथा के उन्मूलन की अंतर आत्मा को जागृत कर दिया था, और जनमानस ने अपने अधिकारों के लिए लड़ते हुए दास प्रथा से मुक्ति पाई थी। स्वामी विवेकानंद जी ने कहा था कि हम जो सोचते हैं वही बन जाते हैं। विचार एवं सिद्धांत ही व्यक्ति का निर्माण करता है। वही दुष्ट होने या महान होने का निर्णायक है। और बिना विचारों सिद्धांतों के व्यक्त व्यक्ति का अस्तित्व ही नहीं । विवेकानंद जी के विचार सर्व कालीन प्रासंगिक है। उनके विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं, जितने उनके जीवित रहते हुए थे। आज हमारे बीच विवेकानंद जी स शरीर मौजूद नहीं है, पर उनके विचारों की महत्ता कायम है।भौतिक शरीर के नष्ट हो जाने से और भौतिक विचार तथा सिद्धांत उतनी ही तीव्रता रखते हैं, वेग रखते हैं, जो एक समाज में परिवर्तन ला सकती है ।विचारों की यह अमरता तथा तीव्रता किसी भी तानाशाह के लिए इतनी खतरनाक है, जितनी की सुप्त शेर की गुफा में रहना। जनता के मध्य शुद्ध विचारधारा के जागृत होने पर क्रांति लाई जा सकती है। फिर चाहे वह फ्रांस के वर्साय के महल का विध्वंस हो अथवा भारत की स्वतंत्रता हेतु वृहद आंदोलन हो। व्यक्ति या व्यक्तियों के दबाव को दबाने के बाद विचारों की पीड़िता ने जनसामान्य को एक गरजते हुए सिंह में तब्दील कर दिया था। यह शाश्वत सत्य है कि व्यक्ति को जरूर आप दबा सकते हैं,पर विचारधारा सिद्धांत अजर अमर होते हैं,और वही युग निर्माण में अपनी महती भूमिका निभाते हैं। विचारों के संदर्भ में कहा जाता है कि एक व्यक्ति का विचार तब तक उस व्यक्ति के पास है, जब तक वह अकेला है किंतु जैसे ही विचारधारा एवं सिद्धांत का प्रचार प्रसार होता है, तो वह व्यक्ति अकेला ना रह कर उस जैसे हजारों लाखों लोग उसके साथ हो जाते हैं। तब वह अकेला नहीं रह जाता। वह अपने विचारों के माध्यम से जन सामान्य को प्रभावित कर लोगों को उस लड़ाई में शामिल कर लेता है, जिस लड़ाई के वह कभी अकेले नहीं लड़ सकता था। विचारों सिद्धांतों की तीव्रता आवेश तथा सघनता किसी भी क्रांतिकारी लक्ष्य की प्राप्ति में एक बड़ा साधक हो सकता है। विचार व सिद्धांत एक से दूसरे व्यक्ति तक स्थानांतरित होते रहते हैं। जिसमें विचारों को सघनता प्राप्त होती है। ताकि सत्ता के दमन के समय वैचारिक अमरता स्थाई बनी रहे। चीन उत्तर कोरिया जैसे राष्ट्रों में विचारों के इस स्वतंत्र का प्रवाह को बाधित नियंत्रित कर दिया गया। अभिव्यक्ति के तमाम माध्यमों को प्रतिबंधित कर दमन चक्र चलाया गया। वहां विचार और सिद्धांत विद्वान व्यक्ति तक ही सीमित रहे उसका फैलाव या विस्तार नहीं हो पाया। जो मानव समाज तथा मानव अधिकारों की संवेदना तथा धाराओं का उल्लंघन भी है। किसी स्वस्थ,स्वतंत्र राष्ट्र के लिए व्यक्ति समाज और राष्ट्र के विचारों की स्वतंत्रता नवीनता तथा उत्कृष्टता अत्यंत आवश्यक है। क्योंकि विचारधारा और सिद्धांतों को रोक पाना किसी भी सत्ता या निरंकुश राजा के नियंत्रण में नहीं होता। विचारों और सिद्धांत अनादि काल से गतिशील है तथा अनंत तक जगत तक गतिशील रहेंगे,और उसका प्रतिपादक एवं अनुशीलन कर्ता विचारों के साथ अमर हो जाते हैं।

## सेहत मंत्र

# सही मात्रा में कैलोरी ना लेने से शुरू हो जाती हैं कई समस्याएं


शरीर को सही तरह से काम करने के लिए पर्याप्त मात्रा में कैलोरी की जरूरत होती है। लेकिन जब लोग अपना वजन कम करना शुरू करते हैं, तो सबसे पहले कैलोरी इनटेक कम करते हैं। कई बार तो तेजी से वजन कम करने के लिए लोग बेहद लिमिटेड कैलोरी लेते हैं। लेकिन कैलोरी का सेवन कम करने से कई तरह की स्वास्थ्य समस्याएं शुरू हो जाती हैं। नियमित रूप से आपके शरीर की ज़रूरत से कम कैलोरी खाने से आपका चयापचय धीमा हो सकता है। कई अध्ययन बताते हैं कि लो कैलोरी डाइट लेने से शरीर में जलने वाली कैलोरी की संख्या में 23 प्रतिशत तक की कमी हो सकती है। इसके कारण आपको मसल मास के लॉस होने की समस्या हो सकती है और लंबे समय में आपके लिए वेट लॉस को बनाए रखना मुश्किल हो जाता है। नियमित रूप से आपके शरीर की आवश्यकता से कम कैलोरी खाने से आपको थकान का अनुभव हो सकता है। इतना ही नहीं, यह थकान की समस्या हमेशा बनी रह सकती है। दरअसल, कम कैलोरी का सेवन करने से आपके लिए शरीर की दैनिक पोषक जरूरतों को पूरा करना काफी कठिन हो जाता है। कैलोरी प्रतिबंधित आहार पर्याप्त मात्रा में आयरन, फोलेट या विटामिन बी 12 प्रदान नहीं कर सकता है। इससे एनीमिया और अत्यधिक थकान हो सकती है। आपको शायद पता ना हो लेकिन कैलोरी प्रतिबंधित आहार लेने से व्यक्ति की प्रजनन क्षमता पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। खासतौर से, महिलाओं की प्रजनन क्षमता विशेष रूप से प्रभावित होती है। दरअसल, ऑव्यूलेट करने की क्षमता हार्मोन के स्तर पर निर्भर करती है और यह हार्मोन स्तर आहार में उपलब्ध कैलोरी की संख्या पर निर्भर है। बहुत कम मात्रा में कैलोरी का सेवन करने से आपकी हड्डियां भी कमजोर होने लगती हैं। दरअसल, कम मात्रा में कैलोरी लेने से एस्टोजन व टेस्टोस्टेरोन लेवल कम हो जाता है। इन दो प्रजनन हार्मोनों के निम्न स्तर के कारण बोन फोरमेशन और हड्डी के टूटने की संभावना बढ़ जाती है। कम कैलोरी हड्डियों के कमजोर होने की वजह बनता है।

## धर्म मंत्र

# शिव-पार्वती को प्रसन्न करने के लिए होता है सोम प्रदोष व्रत

सोमवार के दिन भगवान शिव की पूजन का खास दिन माना जाता है। इसी दिन अगर प्रदोष व्रत हो तो इसे सोम प्रदोष व्रत कहा जाता है। जिस तरह सालभर में 24 एकादशी व्रत होते हैं, उसी प्रकार से प्रदोष के व्रत भी सालभर में 24 होते हैं। हर प्रदोष व्रत का अलग-अलग महत्व माना जाता हैं। सोमवार को आने वाल प्रदोष व्रत सोम प्रदोष व्रत भगवान शिव और पार्वती जी को प्रसन्न करने वाला व्रत हैं। सोम प्रदोष व्रत का शुभ मुहूर्त त्रयोदशी तिथि प्रारंभ रात 12.42 से त्रयोदशी तिथि समाप्त रात 3.11 (21 अप्रैल) तक रहेगा। दिन भर शुद्ध आचरण के साथ व्रत रखें। सोम प्रदोष व्रत करने वाले व्रती 'ऊँ नमः शिवाय' कहते हुए भगवान शिव को पतली धार से जल का अर्पण करें। जिसके बाद दोनों हाथ जोड़कर भगवान शिव का ध्यान करें। इसके बाद शुक्र प्रदोष व्रत की कथा सुनना चाहिए। कथा पूरी होने पर हवन सामग्री मिलाकर 11, 21, 51 या 108 बार 'ऊँ ह्रीं क्लीं नमः शिवाय स्वाहा' मंत्र के साथ आहुति दें। पूजा के आखिरी में भगवान शिव की आरती कर सभी भक्त जनों को आरती दें। इसके बाद व्रत का पारण करें। संभव हो तो शिव चालीसा का भी पाठ करें। पूजन के पश्चात घी के दीये से भगवान शिव की आरती करें और पूजा का प्रसाद सभी को वितरित करें। इस दिन रात्रि को भी भगवान का ध्यान और पूजन करते रहना चाहिए। सुबह स्नान के बाद ही व्रत खोलें। इसके साथ ही भोजन में केवल मीठी फलाहारी खाद्य पदार्थों का ही उपयोग करें।

## पर्यटन



# पर्यटकों के लिए स्वर्ग से सुंदर है हिमाचल की स्पीती घाटी

लॉकडाउन की वजह से लोग करीब महीने भर से तो घरों में कैद ही हैं, इसके और लंबा चलने की उम्मीद है। ऐसे में फिलहाल तो कोई घूमने का प्लान नहीं बना रहा होगा, लेकिन जब लॉकडाउन खत्म हो जाए और हालात सामान्य हो जाए तो आपकी ट्रैवल डायरी में कोई विदेशी लोकेशन नहीं, बल्कि हिमाचल की यह खूबसूरत घाटी ज़रूर होनी चाहिए। जो लोग भीड़-भाड़ से दूर किसी शांत और खूबसूरत जगह पर कुछ पल बिताना चाहते हैं और बर्फ से ढंके पहाड़ जिन्हें आकर्षित करते हैं, उनके लिए हिमाचल प्रदेश के लौहाल स्पीति जिला में स्थित स्पीति घाटी परफ़ेक्ट डेस्टिनेशन हैं। इसकी खूबसूरती आपको स्वर्ग में होने का एहसास कराएगी। यहां हरियाली नहीं है, लेकिन सफ़ेद बर्फ से ढंके पहाड़ इस जगह की सुंदरता में चार चांद लगा देते हैं। साल के अधिकांश महीने बर्फ से ढंके होने की वजह से ही इसे ठंडा रेगिस्तान भी कहा जाता है। यहां घूमने के लिए गर्मियों का मौसम उपयुक्त है। यहां बर्फबारी बहुत ज़्यादा होती है, इसलिए साल में बस कुछ महीने ही यह पर्यटकों के लिए खुला रहता है। आपको जानकर शायद थोड़ी हैरानी होगी कि पहले यहां विदेशी पर्यटक नहीं आ सकते थे, लेकिन 1991 के बाद से यह प्रतिबंध हटा दिया गया। यहां वैसे तो कई समुदाय और संस्कृति के लोग रहते हैं, लेकिन सबसे ज़्यादा संख्या बौद्ध धर्म मानने वालों की है। प्राकृतिक सुंदरता का आनंद लेने के साथ ही यहां आपको कई मठ और खूबसूरत झील भी देखने को मिलेगी। किब्बर गांव- यह दुनिया का सबसे ऊंचा गांव है और फोटोग्राफी के लिए बेस्ट जगह है। यहां वाइल्ड लाइफ सेंचुरी भी है, जहां आपको कई तरह जानवर दिखेंगे। त्रिलोकनाथ मंदिर- यह मंदिर चंद्रबाग घाटी में स्थित है। इस मंदिर की खासियत यह है कि इसमें हिंदू और बौद्ध धर्म के लोग साथ-साथ पूजा करते हैं। ग्यू मम्मी- यह स्पीति घाटी का एक छोटा-सा गांव है। इस गांव में बस दर्जनभर घर ही हैं। यहां भिक्षु सांघा तेजिंग मम्मी के रूप में प्रसिद्ध है।

# संजय सेतु बंद, बदला ट्रैफिक रूट: महमूदाबाद मार्ग पर बढ़ा दबाव, ग्रामीणों ने की स्थायी बस सेवा की मांग

अमित गुप्ता

निंदूरा बाराबंकी। लखनऊ से बहराइच जाने वाले प्रमुख राजमार्ग पर स्थित संजय सेतु के मरम्मत कार्य के चलते इन दिनों यातायात व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हो गई है। पुल बंद होने के कारण बहराइच, गोंडा, बलरामपुर और रुपईडीहा की ओर जाने वाली रोडवेज बसों का संचालन फिलहाल वैकल्पिक मार्ग से किया जा रहा है।

महमूदाबाद मार्ग बना नया रास्ता

वर्तमान में सभी बसें लखनऊ-महमूदाबाद मार्ग से होकर अपने गंतव्य तक पहुंच रही हैं। अचानक हुए इस बदलाव से इस मार्ग पर यातायात का दबाव काफी बढ़ गया है।

कुछ बसों से सैकड़ों तक पहुंची संख्या

जहां पहले इस मार्ग से रोजाना केवल एक से डेढ़ दर्जन बसें गुजरती थीं, वहीं अब डायवर्जन लागू होने के बाद



सैकड़ों बसें दिनभर इस रास्ते से आ-जा रही हैं। इससे सड़क पर गतिविधि और रौनक दोनों बढ़ गई हैं।

**ग्रामीण इलाकों में दिखा उत्साह**

बसों की बढ़ती आवाजाही का असर मार्ग किनारे बसे गांवों और कस्बों में साफ दिखाई दे रहा है। लोग सड़क किनारे खड़े होकर बसों को देख रहे हैं और इस बदलाव को लेकर चर्चा कर रहे हैं।

**''स्थायी स्टॉपेज की उठी मांग''**

ग्रामीणों और नियमित यात्रियों के बीच अब यह मांग जोर पकड़ रही है कि यदि भविष्य में भी बसों का संचालन इसी मार्ग से जारी रखा जाए और प्रमुख स्थानों पर स्थायी स्टॉपेज बनाए जाएं, तो हजारों लोगों को सीधा लाभ मिल सकता है।

**''यात्रियों को मिलेगी बड़ी राहत''**

स्थायी बस सेवा शुरू होने से लोगों को दूर-दराज के बस अड्डों तक जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इससे समय और पैसे दोनों की बचत होगी और यात्रा अधिक सुविधाजनक बनेगी।

**''एसी बसों से बदली सोच''**

इस मार्ग से एसी बसों का गुजरना ग्रामीणों के लिए नया अनुभव साबित हो रहा है, जिससे उन्हें बेहतर सुविधाओं की उम्मीद जगी है।

## डंपर की टक्कर से महिला की मौत, तीन घायल

निंदूरा बाराबंकी। बड्डूपुर क्षेत्र में सोमवार को एक भीषण सड़क हादसे ने एक परिवार को तबाह कर दिया। बड्डूपुर थाना क्षेत्र के रीवासीवा कस्बे के पास तेज रफ्तार डंपर ने बाइक सवारों को टक्कर मार दी। हादसे में 50 वर्षीय गीता देवी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनका बेटा कपिल गुप्ता, बेटी पूनम गुप्ता और एक मासूम बच्चा घायल हो गए। घायल सभी लोग सीतापुर के महमूदाबाद से लखनऊ जा रहे थे। पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जबकि डंपर चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# पारिजात धाम में सफाई अभियान ऐतिहासिक वृक्ष में आई नई हरियाली



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिरौली गौसपुर बाराबंकी।बरौलिया गांव स्थित प्रसिद्ध पारिजात धाम में वन विभाग द्वारा विशेष सफाई अभियान चलाया गया। वन क्षेत्राधिकारी अल्पना पांडेय के नेतृत्व में टीम ने परिसर की सफाई कर प्लास्टिक कचरा और सूखी पत्तियां हटाईं। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि पारिजात वृक्ष में नई पत्तियां आनी शुरू हो गई हैं और उसका स्वास्थ्य सामान्य है। अधिकारियों ने श्रद्धालुओं से परिसर को स्वच्छ रखने और कचरा डस्टबिन में डालने की अपील की।

# डीएम ने ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था पर दिया जोर



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने ईवीएम और वीवीपैट वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया। उन्होंने स्ट्रांग रूम, सीसीटीवी कैमरों और कंट्रोल रूम की निगरानी व्यवस्था का जायजा लिया। डीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वेयरहाउस की सुरक्षा पूरी तरह मजबूत रखी जाए और सभी उपकरणों की नियमित जांच सुनिश्चित की जाए। निरीक्षण के दौरान अन्य अधिकारी और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

# नारी सशक्तिकरण से ही राष्ट्र होगा मजबूत : प्रो. राजेश द्विवेदी

कानपुर। नारी सशक्तिकरण केवल सामाजिक आवश्यकता नहीं, बल्कि राष्ट्र के समग्र विकास की आधारशिला है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 महिलाओं को निर्णय प्रक्रिया में भागीदारी देने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। शिक्षण संस्थानों की जिम्मेदारी है कि वे समाज में समानता और अधिकारों के प्रति जागरूकता फैलाएं और छात्र-छात्राओं को इसके प्रति संवेदनशील बनाएं। यह बातें सोमवार को स्कूल ऑफ बेसिक साइंसेज के निदेशक प्रो. राजेश द्विवेदी ने कही। छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय (सीएसजेएमयू) के स्कूल ऑफ बेसिक साइंसेज द्वारा नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ अंजू दीक्षित ने किया। आयोजन में डॉ द्रौपती यादव, डॉ शिखा शुक्ला, डॉ रश्मि दुबे और डॉ नेहा सहित अन्य शिक्षकों व छात्राओं ने अपने विचार साझा किए। इस दौरान महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में उत्कृष्ट योगदान देने वाली सहयोगी निशा निषाद तथा छात्राएं पूर्णिमा और नंदिका को सम्मानित किया गया। उपनिदेशक डॉ अंजू दीक्षित को उनके कुशल निर्देशन और उत्कृष्ट कार्य के लिए विभिन्न विभागों की शिक्षिकाओं और शोध छात्राओं द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के तहत छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने मिलकर एक विशाल नारी मानव श्रृंखला बनाई, जिसके माध्यम से महिला सशक्तिकरण और समानता का संदेश दिया गया। परिसर में 'नारी शक्ति दीवार' भी बनाई गई, जहां प्रतिभागियों ने महिलाओं के अधिकारों और सम्मान से जुड़े संदेश लिखे। इसके साथ ही हस्ताक्षर अभियान में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों और शिक्षकों ने भाग लेकर अपना समर्थन दर्ज कराया।

भाषण और चर्चा सत्र में वक्ताओं ने अधिनियम के महत्व और इसके सामाजिक प्रभावों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण नारी शक्ति पदयात्रा रही, जिसमें नारी सशक्तिकरण, राष्ट्र का सशक्तिकरण जैसे नारों के साथ जागरूकता रैली निकाली गई।

## जलती सिगरेट से लगी आग, समय रहते पाया काबू

मसौली बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम करसण्डा में सोमवार दोपहर एक बड़ी आग की घटना होते-होते बच गई। आम की बाग के किनारे स्थित सूखी बांसवाड़ी में किसी राहगीर द्वारा फेंकी गई जलती सिगरेट से आग भड़क उठी। तेज गर्मी के चलते आग तेजी से फैलने लगी, लेकिन डायल 112 और फायर ब्रिगेड की तत्परता से समय रहते आग पर काबू पा लिया गया। स्थानीय लोगों ने पुलिस टीम की सराहना की, जिनकी सूझबूझ से बड़ा नुकसान टल गया।

## बहन की शादी से पहले भाई की संदिग्ध मौत, गांव में मातम

मसौली बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम मदरहा में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। 22 वर्षीय शिवम वर्मा का शव गांव के बाहर एक बाग में पेड़ से लटका मिला। वह रविवार शाम घर से निकला था और वापस नहीं लौटा। घर में चार दिन बाद बहन की शादी थी, लेकिन इस घटना ने खुशियों को मातम में बदल दिया। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। मां का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है।

## काली माता मंदिर में 9वां विशाल भंडारा, जयकारों से गूंजा परिसर

मसौली बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। बड़ागांव स्थित मंझपटिया मोहल्ले के काली माता मंदिर में 9वें वार्षिक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। वर्ष 2018 में मंदिर के जीर्णोद्धार के बाद हर साल 20 अप्रैल को यह आयोजन होता है। इस अवसर पर सैकड़ों श्रद्धालुओं ने पहुंचकर पूड़ी, सब्जी, खीर और बूंदी का प्रसाद ग्रहण किया। पूरे परिसर में ''जय माता दी'' के जयकारों से माहौल भक्तिमय बना रहा। कार्यक्रम में आयोजक राम प्रताप रावत ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नूर मोहम्मद राजू वर्मा रामशरण जायसवाल राजन जायसवाल श्याम चरण गुप्ता सोनू वर्मा दीपू वर्मा सूरज यादव कल्लू यादव सहित अनेक गणमन नागरिक व भक्तजनों उपस्थित रहे।

## जनगणना प्रशिक्षण में कर्मचारियों को दी गई डिजिटल प्रक्रिया की जानकारी

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। तहसील मुख्यालय के राजकीय इंटर कॉलेज में जनगणना प्रशिक्षण के दूसरे बैच का दूसरा दिन आयोजित हुआ। इसमें प्रगणकों और सुपरवाइजरों को मोबाइल ऐप, ऑनलाइन पोर्टल और फॉर्म भरने की बारीकियों के बारे में विस्तार से बताया गया। मास्टर ट्रेनरों ने डेमो के जरिए पूरी प्रक्रिया समझाई। उपजिलाधिकारी अनिल कुमार सरोज और तहसीलदार बालेन्दु भूषण वर्मा ने प्रशिक्षण का निरीक्षण कर कर्मचारियों से सवाल-जवाब किए और डेटा की शुद्धता बनाए रखने के निर्देश दिए।

## स्कूल चलो अभियानङ्क के तहत निकली जागरूकता रैली, बच्चों ने दिया शिक्षा का संदेश

फतेहपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। के किसान इंटर कॉलेज भगौली तीर्थ में ल्स्कूल चलो अभियानङ्क के तहत जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और शिक्षा के महत्व को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया। रैली कॉलेज परिसर से निकलकर नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए पुनः विद्यालय पहुंची। इस दौरान विद्यार्थियों ने तख्तियां लेकर ल्हर बच्चा स्कूल जाएङ्क और ल्शिक्षा है अधिकार हमाराङ्क जैसे नारे लगाए।
कार्यक्रम में भगौली चौकी इंचार्ज अनिल पांडे पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।
प्रधानाचार्य डॉ. शैलेन्द्र कुमार ने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि वे अपने बच्चों को नियमित विद्यालय भेजें, क्योंकि शिक्षा ही उज्ज्वल भविष्य की कुंजी है। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक व स्टाफ सदस्य भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## डीजे वाहन की चपेट में आने से 8 वर्षीय बालक की दर्दनाक मौत, शादी की खुशियां मातम में बदलीं

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। कुर्सी थाना क्षेत्र अंतर्गत बिलंदीपुर गांव में सोमवार को एक दर्दनाक हादसे में आठ वर्षीय बालक रियांश की मौत हो गई। घटना उस समय हुई जब गांव में गुड्डू के घर बारात निकासी के दौरान डीजे वाहन को पीछे किया जा रहा था।
बताया जा रहा है कि रियांश पुत्र मुकेश डीजे वाहन के पास खड़ा था, तभी वाहन बैक करते समय वह उसकी चपेट में आ गया। हादसा इतना गंभीर था कि बालक की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। इस हादसे ने शादी की खुशियों को गहरे दुख में बदल दिया।

## सम्पूर्ण ब्रज प्रांत में होगा भ्रष्टाचार का अंत: जितेंद्र कुमार चौधरी

मथुरा। यूनाइटेड टीचर्स एडवोकेट एसोसिएशन के जितेंद्र कुमार सिंह को ब्रज प्रांत अध्यक्ष बनाए जाने पर सोमवार को शिक्षकों ने उनके आवास पर पहुंच कर स्वागत किया। इनमें उत्तर प्रदेश यूनाइटेड टीचर्स एडवोकेट एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र कुमार चौधरी ने मुकुट पहनाकर स्वागत किया।
इस अवसर पर मुनीश कुमार चौधरी जिला अध्यक्ष उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाइस्कूल (पूर्व माध्यमिक) शिक्षक संघ जनपद मथुरा, चंद्रपाल सिंह जिला सचिव उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाइस्कूल (पूर्व माध्यमिक) शिक्षक संघ जनपद मथुरा , घनश्याम चौधरी जिला अध्यक्ष उत्तर प्रदेश टीचर्स एडवोकेट एसोसिएशन, ब्रजेश कुमार तोमर, ब्रजराज सारस्वत,भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष राम रतन चौधरी, सत्यपाल सिंह, हरीश कुमार परमार, तेजवीर सिंह, सतेंद्र कुमार शर्मा, अजित सिंह, अमित यादव , महेश कुमार, प्रदीप कुमार , राजू सिंह, हितेंद्र कुमार, अजय शर्मा, सतेंद्र सिंह ने साफा बांधकर स्वागत किया।

## जन्मदिन पार्टी में गया युवक दूसरे दिन घायल अवस्था में सड़क किनारे पड़ा मिला, मौत

देवरिया। उत्तर प्रदेश के देवरिया जिले में रामपुर कारखाना थाना क्षेत्र में एक युवक घायल अवस्था में सड़क के किनारे मिला। 108 एंबुलेंस की मदद से इलाज के लिए महर्षि देवराहा बाबा मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने मृत्र घोषित कर दिया। उत्तर प्रदेश के देवरिया जनपद के रामपुर कारखाना थाना क्षेत्र अंतर्गत नोतन हथिया गांव निवासी सुनील सिंह (22) पुत्र चन्द्रिका सिंह संदिग्ध परिस्थितियों में सड़क के किनारे घायल अवस्था में मिला। सुनील मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। जानकारी के अनुसार रविवार को वह मोटरसाइकिल से सहोदर पट्टी जन्म दिन में गया था। सोमवार को गाँव की नहर के पास संदिग्ध परिस्थितियों में सड़क के किनारे घायल अवस्था में मिला। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने तुरंत 108 एंबुलेंस को सूचना दी। एंबुलेंस की मदद से घायल युवक को मेडिकल कॉलेज देवरिया भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। इस संबंध में कोतवाल राकेश राय ने बताया शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। परिवार के लोगों से पूछताछ की जा रही है।

# चतुर्वेदी वरिष्ठ नागरिक समिति ने सम्मानित किए समाज के बुजुर्ग, बताया गया महत्व

मथुरा । उत्तर प्रदेश के जनपद मथुरा में चतुर्वेदी वरिष्ठ नागरिक समिति द्वारा सोमवार को समाज की वरिष्ठतम हस्तियों को सम्मानित किया गया। पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार श्रीकृष्ण जन्मभूमि के निकट मनभावन होटल में आयोजित इस कार्यक्रम में वक्ताओं ने अपने उद्बोधन में समाज और परिवार में दीर्घ आयु वाले व्यक्ति की मौजूदगी के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का शुभारंभ व्यास जी द्वारा किए गए स्वस्ति वाचन से हुआ। कार्यक्रम विशिष्ट रूप से संस्था के अध्यक्ष पूर्व न्यायाधीश पद्मनाथ चतुर्वेदी ने शास्त्रों के माध्यम से व्याख्या करते हुए सामाजिक ताने-बाने में वरिष्ठतम व्यक्ति के महत्व और गरिमा के बारे में बताया। नगर के जाने माने चिकित्सक डा. आरके चतुर्वेदी ने इस आयोजन की भूमिका और आवश्यकता पर प्रकाश डाला। संस्था के सचिव गनेश चतुर्वेदी संस्था द्वारा किए जा रहे कार्यों और भविष्य की योजनाओं के बारे में सदस्यों को जानकारी दी गई। किशन चतुर्वेदी ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि यह परंपरा कायम रहनी चाहिए, ऐसे आयोजन परिवार के लंबी आयु के सदस्यों को यह अहसास कराते हैं कि परिवार और समाज उनको किस आदर के साथ देखता है। नगर के प्रमुख व्यवसाई पवन चतुर्वेदी ने कहा कि आज हम जो भी हैं वो अपने परिवार के बुजुर्गों की वजह से ही हैं। हम इनको क्या सम्मानित करेंगे, सच तो यह है कि इनको सम्मानित कर हम अपने को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। महेशजी वकील साहब ने संस्था के इस आयोजन की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान बंशीधर जी(कांटे वाले), वंशीजी (मुखिया), बल्देवजी पाठक, दीनानाथ जी (कानपुर वाले), नवनीत लालजी, परमेश्वर दत्त, श्रीकृष्ण शास्त्री, बांके लालजी, श्यामसुंदरजी(बैंक वाले) शाल ओढ़ाकर और अभिनंदन पट्टिका प्रदानकर सम्मानित किए गए। इस मौके पर महेश्वरनाथ चतुर्वेदी एडवोकेट, गिरधारी लाल पाठक, कंतानाथ चतुर्वेदी, विपिन चतुर्वेदी, दीनानाथ बौहरे, अनिल चतुर्वेदी, अशोक चतुर्वेदी, सुभाष चतुर्वेदी आदि मौजूद रहे।

# सीएसजेएमयू में हेल्थ साइंसेस पाठ्यक्रमों में प्रवेश शुरू, स्वास्थ्य क्षेत्र में बेहतर अवसर : प्रो. विनय पाठक




कानपुर । स्वास्थ्य विज्ञान संकाय समाज में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने और कुशल पेशेवर तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। हमारे पाठ्यक्रम छात्रों को न केवल सैद्धांतिक ज्ञान देते हैं, बल्कि व्यावहारिक प्रशिक्षण के माध्यम से उन्हें भविष्य के लिए तैयार भी करते हैं। यह बातें सोमवार को कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक ने कही।

उन्होंने बताया कि छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय (सीएसजेएमयू) के स्कूल ऑफ हेल्थ साइंसेस में सत्र 2026S27 के लिए स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। संस्थान का उद्देश्य स्वास्थ्य क्षेत्र में दक्ष मानव संसाधन तैयार करना और आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। संस्थान में बीपीटी, बीएमएलएस, बीएमआरआईटी, बी.ऑप्टोम, बीएओटीटी, बीएनडी और बीएससी मेडिकल माइक्रोबायोलॉजी जैसे स्नातक पाठ्यक्रम संचालित हैं। वहीं एमपीटी, एमएमएलएस, एमएमआरआईटी, एम.ऑप्टोम और एमएनडी जैसे स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम भी उपलब्ध हैं। सभी पाठ्यक्रमों में प्रवेश निर्धारित योग्यता के आधार पर किया जाएगा। बैचलर ऑफ न्यूट्रीशन एंड डाइटेटिक्स (ऑनर्स) में प्रवेश के लिए अभ्यर्थी को 10+2 में भौतिकी, रसायन विज्ञान और जीव विज्ञान विषयों के साथ न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक तथा अंग्रेजी विषय होना आवश्यक है। संस्थान में आधुनिक प्रयोगशालाएं, स्मार्ट क्लासरूम और उन्नत शिक्षण संसाधन उपलब्ध हैं। छात्रों को जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज एवं अन्य संबद्ध अस्पतालों में क्लिनिकल प्रशिक्षण दिया जाता है, जिससे उनका व्यावहारिक ज्ञान मजबूत होता है।

यहां फिजियोथेरेपी ओपीडी, स्वास्थ्य केंद्र, पैथोलॉजी लैब, एक्स-रे सुविधा और पोषण परामर्श जैसी सेवाएं भी दी जा रही हैं। ओपीडी का संचालन सोमवार से शनिवार सुबह 10 बजे से दोपहर एओ बजे तक किया जाता है।

इन पाठ्यक्रमों के माध्यम से छात्र अस्पतालों, नर्सिंग होम, पैथोलॉजी लैब, रिसर्च संस्थानों और हेल्थकेयर इंडस्ट्री में रोजगार प्राप्त कर सकते हैं। इच्छुक अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट या संस्थान से सम्पर्क कर अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

# स्मार्ट कार्ड की कोई योजना नहीं, यूडीआईडी से ही दिव्यांगों को मिलेगा मुफ्त सफर : महेश कुमार

कानपुर । परिवहन निगम की बसों में दिव्यांगजनों के लिए निःशुल्क यात्रा हेतु किसी भी प्रकार की स्मार्ट कार्ड योजना लागू नहीं है। यूडीआईडी कार्ड के आधार पर ही उन्हें यह सुविधा दी जा रही है। यदि कोई परिचालक स्मार्ट कार्ड की मांग करता है तो यह गलत है और ऐसे मामलों में शिकायत की जा सकती है। यह बातें सोमवार को उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम क्षेत्रीय प्रबंधक (आरएम) महेश कुमार ने कही।

राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी ने स्मार्ट कार्ड को लेकर परिवहन निगम के क्षेत्रीय प्रबंधक कार्यालय का घेराव कर विरोध दर्ज कराया। पार्टी का कहना था कि बसों में परिचालक दिव्यांगजनों से मुफ्त यात्रा के लिए स्मार्ट कार्ड मांग रहे हैं, जिससे उन्हें अनावश्यक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

इस संबंध में पार्टी द्वारा 11 और 17 अप्रैल को क्षेत्रीय प्रबंधक को




पत्र भी भेजा गया था, लेकिन कार्रवाई न होने पर कार्यकर्ताओं ने कार्यालय पहुंचकर स्थिति स्पष्ट करने की मांग की। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने जल्द लिखित निर्देश जारी करने की भी मांग उठाई, ताकि भविष्य में ऐसी स्थिति न बने। क्षेत्रीय प्रबंधक महेश कुमार ने स्पष्ट किया कि सरकार की ओर से ऐसी कोई योजना लागू नहीं है और केवल यूडीआईडी कार्ड के आधार पर ही दिव्यांगजन रोडवेज बसों में निःशुल्क यात्रा कर सकते हैं। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि परिचालकों को आवश्यक निर्देश दिए जाएंगे, जिससे किसी भी यात्री को असुविधा न हो।

इस पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार ने कहा कि यदि कोई परिचालक दिव्यांगजनों से स्मार्ट कार्ड मांगकर यात्रा में बाधा उत्पन्न करता है तो उसके खिलाफ नजदीकी थाने में दिव्यांगजन अधिनियम 2016 के तहत मुकदमा दर्ज कराया जाए। उन्होंने दिव्यांगजनों से फर्जी अफवाहों से सतर्क रहने और अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने की अपील की। इस दौरान राहुल कुमार, अल्पना कुमारी, वैभव दीक्षित, गुड्डी दीक्षित, ओम प्रकाश दास, गौरव, राहुल विश्वकर्मा, कमलेश सिंह, रानी तिवारी, विवेक तिवारी, साबीरा खातून, इसरार अहमद, किशन कुमार अवस्थी, अजीत कुमार, राम शंकर माली सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# उत्तर प्रदेश में कानपुर से 'सूर्य रथ' अभियान की शुरुआत, हर घर सोलर पर जोर: नीलिमा कटियार

कानपुर । सौर ऊर्जा अपनाकर हम न केवल पर्यावरण संरक्षण को मजबूत कर सकते हैं, बल्कि भविष्य की ऊर्जा जरूरतों को सुरक्षित और किफायती बना सकते हैं। 'पीएम सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना' आम लोगों के लिए बड़ा अवसर है और इसे घर-घर तक पहुंचाना हमारी प्राथमिकता है। यह बातें सोमवार को कल्याणपुर विधायक नीलिमा कटियार ने कही।

उत्तर प्रदेश में पहली बार कानपुर नगर से 'पीएम सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना' के तहत सिटी एक्सीलरेटर प्रोग्राम (सीएपी) का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम का आयोजन यूपी नेडा के सहयोग से नेशनल सोलर एनर्जी फ़ेडरेशन ऑफ इंडिया (एनएसईएफआई) और रॉकी माउंटेन इंस्टीट्यूट (आरएमआई) द्वारा किया गया, जिसका उद्देश्य शहरी क्षेत्रों में रूफटॉप सोलर को बढ़ावा देना है।

कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन और परियोजना निदेशक आलोक कुमार सिंह सहित कई अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान यूपी नेडा के परियोजना अधिकारी राकेश पाण्डेय ने अभियान की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि जागरूकता कार्यक्रमों के जरिए नागरिकों को योजना से जोड़ा जाएगा और उनके बिजली बिल में कमी लाने का प्रयास किया जाएगा।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण 'सोलर रथ' रहा, जिसे अतिथियों ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ शहर के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर लोगों को सौर ऊर्जा अपनाने के लिए प्रेरित करेगा। अभियान के तहत घर-घर सम्पर्क, डिजिटल प्रचार और जन-जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों तक योजना की जानकारी पहुंचाई जाएगी। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारी, 100 से अधिक वेंडर, गणमान्य नागरिक और मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित रहे। अतिथियों ने नागरिकों से योजना का अधिकतम लाभ उठाने की अपील करते हुए इसे स्वच्छ और आत्मनिर्भर ऊर्जा की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।


# दिल्ली के खिलाफ घरेलू परिस्थितियों का फायदा उठाने की कोशिश करेगा हैदराबाद

एजेंसी

हैदराबाद। पिछले दो मैच में शानदार प्रदर्शन करने वाली सनराइजर्स हैदराबाद की टीम मंगलवार को यहां दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में घरेलू परिस्थितियों का फायदा उठाने की कोशिश करेगी। दोनों टीम के अभी छह-छह अंक है लेकिन सनराइजर्स का नेट रन रेट बेहतर है और इसलिए वह चौथे स्थान पर काबिज है। कप्तान पैट कमिंस की अनुपस्थिति में सनराइजर्स की गेंदबाजी कमजोर नजर आ रही थी लेकिन उसने धीरे-धीरे इसमें सुधार कर लिया है। कमिंस भी टीम से जुड़ गए हैं लेकिन वह इस मैच में नहीं खेल पाएंगे। सनराइजर्स की तरफ से पिछले दो मैच में अपेक्षाकृत कम चर्चित खिलाड़ियों प्रफुल्ल हिंगे, साकिब हुसैन और शिवांग कुमार ने मौकों का पूरा फायदा उठाया है। राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ हिंगे के शानदार प्रदर्शन के बाद चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के







खिलाफ ईशान मलिंगा की अगुवाई में गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया, जिससे उसकी टीम जीत हासिल करने में सफल रही। बल्लेबाजी सनराइजर्स का मजबूत पक्ष रहा है लेकिन पिछले कुछ मैच में उसके प्रमुख बल्लेबाज जैसे ट्रैविस हेड, अभिषेक शर्मा, कार्यवाहक कप्तान ईशान किशन अपने प्रदर्शन में निरंतरता नहीं बनाए रख पाए हैं। बल्लेबाजी में उसका दारोमदार शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों पर है लेकिन इनके नहीं चल पाने पर उसके मध्यक्रम पर दबाव बढ़ जाता है। विशेषकर हेनरिक क्लासेन को सारी जिम्मेदारी निभानी पड़ती है। मध्यक्रम में उसके अन्य बल्लेबाज अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। दिल्ली कैपिटल्स की टीम अपने प्रदर्शन में निरंतरता नहीं बना पाई है। केएल राहुल, पथुम निसांका और ट्रिस्टन स्टब्स जैसे बल्लेबाजों ने रन बनाए हैं, लेकिन टीम को उनसे और अधिक योगदान की जरूरत है। पहले दो मैच में शानदार प्रदर्शन करने वाले समीर रिजवी पिछले तीन मैच में दोहरे अंक तक भी नहीं पहुंच पाए जो दिल्ली कैपिटल्स के लिए चिंता का विषय है। दिल्ली की गेंदबाजी में हालांकि विविधता है और पिछले साल टीम की तरफ से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क की अनुपस्थिति के बावजूद उसके गेंदबाजों ने बेहतर प्रदर्शन किया है। दक्षिण अफ्रीकी तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी ने किफायती गेंदबाजी और विकेट लेने की क्षमता का बेहतरीन तालमेल बिठाते हुए गेंदबाजी आक्रमण का नेतृत्व किया है। उन्होंने अब तक पांच मैचों में सात विकेट लिए हैं। कप्तान अक्षर पटेल ने भी किफायती गेंदबाजी की है लेकिन बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव अभी तक उम्मीदों पर खरे नहीं उतरे हैं, जबकि तेज गेंदबाज मुकेश कुमार और टी नटराजन ने टुकड़ों में अच्छा प्रदर्शन किया है।

# आईपीएल 2026: प्रिंस यादव पर्पल कैप की टॉप-3 में पहुंचे, ऑरेंज कैप रेस भी हुई दिलचस्प

एजेंसी

नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में रविवार को खेले गए दो मुकाबलों के बाद ऑरेंज कैप और पर्पल कैप की दौड़ में बड़ा बदलाव देखने को मिला है। कई खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन ने दोनों लीडरबोर्ड को और रोमांचक बना दिया है। पंजाब किंग्स और लखनऊ सुपर जायंट्स के बीच मुकाबले में प्रिंस यादव ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 2/25 के आंकड़े दर्ज किए। इस मैच में कुल 454 रन बने, लेकिन इसके बावजूद प्रिंस ने किफायती गेंदबाजी की। इस प्रदर्शन के साथ प्रिंस यादव इस सीजन में 11 विकेट तक पहुंच गए हैं और पर्पल कैप की सूची में टॉप-3 में शामिल हो गए हैं। उनके विकेट गुजरात टाइटंस के प्रसिद्ध कृष्णा के बराबर हैं, लेकिन बेहतर इकॉनमी रेट के कारण प्रिंस आगे हैं। चेन्नई सुपर किंग्स के अंशुल कंबोज 13 विकेट के साथ अब भी शीर्ष पर बने हुए हैं। वहीं राजस्थान रॉयल्स के रवि बिश्नोई 10 विकेट लेकर पांचवें स्थान पर पहुंच गए हैं। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के भुवनेश्वर कुमार भी शीर्ष गेंदबाजों में शामिल हैं। इसके अलावा जोफ्रा आर्चर और कोलकाता नाइट राइडर्स के कार्तिक त्यागी समेत कई गेंदबाज 8-8 विकेट लेकर प्रतिस्पर्धा को कड़ा बना रहे हैं। ऑरेंज कैप की सूची में टॉप-3 स्थान पर कोई



बदलाव नहीं हुआ है। सनराइजर्स हैदराबाद के हेनरिक क्लासेन, गुजरात टाइटंस के शुभमन गिल और आरसीबी के विराट कोहली क्रमशः पहले तीन स्थान पर बने हुए हैं। हालांकि, राजस्थान रॉयल्स के वैभव सूर्यवंशी 46 रनों की पारी के बाद चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं। पंजाब किंग्स के कूपर कोनॉली ने 46 गेंदों में 87 रन बनाकर छठा स्थान हासिल किया है। उनके साथ राजस्थान के यशस्वी जायसवाल भी 223 रनों के साथ बराबरी पर हैं। वहीं प्रियांश आर्य ने 37 गेंदों में 93 रनों की धमाकेदार पारी खेलकर 200 रन का आंकड़ा पार कर लिया है और ऑरेंज कैप की दौड़ को और रोमांचक बना दिया है। आईपीएल 2026 में जैसे-जैसे मुकाबले आगे बढ़ रहे हैं, ऑरेंज और पर्पल कैप की जंग और भी कड़ी होती जा रही है।

# ओलंपियन जाधव को मरणोपरांत पद्म विभूषण देने पर चार मई तक फैसला करने का निर्देश

एजेंसी

मुंबई। बंबई उच्च न्यायालय ने केंद्र सरकार को भारत के पहले व्यक्तिगत ओलंपिक पदक विजेता पहलवान खाशाबा दादासाहेब जाधव को मरणोपरांत पद्म विभूषण पुरस्कार प्रदान करने के संबंध में चार मई तक फैसला करने का निर्देश दिया है। उच्च न्यायालय की कोल्हापुर पीठ के न्यायाधीश माधव जामदार और प्रवीण पाटिल ने 15 अप्रैल को अपने आदेश में कहा कि इसको लेकर किसी तरह का विवाद नहीं है कि महाराष्ट्र के रहने वाले पहलवान जाधव भारत के पहले व्यक्तिगत ओलंपिक पदक विजेता थे। अदालत ने 'कुश्तीवीर खाशाबा जाधव फाउंडेशन' द्वारा दायर की गई एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए यह निर्देश दिया। इस फाउंडेशन की स्थापना खाशाबा जाधव के बेटे रणजीत जाधव ने की थी। याचिका में गृह मंत्रालय (पद्म पुरस्कार प्रकोष्ठ) को यह निर्देश देने की मांग की गई थी कि वह खाशाबा दादासाहेब जाधव को भारत के दूसरे सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार पद्म विभूषण से मरणोपरांत सम्मानित करने के लिए पुनर्विचार करे और नए सिरे से फैसला करे। उच्च न्यायालय ने कहा, ''भारत सरकार को चार मई या उससे पहले उचित फैसला करने का निर्देश दिया जाता है। अदालत ने इस मामले की अगली सुनवाई पांच मई को तय की। खशाबा जाधव ने 1952 में हेलसिंकी ओलंपिक खेलों में कांस्य पदक जीता था। उनका 1984 में निधन हो गया था। उन्हें 2001 में मरणोपरांत अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। याचिका में दावा किया गया कि दिवंगत पहलवान के परिवार ने उन्हें सम्मान दिलाने के लिए कई बार आवेदन दिए थे। इस पर कोई जवाब न मिलने पर फाउंडेशन ने अदालत का रुख किया।

# सुजीत ने 65 किग्रा में अपने दबदबे पर कहा ऐसा नहीं है कि कोई मुझे हरा नहीं सकता

एजेंसी

नयी दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पिछले एक साल में 65 किग्रा भार वर्ग में लगभग अजेय रहे भारतीय पहलवान सुजीत कलकल स्वयं को अपना आदर्श और जीत का प्रबल दावेदार मानते हैं लेकिन इसके साथ ही वह एलीट वर्ग की प्रतियोगिताओं में परिणाम को लेकर अनिश्चितता क प्रति भी जागरुक हैं। सुजीत ने जून 2025 में अंडर-23 एशियाई चैंपियनशिप में मिली जीत के बाद से सीनियर विश्व चैंपियनशिप को छोड़कर प्रत्येक प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता है। उन्होंने हाल में बिश्केक में सीनियर एशियाई चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता था। उनका मानना ??है कि प्रदर्शन में निरंतरता और आत्मविश्वास उनकी सफलता की कुंजी रहे हैं। सुजीत ने कहा, ''मैं किसी खास व्यक्ति का अनुसरण नहीं करता। मुझे अपने मुकाबले देखना पसंद हैं, वह भी विशेषकर रविवार को। आप कह सकते हैं कि मैं खुद को अपना आदर्श मानता हूं। सुजीत भले ही किसी विशेष पहलवान को अपना आदर्श नहीं मानते, लेकिन वह योगेश्वर दत्त, बजरंग पूनिया और अमित धनकड़ जैसे दिग्गज पहलवानों की प्रशंसा करते हैं। उन्होंने कहा, ''मैं योगेश्वर दत्त और अन्य पहलवानों को देखता था। उनसे सहनशक्ति, गति और ताकत जैसी कई चीजें सीखने को मिलती हैं, लेकिन मैं अधिकतर अपने मुकाबलों का विश्लेषण करता हूं। हमारा कार्यक्रम व्यस्त रहता है, लेकिन रविवार या विश्राम के दिनों में मैं अपने और सीनियर पहलवानों के मुकाबले देखता हूं। इससे गलतियों की पहचान करने और उनमें सुधार करने में मदद मिलती है। सुजीत ने 65 किग्रा में अपने दबदबे के बावजूद यह मानने से इनकार कर दिया कि इस वजन वर्ग में उनका पूर्ण नियंत्रण है। उनसे पहले ओलंपिक पदक विजेता बजरंग पूनिया इस भार वर्ग में भाग लेते थे। उन्होंने कहा, ''ऐसा कुछ नहीं है कि कोई मुझे हरा नहीं सकता। हर कोई कड़ी मेहनत करता है। जिसका दिन अच्छा होता है, वही जीतता है। ईश्वर की कृपा से मैं अब तक जीतता आया हूं और आगे भी जीतता रहूंगा तथा अपने देश को गौरवान्वित करूंगा। इस 23 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा कि आगामी एशियाई खेल में उनके प्रदर्शन की असली परीक्षा होगी। उन्होंने कहा, ''मैं पिछले दो साल से किसी भारतीय पहलवान से नहीं हारा हूं। ईरान और जापान की बात करें तो एशियाई खेलों में हमें अपना स्तर पता चल जाएगा। अभी भी कुछ कमियां हैं और हम उन पर काम कर रहे हैं। अपनी मजबूत रक्षण और तीखे जवाबी हमले करने में माहिर सुजीत ने स्वीकार किया कि अब उनका ध्यान अपने आक्रामक खेल, सहनशक्ति और ताकत में सुधार करने पर है। उन्होंने कहा, ''रक्षात्मक रणनीति मेरी सबसे बड़ी खूबी है। मुझे आक्रमण पर और अधिक काम करने की जरूरत है। मुझे अपनी सहनशक्ति और ताकत में भी सुधार करने की जरूरत है। हम इन कमियों को दूर करने की कोशिश कर रहे हैं। सुजीत ने बताया कि राष्ट्रीय शिविर में भारतीय फ्रीस्टाइल के मुख्य कोच विनोद कुमार जैसे कोच के मार्गदर्शन में अभ्यास करने से उन्हें फायदा हुआ। उन्होंने कहा, ''कोच हमसे बहुत मेहनत करवाते हैं। इससे सहनशक्ति बढ़ाने में मदद मिलती है। सुजीत अपने कौशल को निखारने के लिए विभिन्न भार वर्गों में अभ्यास करते हैं। उन्होंने कहा, ''हम ताकत और सहनशक्ति बढ़ाने के लिए अधिक वजन वाले पहलवानों तथा गति सुधारने के लिए 57 और 61 किग्रा भार वर्ग के पहलवानों के साथ अभ्यास करते हैं। इससे काफी मदद मिलती है।

# बायर्न म्यूनिख ने 14 साल में 13वीं बार बुंडेसलीगा खिताब जीता

म्यूनिख। बायर्न म्यूनिख ने स्टटगार्ट पर 4-2 से आसान जीत हासिल करके पिछले 14 साल में 13वीं बार जर्मन फुटबॉल लीग बुंडेसलीगा का खिताब अपने नाम किया। बायर्न म्यूनिख की इस जीत के नायक भी हैरी केन रहे जिन्होंने दूसरे हाफ में स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में मैदान पर उतरने के बाद सत्र का अपना 32वां गोल किया। इससे पहले राफ़ेल गुएरेरो (31वें), निकोलस जैक्सन (33वें) और अलफंसो डेविस (37वें) ने सात मिनट के अंदर तीन गोल करके बायर्न म्यूनिख को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया था। स्टटगार्ट की तरफ से क्रिस फ्यूरिच (21वें) और चेमा आंद्रेस (88वें) ने गोल किए। इस जीत के साथ बायर्न म्यूनिख ने जर्मन लीग के चार राउंड शेष रहते हुए दूसरे स्थान पर मौजूद बोरुसिया डॉर्टमुंड पर 15 अंकों की अजेय बढ़त बना ली है। डॉर्टमुंड की एक दिन पहले हॉफ़ेनहाइम से हार के बाद बायर्न को खिताब जीतने के लिए केवल एक अंक की जरूरत थी।

# हम एक दूसरे से छोटी-छोटी चीजें सीखते हैं: कोनोली

एजेंसी

मुल्लांपुर। पंजाब किंग्स के ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज कूपर कोनोली ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अपनी टीम के अब तक के अजेय अभियान का श्रेय टीम के अंदर सकारात्मक माहौल और एक दूसरे से छोटी-छोटी चीज सीखने को दिया। कोनोली की 46 गेंद पर 87 रन की पारी और सलामी बल्लेबाज प्रियांश आर्य (37 गेंदों में 93 रन) के साथ दूसरे विकेट के लिए 182 रन की साझेदारी की मदद से पंजाब किंग्स ने रविवार को यहां सात विकेट पर 254 रन बनाए और लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ 54 रन की आसान जीत दर्ज की। कोनोली ने मैच के बाद पत्रकारों से कहा, ''हम सभी इस बात पर चर्चा करते हैं कि एक-दूसरे के लिए क्या कारगर है। हम एक-दूसरे से छोटी-छोटी बातें सीखते हैं। हमें एक-दूसरे से छोटी-छोटी चीजें सीखने का आनंद ले रहे हैं। उन्होंने कहा, ''हम सभी बेहतर होने की कोशिश कर रहे हैं। खेल का यही उद्देश्य होता है। सर्वश्रेष्ठ टीम बनना। हम एक टीम के रूप में बेहतर होने के लिए एक-दूसरे से सीख लेते हैं। कोनोली ने कप्तान श्रेयस अय्यर की टीम का शानदार तरीके से नेतृत्व करने के लिए सराहना की। पंजाब ने अब तक पांच मैच जीते हैं जबकि उसका एक मैच बारिश के कारण रद्द कर दिया गया था। वह अभी छह मैचों में 11 अंकों के साथ आईपीएल तालिका में शीर्ष पर है। कोनोली ले कहा, ''वह (श्रेयस) खुद एक उदाहरण पेश करके नेतृत्व करते हैं। वह हमेशा यह कोशिश करते हैं कि टीम के सभी खिलाड़ी सहज महसूस करें। वह खिलाड़ियों को हमेशा बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं और यह सुनिश्चित करते हैं कि सभी खिलाड़ी खुश होकर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करें। प्रियांश के साथ अपनी साझेदारी के बारे में कोनोली ने कहा, ''प्रियांश पिछले साल से ऐसा प्रदर्शन कर रहा है। मुझे उसे बल्लेबाजी करते देखना अच्छा लग रहा था। मुझे लगता है कि पहले बल्लेबाजी करने पर खेल में ज्यादा बदलाव नहीं आता। आप बस अच्छे क्रिकेट शॉट खेलने की कोशिश करते हैं, गेंदबाजी आक्रमण पर दबाव बनाते हैं और ढीली गेंदों का फायदा उठाते हैं। आज हमने यही किया। एलएसजी के तेज गेंदबाज प्रिंस यादव ने बड़े स्कोर वाले मैच में किफायती गेंदबाजी करके चार ओवर में केवल 25 रन देकर दो विकेट लिए। उन्होंने हालांकि हार के लिए अपनी टीम के गेंदबाजों को दोषी ठहराने से इनकार कर दिया। प्रिंस ने कहा, '''उन्होंने (पंजाब के बल्लेबाजों ने) कुछ अच्छे शॉट खेले, गेंदबाजों की कोई गलती नहीं है। अगर हम हारते हैं, तो हम एक टीम के रूप में हारेंगे। अगर हम जीतते हैं, तो भी हम एक टीम के रूप में जीतेंगे। अगर हमारा दिन खराब रहा तो ऐसी कोई बात नहीं है।

# राही ग्रुप की अगले तीन वर्षों में 600 करोड़ रुपये तक का निवेश करने की योजना: सीएमडी

एजेंसी

नयी दिल्ली। बुनियादी ढांचा क्षेत्र की कंपनी राही ग्रुप अगले तीन वर्षों में परिचालन बढ़ाने और विनिर्माण क्षमताओं को मजबूत करने के लिए 600 करोड़ रुपये तक का निवेश करने की योजना बना रही है। कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी। कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने बताया कि समूह विभिन्न प्रमुख क्षेत्रों में 400 से 500 करोड़ रुपये के निवेश का लक्ष्य रखता है। राही ग्रुप के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) प्रदीप खेतान ने 'पीटीआई-भाषा' को दिए एक साक्षात्कार में बताया कि इस विस्तार योजना के तहत राही इंफ्राटेक लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी राही ट्रैक टेक्नोलॉजीज लिमिटेड ओडिशा में 200 करोड़ रुपये की लागत से एक 'फाउंड्री' स्थापित कर रही है। यहां मैंगनीज और इस्पात की ढलाई से बने पुर्जों का निर्माण किया जाएगा। इसके अलावा, समूह की प्रमुख कंपनी राही इंफ्राटेक लिमिटेड अगले तीन वर्षों में हर साल 60 से 70 करोड़ रुपये का पूंजीगत व्यय करेगी, जिससे उसकी बुनियादी ढांचा क्षमताओं को और मजबूत किया जाएगा। समूह अपनी अनुषंगी कंपनी पैंड्रोल राही टेक्नोलॉजीज में भी लगभग 100 करोड़ रुपये का निवेश करेगा। इस निवेश से आधुनिक रेलवे ट्रैक को जोड़ने और सुरक्षित रखने वाले उपकरण, प्लास्टिक के पुर्जे और अन्य उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद बनाने के लिए एक अलग उत्पादन इकाई स्थापित की जाएगी। खेतान ने कहा कि ये निवेश कंपनी की दीर्घकालिक रणनीति के अनुरूप हैं, जिनका उद्देश्य क्षमता बढ़ाना, उत्पादों का विस्तार करना और रेलवे तथा बुनियादी ढांचा क्षेत्र की बढ़ती जरूरतों को पूरा करना है। उन्होंने कहा कि कंपनी पर्यावरण अनुकूल रेल समाधानों पर भी ध्यान दे रही है। इसके तहत पुराने टायरों से प्राप्त पुनर्चक्रित रबर का उपयोग कर ऐसे पुर्जे बनाए जा रहे हैं, जो मेट्रो रेल में शोर और कंपन को कम करते हैं और नए कच्चे माल पर निर्भरता घटाते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया का 2026 में मिनी की बिक्री को दोगुना करने का लक्ष्य: सीईओ

**नयी दिल्ली।** बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया के अध्यक्ष और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) हरदीप सिंह बरार ने सोमवार को कहा कि कंपनी इस साल अपने प्रीमियम ब्रांड मिनी की बिक्री को दोगुना करने का लक्ष्य लेकर चल रही है। कंपनी के अनुसार, यह लक्ष्य उत्पादों की बढ़ी हुई श्रृंखला, स्थानीय उत्पादन और बिक्री नेटवर्क के विस्तार के दम पर हासिल किया जाएगा। कंपनी के अनुसार, वर्ष 2025 में मिनी की बिक्री तीन प्रतिशत बढ़कर 730 इकाई रही, जबकि 2026 की जनवरी-मार्च तिमाही में यह 42 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 213 इकाई पर पहुंच गई। कंपनी इस साल के मध्य तक स्थानीय स्तर पर निर्मित मिनी कंट्रीमैन मॉडल को पेश करने की योजना बना रही है। बराड़ ने कहा, इस साल हमारा लक्ष्य बिक्री को दोगुना करना है। अगर हम इसमें सफल होते हैं, तो यह मिनी के लिए अब तक का सबसे अच्छा वर्ष होगा। उन्होंने बताया कि कंपनी ने इसके लिए तीन प्रमुख रणनीतियां अपनाई हैं जिसमें उत्पादों की संख्या बढ़ाना, स्थानीयकरण और बिक्री नेटवर्क का विस्तार शामिल है। कंपनी की इस वर्ष एक नया मॉडल और कुल नौ विशेष संस्करण पेश करने की योजना है। पिछले दो वर्षों में भारत में मिनी के पास सीमित मॉडल उपलब्ध थे, लेकिन पिछले छह महीनों में कंपनी ने मिनी कन्वर्टिबल, मिनी कंट्रीमैन जेसीडब्ल्यू ऑल4 और मिनी कंट्रीमैन एसई ऑल4 जैसे नए मॉडल पेश कर अपनी पेशकश मजबूत की है।

### लियोन ने पीएसजी को हराकर लेंस की खिताब की उम्मीद जगाई

**पेरिस।** ब्राजील के फॉरवर्ड एंड्रिक ने एक गोल किया और एक गोल करने में मदद की, जिससे लियोन ने शीर्ष पर काबिज पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) को 2-1 से हराकर फ्रांसीसी फुटबॉल प्रतियोगिता लीग 1 में तीसरा स्थान हासिल करके चैंपियंस लीग के लिए क्वालीफाई करने की अपनी संभावनाओं को मजबूत किया। पीएसजी की इस सत्र में लीग में यह पांचवीं हार है, जिससे दूसरे स्थान पर काबिज लेंस की खिताब जीतने की उम्मीदें बढ़ गई हैं। पीएसजी अब लेंस से केवल एक अंक आगे है। पीएसजी ने हालांकि उससे एक मैच कम खेला है। पीएसजी के 28 मैच में 63 जबकि लेंस के 29 मैच में 62 अंक हैं। लियोन के 30 मैच में 54 अंक हैं।

### प्रधानमंत्री राजस्थान में देश की पहली एकीकृत रिफाइनरी-पेट्रोरसायन परियोजना का उद्घाटन करेंगे


**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार को राजस्थान जाएंगे। अपनी यात्रा के दौरान वह बालोतरा के पचपदरा में स्थित भारत के पहले नए एकीकृत रिफाइनरी-सह-पेट्रोरसायन परिसर को राष्ट्र को समर्पित करेंगे। एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि 79,450 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश वाली यह ऐतिहासिक परियोजना भारत के ऊर्ज़ा और पेट्रोरसायन क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि होगी। इस अवसर पर प्रधानमंत्री एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। यह 90 लाख टन सालाना क्षमता वाली रिफाइनरी एवं पेट्रोरसायन परियोजना हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) और राजस्थान सरकार के संयुक्त उपक्रम के रूप में विकसित की गई है। यह अत्याधुनिक संयंत्र तेल शोधन और पेट्रोरसायन उत्पादन को एक साथ जोड़ता है, जिसकी पेट्रोरसायन उत्पादन क्षमता 24 लाख टन प्रति वर्ष है। इस रिफाइनरी का नेल्सन जटिलता सूचकांक 17.0 है और पेट्रोरसायन उत्पादन का हिस्सा 26 प्रतिशत से अधिक है, जो वैश्विक मानकों के अनुरूप है। यह परियोजना भारत की ऊर्ज़ा सुरक्षा को मजबूत करने, पेट्रोरसायन क्षेत्र में आत्मनिर्भरता बढ़ाने और औद्योगिक विकास को गति देने में अहम भूमिका निभाएगी।

### जिंदल स्टेनलेस स्टील खुदरा बाजार में उतरी, निर्माण क्षेत्र में बढ़ाया दायरा

**नयी दिल्ली।** जिंदल स्टेनलेस स्टील लिमिटेड ने सोमवार को 'जिंदल इन्फिनिटी' नाम से स्टेनलेस स्टील सरिया पेश करते हुए खुदरा बाजार में प्रवेश की घोषणा की। यह कदम निर्माण क्षेत्र की पूरी मूल्य श्रृंखला में कंपनी की मौजूदगी बढ़ाने की दिशा में एक रणनीतिक विस्तार है। इस पहल के जरिये कंपनी अब अपने पारंपरिक कारोबार से कारोबार मॉडल से आगे बढ़कर सीधे अंतिम उपभोक्ताओं, बिल्डर और निर्माण कार्य से जुड़े कारीगरों तक पहुंच बना सकेगी। कंपनी के प्रबंध निदेशक अभ्युदय जिंदल ने कहा कि जिंदल इन्फिनिटी के साथ खुदरा क्षेत्र में प्रवेश कंपनी की क्षमताओं का विस्तार है और इसका उद्देश्य उन्नत उत्पादों को सीधे भारतीय उपभोक्ताओं तक पहुंचाना है।

# होर्मुज पर टेंशन हाई से कच्चा तेल उछला, ब्रेंट क्रूड का भाव 96.27 डॉलर प्रति बैरल

एजेंसी




नई दिल्ली। पश्चिम एशिया संकट के बीच स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के लगभग बंद होने से कच्चा तेल में उबाल देखने को मिल रहा है। सोमवार को शुरुआती कारोबार में ब्रेंट क्रूड का भाव 6.5 फीसदी उछलकर 96.27 डॉलर और डब्ल्यूटीआई क्रूड भी 7.5 फीसदी की बढ़त के साथ 90 डॉलर प्रति बैररल पर पहुंच गया। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सप्लाई बाधित होने की आशंका के बीच अमेरिकी बेंचमार्क वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड और अंतरराष्ट्रीय बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड दोनों की कीमतों में तेजी दर्ज की गई है। कारोबार के दौरान डब्ल्यूटीआई क्रूड 5.20 डॉलर यानी 6.20 फीसदी की उछाल के साथ 89.05 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है। वहीं, ब्रेंट क्रूड भी 4.81 डॉलर यानी 5.32 फीसदी की बढत के साथ 95.19 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है। इससे साफ है कि वैश्विक बाजार में तनाव का असर तेजी से दिखाई दे रहा है। उल्लेखनीय है कि पश्चिम एशिया संकट के बीच अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में लगातार उतार-चढाव दखेने को मिल रहा है।

# सर्राफा बाजार में मामूली गिरावट, सोना और चांदी की फीकी पड़ी चमक

एजेंसी

नई दिल्ली। सर्राफा बाजार में आज सांकेतिक कमजोरी नजर आ रही है। कीमत में आई गिरावट के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,55,770 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,56,650 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं 22 कैरेट सोना आज 1,42,790 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,43,590 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। इसी तरह चांदी के भाव में आए उछाल के कारण ये चमकीली धातु आज दिल्ली सर्राफा बाजार में 2,74,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,55,920 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,42,940 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की





आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,55,770 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,42,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,55,820 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,42,840 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,56,650 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,43,590 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,55,770 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,42,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,55,820 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,42,840 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,55,920 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 1,42,940 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,55,820 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,42,840 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,55,920 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,42,940 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# भाजपा सत्ता में आई तो गुंडाराज समाप्त किया जाएगा : राजनाथ

एजेंसी

कोलकाता। पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव प्रचार के बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को कहा कि यदि पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार बनती है, तो राज्य में गुंडाराज का अंत किया जाएगा। उन्होंने तृणमूल कांग्रेस सरकार पर भ्रष्टाचार, भय और हिंसा का माहौल बनाने का आरोप लगाया।

बीरभूम जिले के सैंथिया में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि राज्य सरकार के पास विकास कार्यों के लिए पर्याप्त अवसर थे, लेकिन असामाजिक तत्वों ने पश्चिम बंगाल की स्थिति खराब कर दी। उन्होंने कहा कि एक समय राज्य में निवेशक आने को तैयार थे, लेकिन वर्तमान माहौल ने सब कुछ बदल दिया। रक्षा मंत्री ने कहा कि भाजपा सत्ता में आई तो गुंडाराज समाप्त किया जाएगा। तृणमूल कांग्रेस के 15 वर्षों के शासन में भ्रष्टाचार चरम पर पहुंच गया है, इसे कोई नकार नहीं सकता। चेतावनी भरे स्वर में उन्होंने कहा कि अब जनता को तय करना है कि वह भय और आतंक का शासन चाहती है या उससे मुक्ति। उन्होंने कहा कि यदि राज्य में भाजपा की सरकार बनी तो गुंडे या तो भाग जाएंगे या जेल के पीछे होंगे। महिलाओं के मुद्दे पर भी उन्होंने तृणमूल कांग्रेस को घेरा। उन्होंने आरोप लगाया कि लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं को आरक्षण देने के प्रयासों का विपक्षी दलों ने विरोध किया। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल की महिलाएं इस चुनाव में तृणमूल कांग्रेस को इसका जवाब देंगी। रक्षा मंत्री ने दावा किया कि राज्य में विभिन्न चुनावी कार्यक्रमों में भाग लेने के बाद उन्हें महसूस हुआ है कि जनता इस बार परिवर्तन चाहती है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाएगी। राजनाथ सिंह ने कहा कि पहले देश की अर्थव्यवस्था में पश्चिम बंगाल की हिस्सेदारी 10 प्रतिशत थी, जो अब घटकर 5 प्रतिशत से भी नीचे आ गई है।

# अच्छी सड़क और बेहतर रेल बनेगी विकसित भारत का आधार : राष्ट्रपति

एजेंसी

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु का कहना है कि रेल व सड़कें केवल परिवहन के साधन ही नहीं हैं बल्कि आर्थिक राष्ट्रों की नींव हैं। बुनियादी ढांचे (इन्फ्रास्ट्रक्चर) का विकास आर्थिक विस्तार, सामाजिक समावेशन और राष्ट्रीय एकता के लिए महत्वपूर्ण उपकरण हैं।

राष्ट्रपति भवन में भारतीय रेल के प्रोबेशनरी अधिकारियों तथा केंद्रीय इंजीनियरिंग सेवा (सड़कें) के सहायक कार्यपालक अभियंताओं से भेंट के दौरान यह बात कही।राष्ट्रपति से मिलने के लिए भारतीय रेल के 2022 और 2023 के अधिकारी जबकि केन्द्रीय इंजीनियरिंग सेवा (सड़कें) के 2021, 2022, 2023 और 2024 बैच) के सहायक कार्यपालक अभियंता निमंत्रित किए गए थे।

राष्ट्रपति ने इन अधिकारियों से कहा कि वे ऐसे समय में सार्वजनिक सेवा में आए हैं जब देश 'विकसित भारत' के संकल्प के साथ तेजी से आगे बढ़ रहा है। भारतीय रेलवे और केंद्रीय इंजीनियरिंग सेवा (सड़कें) के युवा अधिकारियों के रूप में उनके निर्णय और कार्य सीधे तौर पर करोड़ों नागरिकों के जीवन की गुणवत्ता को प्रभावित करेंगे। राष्ट्रपति ने कहा कि बुनियादी ढांचा वह नींव है, जिस पर आधुनिक राष्ट्रों का निर्माण होता है। रेलवे और राजमार्ग केवल परिवहन के साधन मात्र नहीं हैं; वे आर्थिक विस्तार, सामाजिक समावेशन और राष्ट्रीय एकीकरण के माध्यम हैं। जब कोई रेलगाड़ी दूरदराज के गांव तक पहुंचती है या कोई राजमार्ग किसी क्षेत्र को जोड़ता है, तो वह वहां के सामाजिक-आर्थिक विकास के नए अवसर खोलता है। मजबूत इन्फ्रास्ट्रक्चर से लॉजिस्टिक्स लागत घटती है, व्यापार को बढ़ावा मिलता है और निवेश आकर्षित होता है। राष्ट्रपति ने कहा कि मज़बूत इंफ्रास्ट्रक्चर लॉजिस्टिक्स की लागत को कम करता है, व्यापार को बढ़ावा देता है, निवेश आकर्षित करता है और उत्पादकता बढ़ाता है। यह अलग-अलग क्षेत्रों और लोगों को एक-दूसरे के करीब लाकर राष्ट्रीय एकता को मज़बूत करता है। उन्होंने अधिकारियों को सलाह दी कि वे यह याद रखें कि सिर्फ़ आंकड़े ही सफलता को परिभाषित नहीं करते। उनके काम की असली कसौटी यह है कि वह लोगों के जीवन को किस तरह बेहतर बनाता है। उन्होंने अधिकारियों से ईमानदारी, जवाबदेही और उत्कृष्टता के मूल्यों को अपनाने का आग्रह किया। साथ ही कहा कि चुनौतियों और कठिन निर्णयों के समय उनके मूल्य ही उनका मार्गदर्शन करेंगे। उन्होंने अधिकारियों को निरंतर सीखने, जिज्ञासु बने रहने और नवाचार को बढ़ावा देने की भी सलाह दी। राष्ट्रपति ने कहा कि वे केवल प्रशासक नहीं, बल्कि प्रगति के वाहक और जनविश्वास के संरक्षक हैं, और उनके फैसले देश के भविष्य पर दीर्घकालिक प्रभाव डालेंगे।



# यह चुनावी लड़ाई भाजपा-आरएसएस की विभाजनकारी राजनीति के खिलाफ : राहुल

एजेंसी

चेन्नई। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सोमवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि यह चुनावी लड़ाई भाजपा की बांटने वाली राजनीति का विरोध करने, उसे हराने और पूरे लोकतंत्र को कमज़ोर करने के खिलाफ है।

श्री गांधी ने कन्याकुमारी ज़िले के दक्षिणी छोर पर स्थित कोलाचेल में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा हर राज्य पर कब्जा करने की कोशिश कर रही है और तमिलनाडु में भी वही हथकंडे अपना रही है ताकि अपने सहयोगी अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) के ज़रिए दिल्ली से राज्य पर शासन कर सके।

अन्नाद्रमुक ने अपने भ्रष्टाचार की वजह से इस भगवा पार्टी के सामने घुटने टेक दिए हैं। उन्होंने कहा कि इसका फ़ायदा उठाकर आरएसएस परोक्ष रूप से राज्य पर शासन करने की कोशिश कर रही है। भारत को एकजुट करने के लिए इसी ज़िले से शुरू की गई अपनी 'भारत जोड़ो यात्रा' को याद करते हुए कांग्रेस नेता ने कहा कि देश के सभी राज्यों को समान महत्व मिलना चाहिए और हर भाषा के पीछे एक इतिहास होता है, ठीक वैसे ही जैसे तमिल भाषा का इतिहास हज़ारों साल पुराना है।

श्री गांधी ने यह कहते हुए कि संबंधित राज्यों के लोगों को ही अपने राज्य पर शासन करना चाहिए कहा कि तमिलनाडु पर भी उसके अपने लोगों का ही शासन होना चाहिए, ठीक वैसे ही जैसे भारत के हर राज्य को यह तय करने का अधिकार है, जैसा कि संविधान में स्पष्ट रूप से लिखा हुआ है। भाजपा पर संविधान को न मानने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि यह भगवा पार्टी लोकतंत्र और संघीय सिद्धांतों को पूरी तरह से कमज़ोर करना चाहती है और दिल्ली से शासन करना चाहती है। संघर्ष-ग्रस्त मणिपुर में जारी अशांति का ज़िक्र करते हुए श्री गांधी ने कहा कि कभी शांतिपूर्ण रहा यह राज्य अब गृहयुद्ध की चपेट में है और उन्होंने इस पूर्वोत्तर राज्य की मौजूदा स्थिति के लिए भाजपा को ज़िम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा, ''उन्होंने वहाँ आग लगा दी है, सैकड़ों लोग मारे जा चुके हैं और मणिपुर में गृहयुद्ध अभी भी जारी है... जहाँ भी उन्हें मौका मिलता है, वे सत्ता पर कब्ज़ा करने और दिल्ली से राज्य चलाने की कोशिश करते हैं। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा ने अन्नाद्रमुक पर कब्ज़ा कर लिया है। इस पार्टी ने राज्य की प्रगति में ऐतिहासिक भूमिका निभाई थी और इसमें ऐसे नेता थे जिन्होंने सचमुच लोगों का प्रतिनिधित्व किया था। उन्होंने आरोप लगाया, ''लेकिन आज अन्नाद्रमुक एक खोखला जहाज़ बन चुकी है... यह तमिलनाडु में प्रवेश करने के लिए भाजपा का एक ज़िरया बन गयी है। अन्नाद्रमुक का नेतृत्व अपने भ्रष्टाचार के कारण भगवा पार्टी के सामने घुटने टेक चुका है और आरएसएस परोक्ष रूप से राज्य पर शासन करने की कोशिश कर रहा है। श्री राहुल गांधी कहा, ''जिस तरह अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को नियंत्रित करते हैं, उसी तरह श्री मोदी भी अन्नाद्रमुक के ज़रिए तमिलनाडु को नियंत्रित करना चाहते हैं।'' उन्होंने कहा कि सत्ताधारी द्रमुक , कांग्रेस और दूसरी सहयोगी पार्टियां आरएसएस से तमिल भाषा, संस्कृति और इतिहास की रक्षा कर रही हैं। आरएसएस द्रविड़ विचारधारा से नफ़रत करता है, क्योंकि वे अच्छी तरह जानते हैं कि सिर्फ़ तमिल लोग ही उन्हें चुनौती दे सकते हैं।

उन्होंने कहा, ''वे जानते हैं कि तमिल के बहादुर लोग ही उनका विरोध करेंगे और उनके आगे कभी नहीं झुकेंगे। इसीलिए वे तमिलनाडु में अन्नाद्रमुक के ज़रिए घुसने की यह नई तरकीब आज़मा रहे हैं।'' उन्होंने कहा कि श्री मोदी ने कुछ दिन पहले संसद में एक बहुत ही खतरनाक काम किया था।

# होर्मुज में फंसे भारतीय नाविकों की सुरक्षा पहली प्राथमिकता, ईरान से हो रही बातचीत : विदेश मंत्रालय

एजेंसी

नई दिल्ली। भारत सरकार ने खाड़ी क्षेत्र में बढ़ते तनाव के बीच ऊर्जा आपूर्ति, समुद्री सुरक्षा और भारतीय नागरिकों की मदद को लेकर स्थिति स्पष्ट की है। केंद्र सरकार ने कहा है कि देश में घरेलू गैस, बंदरगाह संचालन और आवश्यक सेवाएं सामान्य रूप से जारी हैं, जबकि विदेश मंत्रालय लगातार भारतीय नागरिकों और नाविकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में जुटा है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री के निर्देश पर खाड़ी देशों के साथ भारत की सक्रिय बातचीत जारी है। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल ने 19 अप्रैल को सऊदी अरब का आधिकारिक दौरा किया, जहां उन्होंने ऊर्जा मंत्री, विदेश मंत्री और अपने समकक्ष अधिकारियों से मुलाकात की। इस दौरान द्विपक्षीय संबंधों, क्षेत्रीय स्थिति और आपसी हितों के मुद्दों पर चर्चा हुई। जायसवाल ने कहा कि भारत ईरान और अन्य देशों के संपर्क में है ताकि होर्मुज से भारतीय जहाजों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने बताया कि शनिवार को हुई फायरिंग की घटना की जानकारी मिलते ही भारत ने इस मामले को गंभीरता से उठाया। उन्होंने कहा कि भारतीय पक्ष ने ईरान के राजदूत को तलब किया और विदेश सचिव स्तर पर बैठक कर गहरी चिंता जताई। भारत ने साफ कहा कि भारतीय नाविकों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और समुद्री मार्गों पर बिना किसी बाधा के आवाजाही होनी चाहिए। जयसवाल के मुताबिक, ईरानी राजदूत ने आश्वासन दिया कि भारत की चिंताओं को तेहरान स्थित संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने कहा कि भारतीय जहाजों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए संपर्क लगातार जारी है। विदेश मंत्रालय में संयुक्त सचिव (गल्फ) असीम महाजन ने बताया कि क्षेत्र में भारतीय दूतावास और बंदरगाह 24 घंटे हेल्पलाइन चला रहे हैं। उड़ानों, यात्रा व्यवस्था, वाणिज्य दूतावास सेवाओं और भारतीय समुदाय के कल्याण के लिए लगातार काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में भारतीय नाविकों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। गल्फ एयर ने बहरीन और भारत के बीच सीमित उड़ान सेवाएं शुरू करने की योजना की घोषणा की है। अब तक 2,423 भारतीय नागरिक ईरान और अजरबैजान से बाहर निकाले जा चुके हैं। साथ ही जॉर्डन और मिस्र से भारतीय नागरिकों की भारत वापसी भी सुगम बनाई जा रही है। पेट्रोलियम व प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने बताया कि देश में घरेलू एलपीजी आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है और कहीं भी गैस खत्म होने जैसी स्थिति सामने नहीं आई है। उन्होंने कहा कि व्यावसायिक एलपीजी आपूर्ति प्रभावित हुई थी।

## बॉम्बे उच्च न्यायालय ने आरएसएस की 'जेड प्लस' सुरक्षा के खर्च की वसूली से जुड़ी याचिका खारिज की

नागपुर। बॉम्बे हाई कोर्ट की नागपुर बेंच ने सोमवार को उस जनहित याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) और उसके प्रमुख मोहन भागवत को दी गयी 'जेड प्लस ' वीवीआईपी सुरक्षा का खर्च उनसे ही वसूलने की अपील की गई थी। याचिका में यह तर्क दिया गया था कि इस उच्च-स्तरीय सुरक्षा कवर पर होने वाला खर्च सरकारी खजाने से उठाया जा रहा है, जबकि आरएसएस कोई पंजीकृत संगठन नहीं है। इसमें यह आग्रह किया गया था कि यह खर्च संबंधित व्यक्ति से ही वसूला जाना चाहिए। यह पीआईएल नागपुर के सामाजिक कार्यकर्ता ललन किशोर सिंह ने वकील अश्विन इंगोले के माध्यम से दायर की थी। इस मामले में प्रतिवादियों में गृह मंत्रालय, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ), महाराष्ट्र सरकार का वित्त विभाग और आरएसएस शामिल थे। याचिकाकर्ता के अनुसार, इस सुरक्षा व्यवस्था पर अनुमानित तौर पर हर महीने 40S45 लाख रुपये खर्च किए जा रहे हैं। याचिका में 27 फरवरी, 2023 को उच्चतम न्यायालय द्वारा उद्योगपति मुकेश अंबानी से जुड़े एक मामले में दिए गए फैसले का भी हवाला दिया गया था, जिसमें यह कहा गया था कि कुछ खास परिस्थितियों में, सुरक्षा का पूरा खर्च संबंधित व्यक्ति या संस्था को ही उठाना होगा। याचिकाकर्ता ने तर्क दिया कि इसके बावजूद, केंद्र सरकार और संबंधित एजेंसियां करदाताओं के पैसे का इस्तेमाल करके आरएसएस को उच्च-स्तरीय सुरक्षा मुहैया करा रही हैं। सभी पहलुओं पर विचार करने के बाद, मुख्य न्यायाधीश चंद्रशेखर और न्यायमूर्ति अनिल किलोर की पीठ ने इस याचिका को खारिज कर दिया और इसे 'बिना किसी आधार' का बताया।

# दक्षिण कोरिया तथा भारत परस्पर सम्बन्धों को 'भविष्योन्मुखी साझेदारी' में बदलने पर सहमत

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे म्युंग ने सोमवार को यहां द्विपक्षीय मुद्दों पर व्यापक वार्ता कर दोनों देशों के संबंधों को 'भविष्योन्मुखी साझेदारी' में बदलने का संकल्प लिया और कहा कि भारत तथा दक्षिण कोरिया के बीच के ये संबंध प्रौद्योगिकी, व्यापार और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में साझा रणनीतिक हितों पर आधारित होंगे।

बैठक के बाद संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि आठ वर्ष बाद दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति की यह भारत यात्रा, अत्यंत महत्वपूर्ण है और दोनों देशों के बीच के गहरे तालमेल को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक मूल्य, बाजार अर्थव्यवस्था और कानून के शासन के प्रति सम्मान दोनों देशों की मूल पहचान का हिस्सा है और हिंद-प्रशांत क्षेत्र को लेकर भी दोनों देशों का दृष्टिकोण समान है। भविष्य की रूपरेखा को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा कि दोनों देश 'विश्वसनीय साझेदारी' को 'भविष्योन्मुखी साझेदारी' में बदलने को तैयार हैं। इन सबके आधार पर, पिछले एक दशक में हमारे संबंध अधिक गतिशील और व्यापक हुए हैं। उन्होंने कहा, ''चिप्स से जहाज निर्माण, प्रतिभा से प्रौद्योगिकी और मनोरंजन से ऊर्जा तक हम सभी क्षेत्रों में सहयोग के नए अवसरों को साकार करेंगे। आज हम अगले दशक की सफलता की कहानियों की नींव रख रहे हैं। बैठक की प्रमुख उपलब्धियों का विवरण देते हुए उन्होंने कहा कि इसमें 'भारत-कोरिया डिजिटल सेतु' की घोषणा महत्वपूर्ण है जिसका उद्देश्य कृत्रिम बुद्धिमत्ता, सेमीकंडक्टर और सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत करना है। दोनों देशों ने व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते को उन्नत कर 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 50 अरब डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य तय किया जो पिछले वर्ष 25.7 अरब डॉलर था। आधिकारिक सूचना के अनुसार यह बैठक श्री मोदी और श्री ली के बीच तीसरी आमने-सामने की मुलाकात थी, जो द्विपक्षीय संबंधों में तेजी को दर्शाती है। इस दौरान जहाज निर्माण, उभरती प्रौद्योगिकियों और लोगों के बीच संपर्क बढ़ाने जैसे क्षेत्रों में कई समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए। वैश्विक चुनौतियों के संदर्भ में श्री मोदी ने कहा कि यह साझेदारी व्यापक महत्व रखती है और दोनों देश मिलकर शांति और स्थिरता का संदेश देते हैं। उन्होंने दक्षिण कोरिया के अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन और हिंद-प्रशांत महासागर पहल में शामिल होने के निर्णय का स्वागत किया। इससे पहले 19 से 21 अप्रैल तक की तीन दिवसीय राजकीय यात्रा पर भारत पहुंचे राष्ट्रपति ली का राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री मोदी ने उनका औपचारिक स्वागत किया। उन्होंने राजघाट जाकर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि भी अर्पित की। यह यात्रा भारत और दक्षिण कोरिया के बीच बहुआयामी साझेदारी को और गहरा करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है, जो साझा लोकतांत्रिक मूल्यों, आर्थिक पूरकता और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में बढ़ते रणनीतिक सहयोग पर आधारित है। श्री मोदी तथा श्री ली ने बैठक में वैश्विक आर्थिक और सुरक्षा चुनौतियों के बीच दोनों देशों के संबंधों को मजबूत करने की दिशा में इस बैठक को महत्वपूर्ण बताया और कहा कि श्री ली की तीन दिवसीय राजकीय भारत यात्रा का उद्देश्य भारत-दक्षिण कोरिया 'विशेष रणनीतिक साझेदारी' को और गहरा करना है। यहां हैदराबाद हाउस में हुई बैठक के दौरान दोनों नेताओं ने औपचारिक वृक्षारोपण कार्यक्रम में भी भाग लिया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि श्री ली की यह यात्रा श्री मोदी के निमंत्रण पर हो रही है और इससे दोनों देशों की विशेष रणनीतिक साझेदारी को और मजबूती मिलने की उम्मीद है।

# पेज एक का शेष

## आयुष्मान भारत...

बढ़ोतरी हुई है। सरकार ने न्यूरोसर्जरी, नवजात देखभाल, कैंसर उपचार, रेडियोलॉजी, प्लास्टिक सर्जरी और बर्न मैनेजमेंट जैसी विशिष्टताओं को भी प्राथमिकता दी है। पूर्व में जिन क्षेत्रों में उन्नत चिकित्सा सुविधाएं सीमित थीं, वहां अब मरीजों को बेहतर इलाज मिलना संभव हो रहा है। नोडल एजेंसी साचीज द्वारा सूचीबद्ध निजी अस्पतालों की गुणवत्ता का लगातार आकलन किया जा रहा है, जिससे इलाज की विश्वसनीयता और पारदर्शिता बढ़ी है। योजना के विस्तार से गरीब और जरूरतमंद मरीजों को बिना आर्थिक बोझ के इलाज मिल रहा है।

## संस्कृत राष्ट्र की...

जो भारत में विद्यमान है।'' उन्होंने भारत के दार्शनिक विचार को और विस्तार से समझाते हुए कहा, ''भारत का अस्तित्व मात्र एक भौगोलिक तथ्य नहीं है। यह महज एक राजनीतिक या आर्थिक इकाई नहीं है। भारत एक जीवंत परंपरा है-वह आधारशिला जिस पर जीवन की निरंतरता टिकी हुई है। संघ प्रमुख ने संस्कृत भाषा के साथ अपने अनुभवों को साझा करते हुए कहा, ''बचपन में जब स्कूल में संस्कृत पढ़ाई जाती थी, तो यह कठिन लगती थी। पाठ्यक्रम में श्लोकों को याद करना अनिवार्य था, जिससे यह धारणा बनी कि संस्कृत एक कठिन भाषा है। फिर भी जब मैंने उन्हीं श्लोकों को घर पर स्वाभाविक रूप से बोलते हुए सुना, तो वे मुझे कभी भी कठिन नहीं लगे।'' उन्होंने कहा यह समस्या आज भी बनी हुई है। छात्र संस्कृत को एक कठिन भाषा मानते हैं, लेकिन सवाल यह है कि यह इतनी कठिन क्यों लगती है? वास्तव में, किसी भाषा को सीखने का सबसे सरल और प्रभावी तरीका पाठ्यपुस्तकों के माध्यम से नहीं, बल्कि बातचीत के माध्यम से है। उन्होंने कहा कि किसी भी भाषा को सीखने का सबसे आसान तरीका उसमें पूरी तरह डूब जाना और नियमित रूप से उसका उपयोग करना है। उन्होंने कहा जब भी मैं भारत भर में यात्रा करता हूं, भले ही मुझे विभिन्न क्षेत्रीय भाषाओं की विशिष्ट शब्दावली का ज्ञान न हो, फिर भी मैं भाव और अर्थ को समझ पाता हूं। निरंतर सुनने और बोलने से भाषा सहजतापूर्वक और बिना किसी प्रयास के सीखी जा सकती है। इसलिए, भाषा सीखने का सबसे अच्छा तरीका है कि आप उस भाषा को बोलने वाले लोगों के बीच रहें, उन्हें सुनें और लगातार उस भाषा को बोलें। उन्होंने कहा कि पिछले 15 वर्षों में संस्कृत के प्रति सामाजिक दृष्टिकोण में परिवर्तनकारी बदलाव साफ रूप से दिखाई दे रहा है। बदलती परिस्थितियां लोगों को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से फिर से जुड़ने के लिए प्रोत्साहित कर रही हैं। ऐसे संदर्भ में संस्कृत सीखने और समझने के अवसर प्रदान करना एक महत्वपूर्ण मिशन बन जाता है। श्री भागवत ने कहा, ''नया कार्यालय का निर्माण निःसंदेह खुशी और उत्साह का स्रोत है हालांकि, हमें यह समझना होगा कि कार्यालय स्वयं कार्य का कारण नहीं है, बल्कि कार्य के विस्तार का परिणाम है।'

## अमेरिका से नई...

जलडमरूमध्य सुरक्षित था। उन्होंने आरोप लगाया कि अमेरिका ने लेबनान युद्धविराम को समझौते का हिस्सा मानने से इनकार किया, जबकि ईरान ने इसे पाकिस्तान के मध्यस्थ के सामने स्पष्ट किया था। प्रवक्ता ने कहा कि ईरानी जहाज पर हमले और नाकेबंदी की अमेरिकी कार्रवाई अंतरराष्ट्रीय कानून एवं युद्धविराम का उल्लंघन है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि अमेरिका ने दो बार वार्ता प्रक्रिया को बाधित किया, ईरान पर हमले किये, नागरिकों की हत्या की और नागरिक अवसंरचनाओं को निशाना बनाया। उन्होंने कहा कि अमेरिका 'ईरान को दोषी ठहराने का खेल' कर रहा है। वह सकारात्मक भूमिका निभाने के बजाय आरोप लगा रहा है। ऐसा लगता है कि अमेरिका बिल्कुल गंभीर नहीं है।

## युद्धविराम समाप्ति से ...

रखने के प्रयासों में पाकिस्तान की भूमिका की सराहना की। इस बीच, प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेज़ेश्कियान से फोन पर बातचीत की। आधिकारिक बयान में वार्ता का सीधा उल्लेख नहीं किया गया, लेकिन यह संपर्क ऐसे समय हुआ है, जब पाकिस्तान दोनों पक्षों के बीच संदेशों का आदान-प्रदान कर रहा है। वार्ता की तैयारी में इस्लामाबाद में भी सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गयी है। रेड जोन और संभावित वार्ता स्थल के आसपास की प्रमुख सड़कों को बंद कर दिया गया है। चेकपोस्टों पर सैनिक तैनात हैं, पर्यटक स्थलों को बंद कर दिया गया है और होटलों को प्रतिनिधिमंडलों के लिए आरक्षित रखने के निर्देश दिये गये हैं।

## होर्मुज जलडमरूमध्य संकट के...

अमेरिकी नौसेना की नाकेबंदी जारी रहेगी। अमेरिका-इजराइल का ईरान के खिलाफ युद्ध अब आठवें सप्ताह में है। इस युद्ध ने दशकों में सबसे भीषण वैश्विक ऊर्जा संकटों में से एक को जन्म दिया है। एशिया और यूरोप के वे देश जो पश्चिम एशिया से अपने तेल के एक बड़े हिस्से का आयात करते हैं, आपूर्ति रुकने और उत्पादन में कटौती से सबसे अधिक प्रभावित हुए हैं। अमेरिकी ऊर्जा मंत्री क्रिस राइट ने कहा कि पेट्रोल की कीमतें अगले साल ही कुछ राहत दे सकती हैं। कच्चे तेल की कीमतों में 28 फरवरी को अमेरिका और इजराइल के हमले के बाद से लगातार उतार-चढ़ाव देखा जा रहा है। संघर्ष से पहले कच्चे तेल की कीमत लगभग 70 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल थी, जो बाद में बढ़कर 119 अमेरिकी डॉलर से भी अधिक हो गई। शुक्रवार को अमेरिकी कच्चा तेल 82.59 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल और ब्रेंट क्रूड 90.38 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर भाव पर बंद हुआ।

## 24 आईएएस...

में विशेष सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं अरुण कुमार को भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग के प्रभार से मुक्त किया गया फ़ेरबदल के तहत विकास प्राधिकरणों और मुख्य विकास अधिकारियों (सीडीओ) के पदों पर भी नए चेहरे तैनात किए गए है। दीक्षा जैन को उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण, कानपुर में अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी बनाया गया है। डॉ. अपरांजिता सिंह सिनसिनवार को बुलंदशहर-खुर्ज़ा विकास प्राधिकरण और प्रणता ऐश्वर्या को मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वहीं उत्कर्ष त्रिवेदी को शाहजहांपुर, अभिनव जेठ जैन को कानपुर नगर और दीक्षा जोशी को सीतापुर का मुख्य विकास अधिकारी बनाया गया है। सरकार का यह कदम प्रशासनिक व्यवस्था को और अधिक चुस्त-दुरुस्त बनाने के उद्देश्य से उठाया गया माना जा रहा है। नए अधिकारियों से अपने-अपने जिलों और विभागों में तेजी से कार्यों को आगे बढ़ाने और जनहित योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने की अपेक्षा की गई है। गौरतलब है कि एक दिन पहले ही सरकार ने 40 आईएएस अधिकारियों का तबादला किया था जिसमे कई जिलों के डीएम बदले गए थे।

## गंगा एक्सप्रेसवे पर...

ईंधन, खानपान, शौचालय और विश्राम जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। परियोजना में गंगा नदी पर लगभग 960 मीटर लंबा और रामगंगा नदी पर करीब 720 मीटर लंबा पुल बनाया गया है। शाहजहांपुर के पास लगभग 3.5 किलोमीटर लंबी हवाई पट्टी का निर्माण भी किया गया है, जो इस एक्सप्रेसवे की खास पहचान बन चुकी है। यहां इंडियन एयर फोर्स द्वारा इमरजेंसी लैंडिंग का सफल परीक्षण किया जा चुका है। अर्थव्यवस्था को मिलेगा बलगंगा एक्सप्रेसवे के चालू होने से पश्चिमी उत्तर प्रदेश के औद्योगिक क्षेत्र और पूर्वी यूपी के कृषि प्रधान क्षेत्रों के बीच सीधा और तेज संपर्क स्थापित होगा। किसानों को अपनी उपज बड़े बाजारों तक पहुंचाने में आसानी होगी। उद्योगों को कच्चे माल और तैयार उत्पाद के परिवहन में समय और लागत की बचत होगी। साथ ही पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। खासकर धार्मिक और ऐतिहासिक स्थलों तक पहुंच आसान होगी। नए रोजगार सृजित होंगे और प्रदेश 'ईज आफ डूइंग बिजनेस' के मामले में और मजबूत होगा।

## अवैध धर्मांतरण के ...

आरोप तय किए हैं। दूसरी ओर अदालत ने इसी मामले में महबूब व नवीन रोहरा उर्फ जमालुद्दीन को भी समान आरोपों में आरोपित करते हुए विचारण किए जाने का आदेश दिया है। अदालत के समक्ष सभी आरोपी जेल से लाए गए थे। जहां पर उन्होंने आरोपों से इनकार किया तथा अपना-अपना विचारण किए जाने का अनुरोध किया। अब इस मामले में अभियोजन की ओर से आगामी दो मई को गवाही पेश की जा सकती है।

## आजम और अब्दुल्ला...

रहेगी। वहीं इस मामले में स्टेट की तरफ से सजा बढ़ाने के मामले में पूर्व मंत्री काजिम अली खान उर्फ नावेद मियां ने एक रिवीजन दाखिल किया था जिसे सेशन कोर्ट ने खारिज कर दिया था, लेकिन हाई कोर्ट ने इसमें सुनवाई के वक्त उनका पक्ष भी सुनने के निर्देश सेशन कोर्ट को दिए हैं। गौरतलब है कि रामपुर शहर के भाजपा विधायक आकाश सक्सेना ने 30 जुलाई, 2019 को थाना सिविल लाइंस में शिकायत दर्ज कराई थी। इसमें कहा गया था कि अब्दुल्ला आजम ने नियमों का उल्लंघन करते हुए दो पैन कार्ड बनवाए। जांच के दौरान मामले में आजम खान की भूमिका सामने आने पर उन्हें भी आरोपी बनाया गया, जिसके बाद दोनों के खिलाफ केस दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता के मुताबिक, अब्दुल्ला आजम ने फर्जी दस्तावेजों का इस्तेमाल कर दो अलग-अलग जन्मतिथि वाले पैन कार्ड बनवाए थे। इनमें से पहले में 01 जनवरी, 1993 और दूसरे में जन्मतिथि 30 सितंबर, 1990 दर्ज है। लंबी सुनवाई के बाद रामपुर की एमपी-एमएलए कोर्ट ने 17 नवंबर 2025 को दोनों को सजा सुनाई। कोर्ट ने दोनों को 7-7 साल की सजा सुनाई और 50-50 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया। सजा के चलते आजम खान और अब्दुल्ला आजम रामपुर की जेल में बंद हैं।

# पंजाब: बेअदबी मामलों की डिजिटल एंगल से भी होगी जांच,नई एसओपी जारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



चंडीगढ़। पंजाब में बेअदबी केसों की जांच को अधिक प्रभावी और पारदर्शी बनाने के लिए पंजाब पुलिस ने नई मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) जारी की है। यह एसओपी पंजाब ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन द्वारा तैयार की गई है, जिसमें फॉरेंसिक सटीकता, डिजिटल साक्ष्यों की सुरक्षा और समयबद्ध कानूनी कार्रवाई पर विशेष जोर दिया गया है। नई एसओपी के तहत अब बेअदबी से जुड़े मामलों में डिजिटल एंगल, सोशल मीडिया गतिविधियों और फंडिंग की भी विस्तृत जांच की जाएगी। इन मामलों की निगरानी सीधे तौर पर संबंधित जिले के एसएसपी या पुलिस कमिश्नर द्वारा की जाएगी। साथ ही जांच को 60 से 90 दिनों के भीतर पूरा कर चालान पेश करना अनिवार्य कर दिया गया है। एसओपी में पुलिस के लिए छह अहम दिशा-निर्देश तय किए गए हैं। सबसे पहले, घटना की सूचना मिलते ही एसएचओ और जांच अधिकारी को बिना देरी किए मौके पर पहुंचना होगा। सबूतों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए घटनास्थल पर दो स्तर का घेरा बनाया जाएगा एक आंतरिक और एक बाहरी ताकि भीड़ को नियंत्रित किया जा सके और साक्ष्य सुरक्षित रह सकें। धार्मिक संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए, श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के 'अंगों' (पन्नों) या अन्य धार्मिक प्रतीकों को केवल अधिकृत धार्मिक प्रतिनिधियों की मौजूदगी में ही पूरी मर्यादा के साथ छुआ या स्थानांतरित किया जाएगा। इसके अलावा हर घटनास्थल की हाई-रिजॉल्यूशन फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी और मैपिंग की जाएगी तथा फॉरेंसिक टीमों को तुरंत मौके पर बुलाया जाएगा। पुलिस केवल मौके पर पकड़े गए आरोपी तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि इसके पीछे की साजिश और संभावित मास्टरमाइंड की भी गहराई से जांच करेगी। सोशल मीडिया पर फैलाए गए भ्रामक संदेश, डीपफ़ेक वीडियो और डिजिटल गतिविधियों की जांच के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस टूल्स का उपयोग किया जाएगा। साथ ही बिटकॉइन या अन्य क्रिप्टोकरेंसी के माध्यम से होने वाली संदिग्ध फंडिंग की भी जांच की जाएगी। इसके अतिरिक्त, यदि किसी आरोपी की मानसिक स्थिति संदिग्ध पाई जाती है, तो उसकी जांच के लिए फॉरेंसिक मनोवैज्ञानिकों का एक विशेष बोर्ड गठित किया जाएगा। यह कदम यह सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है कि जांच पूरी तरह निष्पक्ष और वैज्ञानिक आधार पर हो। पंजाब सरकार द्वारा लागू किए गए बेअदबी कानून के तहत दोषी पाए जाने पर कम से कम 10 वर्ष से लेकर आजीवन कारावास तक की सजा का प्रावधान है। इसके साथ ही 5 लाख से 25 लाख रुपये तक का जुर्माना भी लगाया जा सकता है। यह मामले गैर-जमानती श्रेणी में रखे गए हैं।

# मुख्यमंत्री ने आजादपुर मंडी, गुप्ता मार्केट और आसपास के क्षेत्रों का किया निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को आजादपुर मंडी, गुप्ता मार्केट और आसपास के क्षेत्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने आसपास के क्षेत्रों का दौरा कर साफ-सफाई, कूड़ा उठान और बेहतर प्रबंधन को लेकर भी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) और लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों का जायजा लेते हुए अधिकारियों से प्रगति रिपोर्ट ली। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को स्थानीय नागरिकों के आवागमन और सुविधाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कार्य करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही मुख्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि सभी कार्य पूर्ण पारदर्शिता के साथ, निर्धारित समय-सीमा के भीतर और गुणवत्ता से कोई समझौता किए बिना पूरे किए जाएं, ताकि जनता को समय पर सभी आवश्यक सुविधाएं मिल सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार दिल्लीवासियों के लिए बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर और उनकी जरूरतों के अनुरूप सुविधाएं विकसित कर रही हैं। रेखा गुप्ता ने कहा कि वर्षों से उपेक्षित क्षेत्रों में भी नए विकास कार्यों का शुभारंभ हुआ है और इन्हें समय पर पूरा कर जनता को समर्पित करने के लिए हमारी सरकार निरंतर मिशन मोड में कार्य कर रही है।

# चंडीगढ़ के डॉ. आंबेडकर कॉलेज को बम से उड़ाने की धमकी, बम और डॉग स्क्वायड ने शुरू की जांच

कैनविज टाइम्स संवाददाता

चंडीगढ़। चंडीगढ़ के सेक्टर-42 स्थित डॉ. आंबेडकर कॉलेज को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद सोमवार को हड़कंप मच गया। कंट्रोल रूम को मिले एक संदिग्ध मैसेज के बाद पुलिस तुरंत अलर्ट मोड में आ गई और कॉलेज परिसर में बड़े स्तर पर सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया गया। जानकारी के मुताबिक कंट्रोल रूम को एक मैसेज मिला था, जिसमें कॉलेज को बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी। सूचना मिलते ही चंडीगढ़ पुलिस, बम स्क्वॉड और डॉग स्क्वॉड की टीमें मौके पर पहुंच गईं। पूरे कॉलेज परिसर को घेरकर हर कोने की गहन तलाशी ली गई। एहतियात के तौर पर कॉलेज में मौजूद सभी छात्रों और स्टाफ को तुरंत सुरक्षित बाहर निकाला गया। साथ ही आने-जाने वाले लोगों की जांच भी सख्ती से शुरू कर दी गई, ताकि किसी भी संभावित खतरे को समय रहते टाला जा सके। पुलिस अधिकारियों के अनुसार सर्च ऑपरेशन के दौरान किसी भी तरह की संदिग्ध वस्तु बरामद नहीं हुई है। शुरुआती जांच में यह धमकी फर्जी प्रतीत हो रही है, लेकिन सुरक्षा एजेंसियां इसे गंभीरता से लेते हुए हर पहलू की जांच कर रही हैं। मामले की जांच के लिए साइबर टीम को भी सक्रिय किया गया है। टीम धमकी भरे मैसेज के स्रोत का पता लगाने में जुटी है। तकनीकी जांच के जरिए यह पता लगाया जा रहा है कि मैसेज कहां से भेजा गया, किस डिवाइस का इस्तेमाल हुआ और इसके पीछे कौन व्यक्ति या समूह शामिल हो सकता है। चंडीगढ़ पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न दें। यदि कहीं कोई संदिग्ध वस्तु या गतिविधि नजर आए तो तुरंत पुलिस को सूचना दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

# पटना में भाजपा का महिला आक्रोश सम्मेलन, मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने महिला आरक्षण पर विपक्ष को घेरा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पटना। बिहार की राजधानी पटना के कारगिल चौक पर 'महिला आरक्षण विधेयक' को लेकर भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की ओर से आयोजित जन आक्रोश महिला सम्मेलन में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने विपक्षी दलों पर हमला बोला।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि जहां कुछ राजनीतिक दल अपने परिवार के सदस्यों को आगे बढ़ाने में लगे हैं, वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश की महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने मंच से सख्त संदेश देते हुए कहा कि यदि किसी ने महिलाओं की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ किया, तो उसे ह्लपाताल से भी खोज निकालेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार महिलाओं को न्याय दिलाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और नारी शक्ति को सशक्त बनाने के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण देने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्षी दल केवल परिवारवाद की राजनीति करते हैं, जबकि प्रधानमंत्री मोदी महिलाओं को लोकसभा और विधानसभा तक पहुंचाने का प्रयास कर रहे हैं। सम्राट चौधरी ने दावा किया कि यदि महिला आरक्षण विधेयक लागू हो जाता, तो बिहार में 122 महिलाएं विधायक होतीं। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी, राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के अध्यक्ष लालू यादव और द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (द्रमुक) के अध्यक्ष और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन पर भी निशाना साधा। साथ ही उन्होंने नीतीश कुमार को बिहार का अभिभावक बताया। इससे पहले भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि महिला आरक्षण बिल के लोकसभा में गिरने के बाद विपक्ष का जश्न मनाना महिलाओं का अपमान है। कार्यक्रम के दौरान विधायक ज्योति मांझी ने गीत प्रस्तुत कर महिला आरक्षण का समर्थन किया और उपस्थित लोगों में उत्साह का संचार किया। इस अवसर पर राज्य की पूर्व उपमुख्यमंत्री रेणु देवी, पूर्व मंत्री श्रेयसी सिंह, राज्यसभा सदस्य धर्मशीला गुप्ता, विधायक बेबी कुमारी, गायत्री देवी, छोटी कुमारी, निशा सिंह और कविता पासवान सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

## पार्किंग विवाद में चली गोली, युवक की मौत


नई दिल्ली। पूर्वी दिल्ली के प्रीत विहार इलाके में पार्किंग को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया, जिसमें गोली लगने से एक युवक की मौत हो गई। घटना के बाद आरोपित अपने साथियों के साथ मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपितों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, 20 अप्रैल की रात 2 बजकर 20 मिनट पर गोली चलने और झगड़े की सूचना कंट्रोल रूम को मिली। सूचना मिलते ही दिल्ली पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। जांच में सामने आया कि झगड़ा प्रीत विहार स्थित ए-144 पते पर हुआ, जहां पार्किंग को लेकर पंकज नैय्यर (34) और उनके भाई परास (43) का गौरव शर्मा के साथ विवाद हो गया। विवाद के दौरान आरोप है कि गौरव शर्मा ने गोली चला दी, जो पंकज नैय्यर के सीने में जा लगी। गंभीर रूप से घायल पंकज को तुरंत मलिक रेडिक्स हेल्थ केयर अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद आरोपित और उसके साथी मौके से फरार हो गए।

## जबरन शादी का विरोध बना खूनी खेल: युवक ने फुआ की हत्या, 7 को किया लहूलुहान

सीवान। सीवान जिले के जीबी नगर थाना क्षेत्र के ओलीपुर गांव में जबरन शादी कराने की कोशिश ने रविवार की रात खौफनाक रूप ले लिया। शादी से नाराज एक युवक ने धारदार हथियार से हमला कर अपनी सगी फुआ की हत्या कर दी, जबकि परिवार के सात अन्य लोगों को गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना के बाद युवक ने खुद को भी जख्मी कर लिया। मृत महिला की पहचान फूलमती देवी के रूप में हुई है, जो जामोबाजार थाना क्षेत्र के विशुनपुरा गांव निवासी अजय सिंह की पत्नी थीं। वहीं इस हमले में सिकंदर कुमार, अभिषेक कुमार, नागेंद्र सिंह, अंजलि कुमारी, संध्या कुमारी, दीपक कुमार, योगेंद्र शर्मा और शोभा देवी गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# मसूरी में जाम से राहत की तैयारी, लंबीधार-किमाड़ी रोड बनेगी वैकल्पिक मार्ग

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मसूरी। पर्यटन सीजन के नजदीक आते ही मसूरी में यातायात व्यवस्था को लेकर प्रशासन की चिंता बढ़ गई है। विशेष रूप से दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे के शुरू होने के बाद राजधानी क्षेत्र से पर्यटकों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि की संभावना जताई जा रही है, जिससे शहर की सड़कों पर दबाव कई गुना बढ़ सकता है। पर्यटकों की बढ़ती आमद और एक्सप्रेसवे के प्रभाव के बीच 23 किमी सड़क चौड़ीकरण योजना को रफ्तार देने की तैयारी सरकार ने शुरु कर दी है। गौरतलब है कि मौजूदा समय में भी मसूरी में गांधी चौक से किंक्रेग मार्ग तक लंबे जाम की समस्या बनी रहती है, जिससे पर्यटकों और स्थानीय लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। ऐसे में एक्सप्रेसवे के पूर्ण संचालन के बाद यह समस्या और गंभीर होने की आशंका है। धामी सरकार ने यातायात दबाव को कम करने के लिए 23 किलोमीटर लंबी लंबीधार-किमाड़ी (एलकेडी) रोड को प्रमुख वैकल्पिक मार्ग के रूप में विकसित किया जा रहा है। यह मार्ग गढ़ी कैंट के सप्लाई क्षेत्र से शुरू होकर मसूरी झील के पास मुख्य सड़क से जुड़ेगा, जिससे देहरादून से आने वाले वाहनों को शहर के मुख्य मार्ग में प्रवेश किए बिना वैकल्पिक रास्ता मिल सकेगा।

लोक निर्माण विभाग के प्रांतीय खंड ने सड़क चौड़ीकरण की प्रक्रिया को तेज कर दिया है। विभाग के अनुसार टेंडर प्रक्रिया का अहम चरण पूरा कर लिया गया है और शेष औपचारिकताएं शीघ्र पूरी कर ली जाएंगी। अधिशासी अभियंता राजेश कुमार ने बताया कि अप्रैल माह के अंत तक ठेकेदार के साथ अनुबंध की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। इसके बाद मई से चौड़ीकरण का कार्य धरातल पर शुरू कर दिया जाएगा और अगले 6 से 7 महीनों में सड़क को पूरी तरह तैयार करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि मसूरी में हर वर्ष बढ़ती पर्यटकों की संख्या जहां स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती देती है, वहीं यातायात और बुनियादी ढांचे पर दबाव भी बढ़ाती है। ऐसे में वैकल्पिक मार्गों का विकास समय की आवश्यकता है। प्रशासन के लिए आने वाले समय में पर्यटन और यातायात के बीच संतुलन बनाना एक बड़ी चुनौती होगी। लंबीधार-किमाड़ी रोड का चौड़ीकरण इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे मसूरी के मुख्य मार्गों पर जाम की समस्या से लोगों की राहत मिलेगी।

# सीलमपुर में बुजुर्ग की चाकू मारकर हत्या बदले की कार्रवाई में आरोपित घायल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। उत्तर-पूर्वी दिल्ली के सीलमपुर इलाके में सोमवार सुबह पुरानी रंजिश के चलते हिंसक झड़प में एक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई, जबकि बदले की कार्रवाई में आरोपित और उसके परिजन भी घायल हो गए। घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल है और पुलिस मामले की जांच में जुटी है। पुलिस के अनुसार, 20 अप्रैल को सुबह करीब 8:30 बजे सूचना मिली कि चाकू के वार से घायल एक व्यक्ति को जग प्रवेश चंद्र अस्पताल लाया गया है। सूचना मिलते ही दिल्ली पुलिस की टीम अस्पताल पहुंची, जहां चिकित्सकों ने इस्माइल को मृत घोषित कर दिया। जांच में सामने आया कि सुबह इस्माइल अपने घर के पास मोहम्मद इरशाद के साथ बैठा हुआ था। इसी दौरान आरोपित दानिश वहां से गुजर रहा था। बताया जा रहा है कि इस्माइल के देखने पर, दोनों के बीच पहले से चली आ रही रंजिश के चलते गाली-गलौज शुरू हो गई, जो जल्द ही झगड़े में बदल गई। इसी दौरान शाहिद अली नामक व्यक्ति मौके पर पहुंचा और झगड़ा शांत कराने की कोशिश की, लेकिन आरोपित ने उसके साथ मारपीट की, जिससे उसकी आंख में चोट आई। इसके बाद दानिश चाकू लेकर आया और इस्माइल के सीने, पेट और सिर पर कई वार कर दिए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही मृतक के बेटे जफर उर्फ जीशान और फैजान मौके पर पहुंचे और बदले की नीयत से आरोपित दानिश व उसके परिजनों पर हमला कर दिया।

# हरिद्वार में ग्राम स्तर पर 'मिनी सचिवालय' व्यवस्था शुरू

कैनविज टाइम्स संवाददाता



हरिद्वार। जनपद हरिद्वार में आम जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए एक महत्वपूर्ण और अभिनव पहल की शुरुआत की गई है। जिलाधिकारी मयूर दीक्षित के निर्देशन में अब ग्राम पंचायत स्तर पर ही लोगों की समस्याएं सुनी और सुलझाई जाएंगी। इसके लिए जनपद की विभिन्न ग्राम पंचायतों में मिनी सचिवालय स्थापित किए गए हैं, जिन्हें वर्चुअल माध्यम से जिला मुख्यालय से भी जोड़ा गया है। इस नई व्यवस्था का शुभारंभ मुख्य विकास अधिकारी डॉ ललित नारायण मिश्र द्वारा वर्चुअल माध्यम से किया गया। इस मौके पर उन्होंने बताया कि उत्तराखंड के रजत जयंती वर्ष के अवसर पर जीर्ण-शीर्ण पंचायत भवनों का पुनर्निर्माण कर उन्हें आधुनिक सुविधाओं से युक्त मिनी सचिवालय के रूप में विकसित किया गया है। हरिद्वार देश का पहला जनपद बन गया है, जहां ग्राम स्तर पर जनसुनवाई को वर्चुअल प्लेटफॉर्म से जिला स्तर की जनसुनवाई से जोड़ा गया है। अब प्रत्येक सोमवार को आयोजित होने वाली जनसुनवाई में ग्रामीण अपने-अपने गांव के मिनी सचिवालय से ही जुड़कर सीधे जिलाधिकारी के समक्ष अपनी समस्या रख सकेंगे। इस पहल से ग्रामीणों को जिला मुख्यालय तक आने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी, जिससे समय और संसाधनों की बचत होगी और समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण सुनिश्चित किया जा सकेगा। जनपद में कुल 25 मिनी सचिवालय स्थापित किए गए हैं। ब्लॉकवार बहादराबाद 08, भगवानपुर 03, रुड़की 05, नारसन 05, लक्सर 03 व खानपुर 01 में एक बनाया गया है। इन सभी केंद्रों पर ग्राम प्रधान प्रत्येक सोमवार को ग्रामीणों की समस्याएं सुनेंगे और उन्हें संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाकर समाधान सुनिश्चित करेंगे। जिला कार्यालय सभागार में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 42 शिकायतें दर्ज की गईं। इनमें से 21 समस्याओं का मौके पर ही समाधान कर दिया गया, जबकि शेष मामलों को संबंधित विभागों को त्वरित निस्तारण के लिए भेजा गया। जनसुनवाई में राजस्व, भूमि विवाद, विद्युत, एलपीजी गैस, अतिक्रमण सहित कई महत्वपूर्ण मुद्दे सामने आए। जनसुनवाई में कई गंभीर और जनहित से जुड़े मुद्दे उठाए गए, जिनमें विष्णु विहार कॉलोनी में बिजली कनेक्शन न होने से लोगों की परेशानी। सोहलपुर निवासी द्वारा लापता पिता की तलाश के लिए गुहार। दाबकी कला में वर्ष 2003 से लंबित चकबंदी प्रक्रिया। कनखल क्षेत्र में भूमि पैमाइश का मामला। किसानों की फसल को नुकसान और सरकारी भूमि पर अतिक्रमण गंगा क्षेत्र में अवैध कब्जा हटाने की मांग प्रमुख रहे। इन सभी मामलों पर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। मुख्य विकास अधिकारी ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जनसुनवाई में प्राप्त सभी शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध तरीके से किया जाए।

# बिहार के मुजफ्फरपुर में बारात में ट्रॉली हटाने को लेकर उपजे विवाद में युवक की पीट-पीट कर हत्या

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मुजफ्फरपुर। बिहार के मुजफ्फरपुर जिले से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां खुशियों वाले घर में मातम पसर गया। जिले के मीनापुर थाना क्षेत्र के मानिकपुर गांव में एक शादी समारोह के दौरान मामूली विवाद ने इतना तूल पकड़ा कि एक 27 वर्षीय युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। घटना के बाद पूरे इलाके में तनाव और आक्रोश का माहौल है।

पुलिस के मुताबिक मानिकपुर गांव के निवासी जागेश्वर सहनी की बेटी की शादी बीती रात थी। बारात पियर थाना क्षेत्र के मनोज सहनी के घर से आई थी। गांव में उत्सव का माहौल था और सड़क पर म्यूजिक ट्रॉली बजाकर बाराती और लड़की पक्ष के लोग डांस कर रहे थे। इसी दौरान गांव का ही राहुल कुमार (27 वर्ष), पिता विनोद सहनी, अपना ट्रैक्टर लेकर घर लौट रहा था। सड़क पर म्यूजिक ट्रॉली की वजह से रास्ता बाधित था, जिसे लेकर राहुल ने वहां मौजूद लोगों से ट्रॉली साइड करने को कहा। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, इस बात को लेकर राहुल और बारात में शामिल कुछ लोगों के बीच तीखी नोकझोंक और कहासुनी हुई। हालांकि, उस वक्त ट्रॉली हटा ली गई और राहुल ने अपना ट्रैक्टर आगे ले जाकर सुरक्षित स्थान पर खड़ा कर दिया। मामला गांव का था, इसलिए राहुल विवाद को भूलकर बारात के स्वागत (दरवाजा लगने) की रस्म देखने के लिए रुक गया लेकिन आरोपित पक्ष के मन में खुन्नस बाकी थी। बताया जा रहा है कि जब राहुल दरवाजा लगने की रस्म के बाद वापस अपने घर लौट रहा था, तभी बारात में आए कुछ असामाजिक तत्वों ने उसे बीच रास्ते से उठा लिया।परिजनों ने बताया कि जब राहुल काफी देर तक घर नहीं पहुंचा, तो उसकी तलाश शुरू की गई, लेकिन रात भर उसका कहीं पता नहीं चला। सुबह होते ही ग्रामीणों ने गांव के बाहर एक सुनसान जगह पर राहुल का खून से लथपथ शव देखा। युवक के सिर से लेकर पैर तक गहरे जख्म के निशान थे, जो उसकी बेरहमी से की गई पिटाई की तस्दीक कर रहे थे। घटना की सूचना मिलते ही घटनास्थल पर सैकड़ों ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। परिजन का रो-रोकर बुरा हाल है। सूचना पाकर मीनापुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए डीएसपी पूर्वी, अलय वत्स ने बताया कि ''मीनापुर थाना क्षेत्र में एक युवक की हत्या की सूचना मिली थी। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए हैं। शुरुआती जांच में विवाद की वजह बारात की ट्रॉली हटाना सामने आई है।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063